YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-49 | बुधवार, 19 मार्च 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के बल पर ही रक्षा उत्पादों से देश को 13 हजार करोड़ रुपये की शुद्ध आय हुयी है। बिहार को भी विनिर्माण के लिए मदद की जा रही है। भारत की परिसंपत्तियां और देयताएं कई उभरती हुई बाजार अर्थव्यवस्थाओं और कुछ विकसित देशों की तुलना में बहुत बेहतर हैं। निर्मला सीतारमण

अहमदाबाद में 80 करोड़ रुपये का सोना, 1.37 करोड़ रुपये जब्त 11

मुख्यमंत्री नीतीश ने 7,166 करोड़ की जलापूर्ति योजनाओं का किया उद्घाटन 12

## वोटर आईडी से लिंक होगा आधार

एजेंसी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने वोटर आईडी को आधार से जोड़ने को लेकर बड़ा फैसला लिया है। मंगलवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में हुई हाई लेवल मीटिंग में इस पर चर्चा हुई। आयोग ने साफ किया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह संविधान और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत ही होगी।

चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि वोटर आईडी को आधार से जोड़ने की प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 326 और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 23 (4), 23 (5) और 23 (6) के तहत होगी। आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि आधार कार्ड सिर्फ पहचान का प्रमाण है,




नागरिकता का नहीं। इसलिए आधार से लिंक करने की प्रक्रिया यह सुनिश्चित करेगी कि सिर्फ भारतीय नागरिक ही मतदाता सूची में दर्ज हों।

आयोग ने कहा, ''संविधान के अनुसार, मतदान का अधिकार केवल भारतीय नागरिकों को ही मिल सकता है। आधार सिर्फ व्यक्ति की पहचान साबित करता है, उसकी नागरिकता नहीं। इसलिए इस प्रक्रिया को कानूनी ● शेष पेज 11 पर

### बूथवार मत प्रतिशत आंकड़ा अपलोड करने की मांग पर विचार के लिए तैयार : ईसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग की उस दलील पर गौर किया जिसमें आयोग ने कहा कि वह अपनी वेबसाइट पर बूथवार मत प्रतिशत आंकड़ा अपलोड करने की मांग पर विचार-विमर्श के लिए तैयार है। न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं से 10 दिन में निर्वाचन आयोग के समक्ष प्रतिवेदन देने को कहा। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा और 2019 में गैर सरकारी संगठन 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' द्वारा दायर दो ● शेष पेज 11 पर

## 32 आईपीएस अफसरों के तबादले

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने मंगलवार को यूपी पुलिस में एक और बड़ा फ़ेरबदल करते हुए एक एडीजी समेत 32 आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। इनमें एसपी से डीआईजी पद पर प्रोन्नत हुए 12 आईपीएस अफसरों को नई तैनाती दी गई। इसी तरह पीएसी की सात वाहिनियों के सेनानायक भी बदले गए हैं। सरकार ने सोमवार रात को 17 डिप्टी एसपी के भी तबादले किए थे।

इस फ़ेरबदल के मुताबिक सीबीसीआईडी के एडीजी एल.वी. एंटनी देव कुमार को नियम व ग्रंथ का एडीजी बनाया गया है। इसके अलावा प्रतीक्षा में चल रहे डीआईजी अतुल शर्मा को कानपुर में पीएसी अनुभाग के डीआईजी पद पर

- प्रोन्नति पाए 12 डीआईजी को मिली नई तैनाती, पीएसी की सात वाहिनियों के सेनानायक भी बदले




भेजा गया है। आईपीएस हेमंत कुटियाल को एसएसएफ का डीआईजी, शालिनी को पीएसी मुरादाबाद का डीआईजी, स्वप्निल ममंगाई को डीआईजी पीएसी मेरठ, प्रदीप कुमार डीआईजी पुलिस भर्ती बोर्ड लखनऊ, अरुण कुमार श्रीवास्तव डीआईजी पीएसी अयोध्या, सूर्यकांत त्रिपाठी को डीआईजी फायर, विकास कुमार वैद्य को डीआईजी स्थापना, राजेश कुमार सक्सेना को डीआईजी पीटीसी सुलतानपुर, सुनीता सिंह को डीआईजी पीएसी, कमला प्रसाद यादव को डीआईजी भ्रष्टाचार निवारण संस्थान, तेज स्वरूप सिंह को डीआईजी कार्मिक, हृदयेश कुमार को डीआईजी ईओडब्ल्यू बनाया गया है। इसके अलावा एसपी कानून-व्यवस्था शैलेन्द्र कुमार राय को लोक शिकायत मुख्यालय का एसपी, बरेली के सहायक पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार को शाहजहांपुर का एएसपी नगर, सहायक पुलिस अधीक्षक जौनपुर आयुष श्रीवास्तव को उनके पद पर ही एएसपी बना दिया गया है। इसी तरह झांसी के सहायक पुलिस आयुक्त आलोक कुमार को सम्भल का सहायक ● शेष पेज 11 पर

### निलंबित अफसरों को मिली तैनाती

लखनऊ। नियुक्ति विभाग ने दो आईएएस और चार पीसीएस अधिकारियों को तैनाती दी है। इनमें से लखीमपुर खीरी जमीन पैमाइश मामले में निलंबित एक आईएएस व तीन पीसीएस अधिकारियों को बहाली के बाद तैनाती दी गई है। निलंबन के बाद बहाल आईएएस धनश्याम सिंह को विशेष सचिव वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, पीसीएस अधिकारियों में अरुण कुमार सिंह को एडीएम (वि/रा) बाराबंकी, विधेश एडीएम (न्यायिक) महाराजगंज और रेनू को एसडीएम अंबेडकरनगर बनाया गया है। इसके अलावा प्रतीक्षारत आईएएस निशा को संयुक्त मजिस्ट्रेट मथुरा व पीसीएस जयजीत कौर हौरा का एडीएम (न्यायिक) महाराजगंज के पद पर किया गया तबादला निरस्त करते हुए अपर आयुक्त प्रयागराज मंडल बनाया गया है।

## संक्षेप

### कैंसर इंस्टीट्यूट एंड हॉस्पिटल का बैंक खाता सीज

**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ ने कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड हॉस्पिटल के बैंक खाते को सीज कर दिया है। यह कार्रवाई हॉस्पिटल पर बकाया गृहकर की बड़ी रकम को लेकर की गई है। उस पर 31 मार्च 2025 तक 9 करोड़ 2 लाख 2 हजार 339 रुपये की बकाया राशि थी, जिसे चुकाने के लिए कई बार नोटिस भेजा गया था, लेकिन भुगतान नहीं किया गया। नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह ने बताया कि अस्पताल प्रशासन को पूर्व में नगर निगम की ओर से नियमानुसार बिल और डिमांड नोटिस जारी किए गए थे। निगम के अधिकारियों ने अस्पताल प्रशासन से व्यक्तिगत तौर पर भी संपर्क किया और बकाया चुकाने की अपील की। बावजूद इसके अस्पताल ने अब तक इस राशि का भुगतान नहीं किया, जिसके बाद नगर निगम को सख्त कदम उठाना पड़ा। नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 509 से 516 तक के अंतर्गत संपत्ति को कुर्क करने का प्रावधान है। इसी अधिकार का प्रयोग करते हुए निगम ने अस्पताल का बैंक खाता सीज कर दिया है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि जब तक पूरा बकाया नहीं चुकाया जाता, तब तक खाते बहाल नहीं किए जाएंगे।

### बकाया हाउस टैक्स पर 12 फीसदी ब्याज लगेगा

**लखनऊ।** नगर निगम का बकाया हाउस टैक्स 31 मार्च तक जमा न करने वालों पर अगले महीने से 12 फीसदी ब्याज लगाया जाएगा। बकाया टैक्स जमा करने के लिए 31 मार्च तक नगर निगम की ओर से प्रतिदिन शिविर लगाया जाएगा। यह बात अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने गोमती नगर विस्तार में हाउस टैक्स नहीं जमा होने के चलते नगर निगम के जोन-4 के अधिकारियों और आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों संग बैठक में कही। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने हाउस टैक्स जमा नहीं किए हैं उनकी सुविधा के लिए ही हाउस टैक्स जमा करने के लिए प्रतिदिन शिविर लगाया जाएगा। उसके बाद हाउस टैक्स पर 12% ब्याज लगेगा, जबकि वर्तमान में ब्याज में छूट दी जा रही है।

### 23 किमी लंबे शहीद पथ की मरम्मत पर खर्च होंगे 41 करोड़

**लखनऊ।** अयोध्या रोड को कानपुर रोड से जोड़ने वाले शहीद पथ की 41 करोड़ रुपये में मरम्मत होगी। करीब 23 किलोमीटर लंबे मार्ग पर सर्विस रोड और एप्रोच रोड को दुरुस्त किया जाएगा। वाहन चालकों की सुविधा के लिए साइनेज बोर्ड और रेलिंग भी लगाई जाएगी। पीडब्ल्यूडी ने प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। बजट स्वीकृत होते ही निर्माण कार्य कराया जाएगा। अयोध्या रोड से कानपुर रोड को जोड़ने वाले 23 किमी लंबे शहीद पथ की सर्विस रोड पर जगह-जगह गड्ढे हैं। कई जगह पर एक्सपेंशन ज्वाइंट भी खराब हो गये हैं। इससे वाहन चालकों को काफी दिक्कत होती है। ऐसे में सड़क की मरम्मत नए सिरे से कराई जाएगी। साथ ही निलमथा से मेदांता अस्पताल तक करीब 700 मीटर लंबी सड़क निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा रमाबाई सर्विस रोड को ऊंचा किया जाएगा, जिससे बारिश के दौरान जलभराव न हो और सारा पानी नाली में चला जाए।

## महाकुंभ आयोजन भगीरथ प्रयास, दुनिया ने देखी विविधता में एकता : पीएम मोदी

एजेंसी


नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज में गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती के त्रिवेणी संगम में हुए महाकुंभ को भारत के विराट स्वरूप का दर्शन बताया है और कहा है कि यह पूरे विश्व में बिखराव की स्थितियों के दौर में एकता की ताकत का विराट प्रदर्शन था जिसे हमें निरंतर मजबूत करना है।

श्री मोदी ने लोकसभा में महाकुंभ पर मंगलवार को वक्तव्य दिया और इसके सफल आयोजन के लिए उसमें शामिल सभी लोगों का आभार ज्ञापन किया। उन्होंने कहा, आज मैं इस सदन के माध्यम से कोटि-कोटि देशवासियों को नमन करता हूं, जिनकी वजह से महाकुंभ का सफल आयोजन हुआ। महाकुंभ की सफलता में अनेक लोगों का योगदान है। मैं सरकार के, समाज के, सभी कर्मयोगियों का अभिनंदन करता हूं। मैं देशभर के श्रद्धालुओं को, उत्तर प्रदेश की जनता विशेष तौर पर प्रयागराज की जनता का धन्यवाद करता हूं।

**महाआयोजन**

- विश्व भर में बिखराव की स्थिति के दौर में एकता की ताकत का विराट प्रदर्शन रहा महाकुंभ

उन्होंने कहा कि सब जानते हैं गंगा जी को धरती पर लाने के लिए एक भगीरथ प्रयास लगा था। वैसा ही महाप्रयास इस महाकुंभ के भव्य आयोजन में भी हमने देखा है। मैंने लालकिले से सबका प्रयास के महत्व पर जोर दिया था। पूरे विश्व ने महाकुंभ के रूप में भारत के विराट स्वरूप के दर्शन किए। सबका प्रयास का यही साक्षात स्वरूप है। यह जनता-जनार्दन का, जनता-जनार्दन के संकल्पों के लिए, जनता-जनार्दन की श्रद्धा से प्रेरित महाकुंभ था। श्री मोदी ने कहा कि महाकुंभ में हमने हमारी राष्ट्रीय चेतना के जागरण के विराट दर्शन किए हैं। यह जो राष्ट्रीय चेतना है, यह जो राष्ट्र को नए संकल्पों की तरफ ले जाती है, यह नए संकल्पों की सिद्धि के लिए प्रेरित करती है। महाकुंभ ने उन शंकाओं-आशंकाओं को



भी उचित जवाब दिया है, जो हमारे सामर्थ्य को लेकर कुछ लोगों के मन में रहती है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष अयोध्या के राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हम सभी ने यह महसूस किया था कि कैसे देश अगले 1000 वर्षों के लिए तैयार हो रहा है। इसके ठीक एक साल बाद महाकुंभ के इस आयोजन ने हम सभी के इस विचार को और दृढ़ किया है। देश की यह सामूहिक चेतना देश का सामर्थ्य बताती है। उन्होंने कहा, किसी भी राष्ट्र के जीवन में, मानव जीवन के इतिहास में भी अनेक ऐसे मोड़ आते हैं, जो सदियों के लिए, आने वाली पीढ़ियों के लिए उदाहरण बन जाते हैं। हमारे देश के इतिहास में भी ऐसे पल आए हैं, जिन्होंने देश को नई दिशा दी, देश को झंकझोर कर जागृत कर दिया। जैसे भक्ति आंदोलन के कालखंड में हमने देखा कैसे देश के कोने-कोने में आध्यात्मिक चेतना उभरी। स्वामी विवेकानंद जी ने शिकागो में एक सदी पहले जो भाषण दिया, वह भारत की आध्यात्मिक चेतना का जयघोष था, उसने भारतीयों के आत्मसम्मान को जगा दिया था। हमारी आजादी के आंदोलन में भी अनेक ऐसे पड़ाव आए हैं। 1857 का स्वतंत्रता संग्राम हो, वीर भगत सिंह की शहादत का समय हो, नेताजी सुभाष बाबू का दिल्ली चलो का जयघोष हो, गांधी जी का दांडी मार्च हो, ऐसे ही पड़ावों से प्रेरणा पाकर भारत ने आजादी हासिल की। मैं प्रयागराज महाकुंभ को भी ऐसे ही एक अहम पड़ाव के रूप में देखता हूं, जिसमें जागृत होते हुए देश का प्रतिबिंब नजर आता है। प्रधानमंत्री ने ● शेष पेज 11 पर

## दिहुली हत्याकांड के तीन दोषियों को फांसी की सज़ा

एजेंसी

मैनपुरी। उत्तर प्रदेश में मैनपुरी की एक अदालत ने 24 दलितों की हत्या के 44 साल पुराने मामले में दोषी तीन लोगों को फांसी की सजा सुनायी है।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (विशेष) इंद्रा सिंह की अदालत ने मंगलवार को बहुचर्चित दिहुली हत्याकांड के दोषी रामसेवक, कप्तान सिंह और रामपाल सिंह को फांसी की सजा के साथ-साथ 50-50 हजार जुर्माना भरने का आदेश दिया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार दिहुली गांव में 18 नवंबर 1981 को कुख्यात राधे -संतोषा गिरोह के 18 सदस्यों ने गांव में 24 दलितों की हत्या की थी। इस मामले में 1993 में पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की थी। इस कांड से केंद्र की इन्दिरा सरकार और उत्तर प्रदेश की वी पी सिंह सरकार हिल गयी थी और श्री वीपी सिंह को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। इस जघन्य वारदात के बाद 22 नवम्बर 1981 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी दिहुली आई थीं और उन्होंने पीड़तों से बात की थी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देश पर इस केस की सुनवाई मैंनपुरी में हुई। सुनवाई के दौरान 17 आरोपियों में से

**न्याय**

- 17 लोगों में 13 की हो चुकी है मौत, 50-50 हजार रुपए का जुर्माना
- 44 साल पहले 24 दलितों की गोली मारकर की गई थी हत्या



13 की सुनवाई के दौरान मृत्यु हो गयी जबकि एक आज भी भगोड़ा घोषित है।

दिहुली गाँव के पीड़ित कहते हैं कि 44 साल में तो उनके आँसू भी सूख गए हैं। देश को झकझोर देने वाले दिहुली हत्याकांड को अंजाम देने वाले राधे-संतोषा गिरोह ने 24 दलितों की हत्या सिर्फ इसलिए की थी क्योंकि इस गिरोह से पुलिस से हुई एक मुठभेड़ में इस गांव के लोगों को पुलिस ने गवाह बनाया था। न्यायाधीश ने अपने आदेश में लिखा है कि हत्यारों को गर्दन में फांसी लगाकर तब तक लटकाया जब तक कि ● शेष पेज 11 पर

## महाकुम्भ ने दुनिया को 'वसुधैव कुटुम्बकम्' का आत्मीय संदेश दिया : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित महाकुम्भ-2025, प्रयागराज की भव्य सफलता पर उनका आभार जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए कहा कि इस दिव्य और भव्य आयोजन ने न केवल 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत-सर्वसमावेशी भारत' की भावना को साकार किया, बल्कि 'वसुधैव कुटुंबकम्' का भी विश्वव्यापी संदेश दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के चालू

- महाकुम्भ-2025 की भव्य सफलता पर सीएम योगी ने जताया पीएम मोदी का आभार 'आस्था'
- आजीविका का माध्यम हो सकती है, महाकुम्भ-2025 बना इसका उदाहरण

बजट सत्र के दूसरे चरण की कार्यवाही के दौरान मंगलवार को लोकसभा में कहा कि पूरे विश्व ने महाकुम्भ के रूप में भारत के विराट स्वरूप के दर्शन किए। ये जनता जनार्दन का और जनता के संकल्पों के लिए और जनती की श्रद्धा से प्रेरित महाकुम्भ था। पीएम मोदी ने कहा कि महाकुम्भ में हमने राष्ट्रीय चेतना के जागरण के विराट दर्शन किए हैं। ये राष्ट्रीय चेतना नए संकल्पों के सिद्धि के लिए प्रेरित करती है। मुख्यमंत्री योगी आदितयनाथ ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन में संपन्न हुए एकता के महायज्ञ 'महाकुम्भ-2025, प्रयागराज' के स्वच्छ, सुरक्षित, सुव्यवस्थित और ऐतिहासिक आयोजन ने 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत-सर्वसमावेशी भारत' के साथ ही 'वसुधैव कुटुम्बकम्' का आत्मीय संदेश ● शेष पेज 11 पर

## लोकतांत्रिक देश को पुलिस राज्य की तरह काम नहीं करना चाहिए : उच्चतम न्यायालय

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने जांच पूरी होने के बावजूद निचली अदालतों द्वारा ''कम गंभीर मामलों'' में जमानत याचिकाएं खारिज किये जाने पर निराशा जतायी है।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइंया की पीठ ने मंगलवार को कहा कि एक लोकतांत्रिक देश को पुलिस राज्य की तरह काम नहीं करना चाहिए, जहां कानून प्रवर्तन एजेंसियां बिना किसी वास्तविक कारण के लोगों को हिरासत में लेने के लिए मनमानी



शक्तियों का इस्तेमाल करती हैं। पीठ ने कहा कि दो दशक पहले छोटे मामलों में जमानत याचिकाएं उच्च न्यायालयों तक शायद ही कभी पहुंचती थीं, शीर्ष अदालत तक तो बात ही छोड़िए। न्यायमूर्ति ओका ने एक जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा, ''यह चौंकाने वाली बात है कि उच्चतम न्यायालय उन मामलों में जमानत याचिकाओं पर फैसला सुना रहा है जिनका निपटारा निचली अदालत के स्तर पर होना चाहिए। न्यायपालिका पर अनावश्यक रूप से बोझ डाला जा रहा है। यह पहली बार नहीं है जब शीर्ष अदालत ने इस मुद्दे पर टिप्पणी की है। इसने बार-बार निचली अदालतों और उच्च न्यायालयों से जमानत देने में अधिक उदार रुख अपनाने का आग्रह किया है, खासकर छोटे उल्लंघनों से जुड़े मामलों में। सुनवाई के दौरान पीठ ने एक आरोपी ● शेष पेज 11 पर

**विभिन्न समुदायों एवं धर्मों के रीति-रिवाजों के अनुसार वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न करा रही योगी सरकार**

## बीते आठ वर्षों में करीब 5 लाख गरीब कन्याओं का हुआ सामूहिक विवाह

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 2017 में शुरू की गई मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब और वंचित परिवारों के लिए संजीवनी बन चुकी है। यह योजना उन परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है, जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी बेटियों की शादी धूमधाम से नहीं कर पाते। बीते आठ वर्षों में अब तक इस योजना के तहत 4,76,207 गरीब कन्याओं के विवाह संपन्न हो चुके हैं, जिससे हजारों परिवारों को राहत मिली है।

प्रदेश के समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योगी सरकार की इस योजना ने प्रदेश की गरीब बेटियों के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक वैवाहिक जीवन की शुरुआत को संभव बनाया है। 2 लाख रुपये की वार्षिक आय सीमा के अंतर्गत

- गरीब बेटियों के सम्मान और सुरक्षा की नई मिसाल बनी सीएम योगी की सामूहिक विवाह योजना
- बीते आठ वर्षों में योजना के तहत करीब 5 लाख गरीब कन्याओं का हो चुका है विवाह
- 'सबका साथ, सबका विकास' के विजन का आदर्श उदाहरण बनी सीएम योगी की यह योजना
- सामूहिक विवाह कार्यक्रम में प्रत्येक जोड़े पर खर्च किए जा रहे हैं 51,000 रुपये

आने वाले सभी वर्गों के परिवार इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह प्रयास न केवल सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देता है, बल्कि बेटियों को सशक्त और




आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना उत्तर प्रदेश में सामाजिक न्याय, समावेशिता और आर्थिक सहयोग की मिसाल बन चुकी है। प्रदेश सरकार इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक नवविवाहित जोड़े पर 51,000 रुपये खर्च करती है। इसमें 35,000 रुपये वधू के खाते में जमा किए जाते हैं, जिससे नवविवाहित दंपति अपने जीवन की नई शुरुआत कर सके। इसके अलावा, 10,000 रुपये की धनराशि कपड़े, गहने और अन्य आवश्यक वस्तुओं के लिए दी जाती है, जबकि योजना के तहत 6,000 रुपये विवाह समारोह के आयोजन और अन्य व्यवस्थाओं पर खर्च किए जाते हैं। योजना का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि गरीब परिवारों को सामाजिक सुरक्षा का एहसास कराना भी है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ने उन परिवारों को बड़ी राहत दी है, जो शादी के खर्च को लेकर परेशान रहते थे। योगी सरकार की यह योजना केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक समरसता को भी मजबूत कर रही है। इस योजना के तहत हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सहित सभी धर्मों और जातियों के जोड़ों के विवाह उनके धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराए जाते हैं। इससे प्रदेश में आपसी भाईचारे और सद्भाव को भी बढ़ावा मिल रहा है। सामूहिक विवाह समारोहों में सभी धर्मों और समुदायों के लिए विशेष प्रबंध किए जाते हैं, जिससे ● शेष पेज 11 पर

## जम्मू-कश्मीर में हमलावरों और पीड़ितों को एक ही श्रेणी में रखा गया : जयशंकर

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से किसी क्षेत्र पर ''सबसे लंबे समय तक'' अवैध कब्जा कश्मीर पर देखने को मिला है।

उन्होंने स्पष्ट रूप से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के संदर्भ में यह बात कही। जयशंकर ने संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से संबंधित मुद्दों पर वैश्विक नियमों को चुनिंदा तरीके से लागू किये जाने का भी उल्लेख किया। विदेश मंत्री ने 'रायसीना डायलॉग' के एक सत्र में एक 'मजबूत और निष्पक्ष' संयुक्त राष्ट्र की भी हिमायत की। साथ ही, उन्होंने कुछ मुद्दों से निपटने में हुए ऐतिहासिक अन्याय को लेकर चिंता जताई। विदेश मंत्री ने कश्मीर पर पाकिस्तान के अवैध कब्जे का हवाला देते हुए कहा कि ''हमलावर'' और ''पीड़ित'' को एक ही श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने कहा, ● शेष पेज 11 पर

# वैश्विक चर्चा में दुनिया जानेगी महाकुम्भ की सफलता की रणनीति

❒ योगी सरकार की दूरदर्शिता से महाकुम्भ की सफलता पर राजधानी में होगा शिखर सम्मेलन ❒ राजधानी लखनऊ में साइंटिस्ट्स और विशेषज्ञों का 19 मार्च को बड़ी संख्या में जमावड़ा ❒ योगी सरकार का कुशल प्रबंधन समझने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य और जल सम्मेलन ❒ नमामि गंगे एवं ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग के सहयोग से सरकारी और तमाम गैर सरकारी संगठन होंगे कॉन्क्लेव में शामिल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। महाकुम्भ की सफलता और योगी सरकार के कुशल प्रबंधन की दूरदर्शिता को जानने-समझने के लिए 19 मार्च को राजधानी लखनऊ में सार्वजनिक स्वास्थ्य और जल शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में देश के जाने माने वैज्ञानिक, जल विशेषज्ञ, पर्यावरणविद और विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

पहली बार महाकुम्भ में स्वच्छता, जल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जो उपाय किए गए वे वैश्विक स्तर पर चर्चा का विषय बने हैं। योगी सरकार के नेतृत्व में नमामि गंगे एवं ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग के सहयोग से महाकुम्भ में जल प्रबंधन, गंगा की स्वच्छता, आधुनिक तकनीक का उपयोग और आपदा प्रबंधन को सफलतापूर्वक लागू किया गया।

सम्मेलन में सार्वजनिक स्वास्थ्य, जल संसाधन प्रबंधन और पर्यावरणीय संतुलन पर चर्चा होगी। इसमें विशेषज्ञ बताएंगे कि कैसे आधुनिक तकनीकों और समन्वित प्रयासों से गंगा को स्वच्छ बनाए रखते हुए करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। महाकुम्भ के दौरान योगी सरकार ने नमामि गंगे मिशन के तहत गंगा को निर्मल और अविरल बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाए। घाटों की सफाई, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, जैविक शौचालयों और कचरा प्रबंधन प्रणाली को लागू किया गया।

जिससे यह महाकुम्भ अब तक का सबसे स्वच्छ और दिव्य महाकुम्भ बन सका। इस शिखर सम्मेलन में कई गैर-सरकारी संगठन, सामाजिक कार्यकर्ता, शोधकर्ता और नीति निर्धारक भी शामिल होंगे। वे योगी सरकार के प्रयासों को समझने के साथ ही भविष्य में ऐसे भव्य आयोजनों के लिए अपने सुझाव भी देंगे। महाकुम्भ के सफल आयोजन को लेकर दुनियाभर में चर्चा हो रही है। इस तरह के



शिखर सम्मेलनों के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार की नीतियों और नवाचारों को वैश्विक स्तर पर पहचान मिल रही है। इस आयोजन से भविष्य में बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक नया मानक स्थापित हो गया है।

## महाराष्ट्र में कब्र या मजार को क्षति पहुंचाना ठीक नहीं: मायावती

लखनऊ। नागपुर में हुयी हिंसक झड़प पर चिंता व्यक्त करते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने कहा कि महाराष्ट्र में किसी भी कब्र अथवा मजार को क्षति पहुंचाना ठीक नहीं है और महाराष्ट्र सरकार को हिंसा के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की जरुरत है। सुश्री मायावती ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट किया ह्ल महाराष्ट्र में किसी की भी कब्र व मज़ार आदि को क्षति पहुँचाना व तोड़ना ठीक नहीं, क्योंकि इससे वहां आपसी भाईचारा, शान्ति व सौहार्द आदि बिगड़ रहा है। सरकार ऐसे मामलों में खासकर नागपुर के अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करे वरना हालात काफी बिगड़ सकते हैं, जो ठीक नहीं।ङ्क

गौरतलब है कि औरंगजेब कब्र विवाद को लेकर सोमवार देर रात नागपुर के महल इलाके में हिंसा भड़क उठी थी। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने औरंगजेब का पुतला फूंका था जिसके बाद अफवाह फैली कि प्रदर्शनकारियों ने पुतले के साथ एक धार्मिक पुस्तक जलाई है। इससे दो पक्षों में पथराव हुआ। पुलिस ने इस मामले में कई लोगों को हिरासत में लिया है।

## अयोध्या में बहुमंजिला इमारत में आग से अफरातफरी

अयोध्या। अयोध्या में रामपथ पर स्थित बहुमंजिला इमारत त्रिवेणी सदन में मंगलवार को भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गयी। इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस ने बताया कि कोतवाली नगर क्षेत्र के अन्तर्गत रामपथ पर बने बहुमंजिला त्रिवेणी सदन में भीषण आग लग जाने से अफरा-तफरी मच गयी, जिसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गयी।

आग की विकरालता को देखते हुये दमकल कर्मियों को दरवाजे तोडने पड़े तब कहीं जाकर आग पर काबू पाया जा सका। इस हादसे में हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई है। अयोध्या विकास प्राधिकरण ने हादसे की जांच करने के आदेश दिये हैं। इस बिल्डिंग को अयोध्या विकास प्राधिकरण ने बनवाया था। उन्होंने बताया कि सुखसागर संस्था इस बिल्डिंग का संचालन कर रही थी और सभी एनओसी के साथ बिल्डिंग बनायी गयी थी। अगर सुखसागर के संचालन में लापरवाही पायी गयी तो जांच के बाद कार्यवाही की जायेगी। अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि त्रिवेणी सदन अग्निकांड की जांच करायी जायेगी।

# यूपी में सत्ता के संरक्षण में अपराधियों के हौसले बुलंद : अखिलेश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में सत्ता के संरक्षण में दबंगों, अराजकतत्वों और अपराधियों के हौसले बढ़े हुए है।

लखनऊ में रोजा इफ्तार पार्टी में शिरकत करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था जीरो है। हत्या, लूट और अपराध चरम पर है। शाहजहांपुर में पुलिस को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। बरेली में डीएसपी का घर और गाड़ी जला दी गयी। उन्नाव में युवक की हत्या हो गयी। जेल के अधिकारी अपने ही अधिकारी पर आरोप लगा रहे है। उनकी शिकायत कर रहे है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, उल्टे शिकायत करने वाले पर ही कार्रवाई कर दी गयी।

उन्होने कहा कि भाजपा सरकार पुलिस से गलत काम करा रही है। अन्याय करा रही है। भाजपा ने उप-चुनाव में पुलिस के जरिए बूथों को लूटा है। विपक्षी दलों के नेताओं पर झूठे मुकदमे लगवा रही है, परेशान करा रही है। भाजपा अपने राजनीतिक लाभ के लिए पुलिस का दुरूपयोग कर रही है। जब भाजपा सरकार पुलिस से गलत काम करायेगी तो उसे पुलिस के गलत काम को छिपाना पड़ेगा। श्री यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त होने के साथ ही स्वास्थ्य एवं शिक्षा सेवाएं बर्बाद है। मरीजों को दवा, इलाज नहीं मिल रहा है। अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टर, नर्सो और अन्य पैरामेडिकल कर्मियों का पर्याप्त स्टाफ नहीं है। भाजपा सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए संभल और औरंगजेब जैसे मुद्दे उछालती है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां फ़ेल हो चुकी है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। नोटबंदी से भ्रष्टाचार कम नहीं हुआ। भ्रष्टाचार और बढ़ गया है। दोषपूर्ण जीएसटी से व्यापारी और व्यापार तबाह हो रहा है। महंगाई बढ़ती जा रही हैं। उपभोक्ताओं की जेब काटी जा रही है। जनता से जुड़े, मुद्दो से ध्यान हटाने के लिए भाजपा समाज में नफरत फैला रही है।

## प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त डाक्टरों के खिलाफ होगी कार्रवाई

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में नॉन प्रैक्टिसिंग एलाउंस (एनपीए) लेने के बावजूद प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त डाक्टरों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एनपीए लेने वाले डॉक्टरों द्वारा निजी प्रैक्टिस किये जाने की सूचना पर नाराजगी जाहिर करते हुये विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

उन्होने बताया कि सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों को प्राइवेट प्रैक्टिस की मनाही है। इसके लिए सरकार डॉक्टरों को हर महीने हजारों रुपए नॉन प्रैक्टिसिंग एलाउंस (एनपीए) दे रही है। इसके बावजूद कुछ डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार प्रदेश के 17 डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस में लिप्त पाए गए हैं जिनमें बलरामपुर जिले में दस, हाथरस में छह और कुशीनगर के एक चिकित्साधिकारी शामिल है। इन डॉक्टरों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।

# नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष का कोरांव नगर में हुआ भव्य स्वागत

❒ पूर्व चेयरमैन नरसिंह केसरी व विधायक के आवास पर उत्साही कार्यकर्ता माल्यार्पण कर किए स्वागत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कोरांव। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला के कोरांव प्रथम आगमन पर उत्साही कार्यकर्ताओं के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कोरांव आगमन पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल सर्वप्रथम नगर पंचायत कोरांव के पूर्व अध्यक्ष नरसिंह कुमार केसरी उर्फ गोपाल जी के आवास पर पहुंचे जहां विधायक राजमणि कोल व घनश्याम केसरी कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद रहे। उत्साही कार्यकर्ताओं ने उनका माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। इसी तरह कोरांव बाजार के गोल चौराहे पर भी नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी के नेतृत्व में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल का स्वागत किया गया। इसके बाद जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल विधायक राजमणि कोल के आवास पर धौखर पहुंचे जहां उत्साही कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से लादकर स्वागत किया। इस दौरान उपस्थित लोगों में प्रमुख रूप से तुलसीदास राणा, जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी प्रसाद तिवारी, जिला उपाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष बबुआन द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष रामराज सिंह, मंडल अध्यक्ष करुणेन्द्र श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह, अनिल मिश्र, जमुना प्रसाद मिश्र, राजेश मिश्र, सुरेंद्र बहादुर सिंह, समेत भारतीय जनता पार्टी के भारी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एसडीएम कोरांव ने किया जन सुनवाई, संबधित कों त्वरित निस्तारण करने का दिया आदेश



**जमुनापार (प्रयागराज), कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार कों एसडीएम कोरांव आकांक्षा सिंह व नायब तहसीलदार डैया राम मुरत तहसील सभागार मे सुबह 10 बजे सें 12 बजे दोपहर तक जन सुनवाई किए जन सुनवाई मे आये फरियादियों की एसडीएम ने फरियाद सुनकर संबधित विभाग कों आवश्यक कार्रवाही करने हेतु आदेशित किया जन सुनवाई सें अधिवक्तागण वादकारी फरियादि सबको काफी सहुलियत मिलता है जिससे अधिकारियो तक अपनी शिकायत सीधे करने का एक सरल माध्यम है दोपहर 12 बजे न्यायालय मे सुनवाई की जिससे लंबित मुकदमो का जल्द निस्तारण हो जिससे वादकारियों कों तहसील का चक्कर न काटना पड़े यही सरकार की मनसा भी है।

## स्वर्णा ने हिंदुस्तान ओलंपियाड में जिले में किया टॉप



**जमुनापार प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता** शंकरगढ़ की होनहार बेटी स्वर्णा केसरवानी ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए हिंदुस्तान ओलंपियाड परीक्षा 2024 में प्रयागराज जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे परिवार, विद्यालय और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्वर्णा कक्षा 1ए की छात्रा हैं और जेनिथ मॉडल स्कूल, रानीगंज, पगुवार, शंकरगढ़ में पढ़ाई कर रही हैं। अपनी मेहनत और लगन से उन्होंने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में जिले में टॉप कर अपने माता-पिता और शिक्षकों का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। उनके पिता मनोज केसरवानी(पत्रकार)ने बेटी की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्णा की यह सफलता पूरे परिवार और शंकरगढ़ क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।विद्यालय प्रशासन और शिक्षकों ने भी स्वर्णा की इस उपलब्धि की सराहना की और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उनके इस शानदार प्रदर्शन से न्य छात्र भी प्रेरित होंगे।परिवार और शुभचिंतकों ने स्वर्णा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# मारपीट में घायल युवक की उपचार के दौरान चौथे दिन हुई मौत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



**पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को मिलेगा शव, होली पर्व पर सासाराम बिहार से आया था कोरांव**

कोरांव। कोरांव थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव में स्थित पेट्रोल पंप के पास होली पर्व के दूसरे दिन शनिवार को दो पक्षों में हुई मारपीट में घायल युवक की उपचार के दौरान चौथे दिन मंगलवार को दोपहर बाद 2 बजे के आसपास मौत हो गई। जिससे पारिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक अजय शाह पुत्र शिवदास गुप्ता (35) निवासी सासाराम बिहार हाल मुकाम नगर पंचायत कोरांव गांधी चौराहा थाना कोरांव की माता और उसका भाई विजय कुमार गुप्ता कोरांव में ही अपना निजी घर बना कर रहते हैं। वह खुद सासाराम बिहार में ही रहा करता था। इस वर्ष वह होली पर्व के दो दिन पहले अपने माता और भाई के यहां कोरांव होली पर्व बिताने आया हुआ था। होली पर्व के दूसरे दिन शनिवार को अपने कुछ साथियों के साथ पड़रिया गांव की ओर से लौट रहा था कि किसी बात को लेकर पड़रिया व कोरांव बाजार के युवकों में मारपीट हो गई। मारपीट में अजय शाह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए वाराणसी रेफर कर दिया गया था। जहां उपचार के दौरान चौथे दिन उसकी मौत हो गई।

होली पर्व के दूसरे दिन पड़रिया गांव में स्थित पेट्रोल पंप के पास दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में शामिल तीन आरोपियों को पुलिस सोमवार को ही जेल भेज दिया है। जेल भेजे गए लोगों में जितेंद्र यादव, राहुल वर्मा व विमल गौड़ निवासीगण पड़रिया थाना कोरांव शामिल हैं। थाना प्रभारी नितेंद्र कुमार शुक्ल ने बताया कि मारपीट में शामिल दो नामजद समेत एक अन्य को जेल भेजा जा चुका है। शेष अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# रोजगार सेवक संघ की बैठक में कार्यकारिणी की गई भंग



**नए अध्यक्ष के चुनाव तक तीन सदस्यीय टीम गठित, देखेगी कामकाज**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कोरांव। रोजगार सेवक संघ की एक बैठक ब्लॉक मुख्यालय के ठीक सामने स्थित नहर कॉलोनी में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के यमुनापार अध्यक्ष फूल सागर यादव ने की। जिनके द्वारा संगठन के बिस्तार पर सभी रोजगार सेवकों से विचार विमर्श किया गया और सर्वसम्मति से पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया। संगठन का काम बाधित न हो इसके लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन भी किया गया। तीन सदस्यीय टीम में शामिल दिलीप कुमार विश्वकर्मा, प्रवीण कुमार पांडेय, शशि कुमार शामिल हैं। नए अध्यक्ष का चुनाव होने तक संगठन का कामकाज तीन सदस्यीय टीम देखेगी। बैठक में सर्वसम्मति से अगली बैठक 5 मार्च को आहूत की गई है। जिसमें संगठन के अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। बैठक में शामिल लोगों में प्रमुख रूप से महेश केसरी, संजय कुमार तिवारी, नरेंद्र कुमार, मंजू लता, राकेश कुमार, साधना सिंह, मनोज कुमार, गेंदालाल, सविता, इंद्रजीत यादव, संत कुमार, राजकुमार सिंह, नीरज सिंह, मनीष कुमार वर्मा, अनिल कुमार सिंह आदि भारी संख्या में रोजगार सेवक मौजूद रहे।

# काले हिरण के सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित हो चांद खम्भरिया संरक्षण पार्क में : उज्जवल

**लोकसभा में गूंजा काले हिरण का मुद्दा**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



प्रयागराज । सांसद उज्जवल रमण सिंह ने आज नियम 377 के तहत लोकसभा में काले हिरण के जान की सुरक्षा का मुद्दा उठाया जिसमें उन्होंने कहा कि 200 बीघा मृग संरक्षण केंद्र चांद खमरिया कोरांव में लगभग 700 काले हिरण रहते हैं जिनकी देखभाल वहाँ कि कोल आदिवासी जाति करते हैं जैसे राजस्थान में विश्नोई समाज करता है। उन्होंने कहा कि इस पठारी क्षेत्र में पेयजल की भीषण किल्लत होती हैं गर्मी के दिनों में तो ये आदिवासी दूर दूर से पानी लाकर प्यासे काले हिरणों की प्यास बुझाते हैं क्योंकि हिंदू मान्यता के अनुसार काले हिरण पूज्यनीय हैं।लेकिन दूर्भाग्य कि बात है कि सरकार इनके जान की सुरक्षा नहीं कर पा रही हैं भूख प्यास के साथ शिकारी भी इनका शिकार कर रहे हैं और सजा भी नहीं हो रही हैं।उक्त जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने बताया कि सांसद ने लोकसभा में कहा कि सरकार चांद खमरिया संरक्षण पार्क कोरांव की दयनीय स्थिति पर ध्यान दें निरही जीव शिकारियों के निशाने पर आसानी से आ जाते हैं क्योंकि वन विभाग ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए हैं और गांव वालों की शिकायत पर शिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होती हैं तो उसपर कोई भी गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुईं काले हिरण के शिकारियों की गिरफ्तारी कर सजा मिलें तो लोगों में डर बैठेगा और शिकार कम होंगे।

# देश में आतंकवाद फैलाना चाहते हैं मोदी और योगी : स्वामी प्रसाद मौर्य

❒ अपनी जनता पार्टी के नेतृत्व में निकाली गई संविधान सम्मान व जनहित हुंकार यात्रा का गर्मजोशी से किया गया स्वागत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कोरांव। मोदी और योगी देश में आतंकवाद फैलाना चाहते हैं। औरंगजेब ने अपने पिता को सिर्फ कैद किया था तो वह क्रूर हो गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की नाथूराम गोडसे ने हत्या कर दी तो वह देश द्रोही और क्रूर नहीं हुआ। हिंदू मुस्लिम सिख इसाई जो आपस में भाई-भाई है उनको भाजपा और आरएसएस के लोग लड़ा कर सत्ता तो प्राप्त करते हैं लेकिन देश के गरीबों को महज भाषणों तक ही सीमित कर दिया जाता है। यह बातें उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने कोरांव बाजार के सी एन सिंह गेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं के द्वारा संविधान सम्मान व जनहित हुंकार यात्रा का स्वागत करने के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि पूरा देश व प्रदेश जल रहा है। भाजपा सरकार में करोड़ों नौजवान बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं, महंगाई आसमान पर है। किसान लाभकारी मूल्य के लिए 3 वर्ष से धरने पर बैठे हैं, छुट्टा जानवर फसल को चौपट कर रहे हैं। गरीबों को उच्च शिक्षा से वंचित करने की साजिश की जा रही है। निजीकरण से युवाओं को नौकरी नहीं मिल पा रही है। ट्रेन बंदरगाह हवाई अड्डे देश के पूंजी पतियों के हाथों बेंच दिए जा रहे हैं। लेकिन पिछड़े दलित अल्पसंख्यक जब अपने हक और अधिकार की बात करते हैं और जातिवार जनगणना कराने की मांग करते हैं तो सरकार उन पर लाठियां बरसाने का काम कर रही है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा की नजर में उसके नेता और आरएसएस के लोग गरीब हैं। गरीबों पर उनकी नजर नहीं जा रही है। उन्होंने कहा कि बिहार के बोधगया में स्थित बौद्ध विहार पर अगर कब्जा करने की साजिश की गई तो बहुजन समाज पूरे देश के मंदिरों में बौद्ध मूर्ति खोजना शुरू करेगा। उन्होंने महाकुंभ मेले के सुंदरीकरण के नाम पर बैरहना चौराहे के पास लगी महाराज हर्षवर्धन की आदमकद प्रतिमा को हटवाए जाने की निंदा करते हुए कहा कि उसको लगवाए जाने के लिए भी बहुजन समाज आंदोलन करेगा। उन्होंने उपस्थित लोगों से बौद्ध धर्म के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर पैदा हिंदू परिवार में हुए लेकिन वे बौद्ध धर्म स्वीकार कर निर्वाण को प्राप्त किया जिससे हम सभी का रास्ता बौद्ध के रास्ते पर जाता है यह बाबा साहब ही प्रेरणा देकर चले गए हैं। कार्यक्रम को प्रमुख रूप से राष्ट्रीय सचिव उपेंद्र गौतम, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भगवती प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चंद्र लहरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धनपत राम मौर्या, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शादाब खान, राष्ट्रीय महासचिव दिलीप चौधरी, प्रदेश महासचिव आर के मौर्य, गुलाबचंद आदि वक्ताओं ने संबोधित किया। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कार्यक्रम आयोजक डॉ अनिरुद्ध कुशवाहा व सूर्यमणि कुशवाहा समेत सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान पारस और कुशवाहा ने की। बिरहा गायक गुरुदेव राय की टीम ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का मनोरंजन किया। इस दौरान उपस्थित लोगों में प्रमुख रूप से डॉ राज किशोर कुशवाहा, पूर्व प्रधान रामकुमार कुशवाहा, पूर्व प्रधान संगम लाल कुशवाहा, राधेश्याम कुशवाहा, अशोक कुशवाहा समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने किया गांवों का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। लखनऊ जिला अधिकारी ने गोसाईगंज क्षेत्र के गांव कोरियानी मजरा सेमनापर का निरीक्षण किया। उन्होंने ने जिम्मेदारों को गांवों में साफ सफाई पर ध्यान देने के निर्देश जारी किए। जिलाधिकारी विशाख अय्यर कोरियानी के अलावा ग्राम पंचायत पहाड़ नगर टिकरिया भी पहुंचे वहां उन्होंने पंचायतभवन व आरसी सेंटर का भी निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गांवों में चलाए जा रहे ?1 में स्वच्छता अभियान को और अधिक गतिशील बनाने हेतु निर्देश दिए।पिछले दिनों क्षेत्र की बक्कास ग्राम पंचायत का निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी ने लोगों से संवाद करने के दौरान सभी से ?1 का सहयोग देकर अपनी ग्राम पंचायत को स्वच्छ रखने की अपील की थी।इस सम्बंध में उन्होंने जिम्मेदारों को निर्देश भी दिए थे कि लोगों को सहयोग करने के लिए जागरुक करें।उसके बाद से ही सहायक पंचायत अधिकारी पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान क्षेत्र के लोगों से वार्ता कर यथासंभव सहयोग करने व गांव की साफ सफाई के लिए शुल्क अदा करने की अपील करते रहते है।मंगलवार को निरक्षण के दौरान जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर के साथ मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार जैन जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार उपजिलाधिकारी ब्रजेश कुमार वर्मा सहायक विकास अधिकारी पंचायत कमल किशोर शुक्ला जिला समन्वयक अभिनव त्रिवेदी ग्राम प्रधान नीलम प्रधान प्रतिनिधि राम सिंह पंचायत सचिव मनोज गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# हेमवती नंदन बहुगुणा का संपूर्ण जीवन जन सेवा को समर्पित रहा : सतीश महाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं समाजसेवी हेमवती नंदन बहुगुणा एक विलक्षण व्यक्तित्व के धनी थे। वे प्रतिकूल परिस्थितियों में भी सत्य और सिद्धांतों की राह पर अडिग रहते थे। आपातकाल के दौरान, जब अधिकांश लोग इंदिरा गांधी के भय से मौन थे, तब बहुगुणा ने सत्ता में रहते हुए भी निर्भीकता से उनका विरोध किया। पद त्यागने के उपरांत विरोध करना सरल होता है, किंतु सत्ता में रहकर सत्य के पक्ष में खड़े रहना असाधारण साहस का परिचायक है। उनका जीवन और कृतित्व समाज के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। यह बातें मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि के अवसर पर दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन करते हुए कहीं। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर श्री महाना ने कहा कि स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा ने अपना संपूर्ण जीवन जनसेवा को समर्पित किया था और वे हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और स्वतंत्रता के बाद एक श्रमिक नेता के रूप में उभरे। इसके बाद उन्होंने केंद्र सरकार में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया एवं उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य का नेतृत्व किया। उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित यह चिकित्सा शिविर लखनऊ कैंट क्षेत्र के निवासियों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होगा।

इस शिविर में 500 से अधिक लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच करवाई एवं निशुल्क चश्मे प्राप्त किए। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नेत्र, नाक, कान, गला, दंत, स्त्री रोग, ईसीजी सहित अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया गया। कई लोग, जो वर्षों से अपनी स्वास्थ्य समस्याओं से अनजान थे, इस शिविर के माध्यम से जागरूक हुए और उचित उपचार प्राप्त कर सके। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. रीता बहुगुणा जोशी, पूर्व विधायक सुरेश तिवारी, हेमवती नंदन बहुगुणा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अम्बार रिज़वी, पूर्व विधायक राजेंद्र शर्मा, सुधीर हलवासिया, आईसीपीआरडी के अध्यक्ष राजीव रंजन, कार्यक्रम संयोजक एवं नेशनल यूथ फाउंडेशन के महासचिव विभूति रमण आचार्य, छावनी परिषद के नामित सदस्य प्रमोद शर्मा सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## बहनोई के साथ सब्जी खरीदने गए व्यक्ति को चार युवकों ने धुना

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। स्वामीखेड़ा मजरा परहेटा निवासी नरेन्द्र अपने बहनोई विनोद के साथ रकबीबाद गांव सब्जी खरीदने गए थे। वहीं अमरेश, सनी, करन और अवधराम नाम के चार युवकों ने धुनाई कर दी पीड़ित के अनुसार हमलावरो ने पहले नरेंद्र की खड़ी मोटरसाइकिल को पैर मारकर गिरा दिया।इसका विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज की और लात-घूंसों से मारा। इस घटना में नरेंद्र के सिर के अलावा स्थानों पर भी शरीर पर चोटें आईं। शिकायत कर्ता के अनुसार इस मामले में बीच-बचाव करते समय बहनोई विनोद, चाची रामलली के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। आरोपियों ने पीड़ितों को जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायतकर्ता के अनुसार हमलावरों ने उसकी मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त कर दिया और उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर गोसाईगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## लखनऊ-सुलतानपुर रेलवे ट्रैक पर ट्रक के फंसने पर मालगाड़ी से टक्कर

लखनऊ, लखनऊकैनविज टाइम्स संवाददाता । सुलतानपुर रेलवे ट्रैक पर ट्रक के फंस गया और उससे मालगाड़ी की टक्कर हो गयी। सुलतानपुर जिले के निहालगढ़ रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे फाटक गिरने जा रहा था और तभी वहां तेजी से निकले ट्रक का पिछला पहिया ट्रैक पर फंस गया। इसी दौरान तेज गति से आयी मालगाड़ी ने ट्रक को टक्कर मारी और इंजन चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए झटके से ब्रेक ले लिया। उत्तर रेलवे में लखनऊ के मंडल रेल प्रबंधक एस.एम.शर्मा ने बताया कि मंगलवार को सुबह के वक्त निहालगढ़ के पास ट्रक के रेलवे फाटक के पास ट्रैक में फंसने के कारण यह दुर्घटना हुई है। इससे लखनऊ से सुलतानपुर के बीच में चल रही ट्रेनों को एहतियात के रूप में वहीं रोका गया। मालगाड़ी का इंजन, ओएचई, इलेक्ट्रिक लाइन, पोल और बैरिकेडिंग क्षतिग्रस्त होने की सूचना है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के बाद से उत्तर रेलवे के अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंच गयी है। रेलवे ट्रैक से मलबा हटाते हुए रेल यातायात फिर से आरम्भ कराया जा रहा है। इस घटना में रेलवे के कर्मचारी को कोई चोट नहीं पहुंची है। वहीं ट्रक चालक को स्थानीय स्वास्थ्य केन्द्र में एडमिट करवाया गया है। दुर्घटना की जांच के आदेश दिये गये है।

## श्रमिक कॉलोनियों की दयनीय स्थिति पर विधान सभा अध्यक्ष ने जताई नाराजगी

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने वर्ष 1955 में स्थापित श्रमिक कॉलोनियों की दयनीय स्थिति और वहां रहने वाले लोगों की समस्याओं पर कोई ठोस कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने श्रम मंत्रालय के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इन कॉलोनियों में रहने वाले सभी आवंटियों एवं किरायेदारों को स्वामित्व अधिकार देने की दिशा में ठोस कदम उठाएं। सतीश माहना ने आज उत्तर प्रदेश विधान सभा के प्रेक्षागृह में प्रदेश की श्रमिक कॉलोनियों में रहने वाले आवंटियों एवं किरायेदारों को मालिकाना हक दिए जाने तथा अन्य समस्याओं के समाधान को लेकर श्रम विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इसमें कॉलोनियों में अविकसित पार्कों की उपेक्षा और वहां बढ़ती गंदगी पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की गई। बैठक में यह मुद्दा भी उठा कि श्रमिक कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को परेशान करने की मंशा से पी.पी. एक्ट के तहत नोटिस जारी किए जा रहे हैं, जो न्यायसंगत नहीं है। इस पर भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में श्रम मंत्री अनिल राजभर ने आश्वासन दिया कि श्रम मंत्रालय द्वारा गठित राज्य परामर्शदात्री समिति जल्द ही एक सकारात्मक रिपोर्ट तैयार करेगी। उसमें यह तय किया जाएगा कि श्रमिक कॉलोनियों के निवासियों को स्वामित्व अधिकार कैसे प्रदान किए जाएं। यह रिपोर्ट अध्यक्ष सतीश महाना को प्रस्तुत की जाएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में श्रम मंत्री अनिल राजभर, विधायक सुरेंद्र मैथानी, प्रमुख सचिव श्रम डॉ. एम.के. सुन्दरम तथा श्रमायुक्त मारकण्डे शाही सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## अल्पसंख्यक छात्रों को मुख्यधारा में लाने के लिए मदरसा आधुनिकीकरण जरूरीः दानिश आजाद अंसारी

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा है कि अल्पसंख्यक समाज के छात्रों को मुख्यधारा में लाने के लिए मदरसा आधुनिकीकरण योजना अत्यंत महत्वपूर्ण है। अंसारी ने मदरसा आधुनिकीकरण योजना को राज्य सरकार के माध्यम से संचालित करने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है।

## लखनऊ में अवांछनीय तत्वों ने तोड़ दी बाबा साहेब की मूर्ति की रेलिंग

लखनऊ। लखनऊ में चारबाग रेलवे स्टेशन के सामने तिराहे पर अवांछनीय तत्वों ने बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की मूर्ति की रेलिंग तोड़ दी। रेलिंग टूटने के बाद अम्बेडकरवादी संगठनों के पदाधिकारियों एवं चारबाग क्षेत्र के दुकानदारों में आक्रोश व्याप्त है। बहुजन समाज पार्टी के लखनऊ मंडल के प्रभारी अखिलेश अम्बेडकर ने कहा कि चारबाग क्षेत्र में अभी पन्द्रह मार्च को बसपा कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम किया था। बाबा साहेब के प्रति लखनऊ मंडल के कार्यकर्ताओं की श्रद्धा जुड़ी हुई है। वहां रेलिंग का तोड़ा जाना बताता है कि कार्यकर्ताओं की श्रद्धा को लक्ष्य कर सोची समझी साजिश के तहत घटना करायी गयी है। इसकी प्रशासन की ओर से जांच होनी चाहिए। अखिलेश अम्बेडकर ने हिन्दुस्थान समाचार से कहा कि चारबाग क्षेत्र में रेलिंग की घटना से पहले भी बांग्ला बाजार क्षेत्र में कांशीराम स्मारक की दीवार टूटी पायी गयी थी और इसके लिए स्मारक समिति के अधिकारियों से बसपा के नेताओं ने मिलकर मरम्मत की मांग की थी। जिस मांग को अधिकारियों ने अभी तक नहीं माना है। ना ही मामले की जांच ही की है।

# मुख्यमंत्री विवाह योजना: आठ वर्षों में पांच लाख गरीब कन्याओं का हुआ विवाह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब और वंचित परिवारों के लिए संजीवनी बन चुकी है। यह योजना उन परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है, जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी बेटियों की शादी धूमधाम से नहीं कर पाते। बीते आठ वर्षों में अब तक इस योजना के तहत 4,76,207 गरीब कन्याओं के विवाह सम्पन्न हो चुके हैं, जिससे हजारों परिवारों को राहत मिली है।

प्रदेश के समाज कल्याण विभाग से संचालित योगी सरकार की इस योजना ने प्रदेश की गरीब बेटियों के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक वैवाहिक जीवन की शुरुआत को सम्भव बनाया है। दो लाख रुपये की वार्षिक आय सीमा के अंतर्गत आने वाले सभी वर्गों के परिवार इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। सरकार का यह प्रयास न केवल सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देता है, बल्कि बेटियों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

सरकार इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक नवविवाहित जोड़े पर 51 हजार रुपये खर्च करती है। 35 हजार रुपये वधू के खाते में जमा किए जाते हैं, जिससे नवविवाहित दम्पति अपने जीवन की नई शुरुआत कर सके। इसके अलावा 10 हजार रुपये की धनराशि में कपड़े, गहने और अन्य आवश्यक वस्तुओं के लिए दी जाती है। जबकि योजना के तहत छह हजार रुपये विवाह समारोह के आयोजन और अन्य व्यवस्थाओं पर खर्च किए जाते हैं। योजना के तहत हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सहित सभी धर्मों और जातियों के जोड़ों के विवाह उनके धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार सम्पन्न कराए जाते हैं। इससे प्रदेश में आपसी भाईचारे और सद्भाव को भी बढ़ावा मिल रहा है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना शुरू होने के बाद से हर वर्ष लाभार्थियों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। 2020-21 में 22,780 जोड़े इस योजना से लाभान्वित हुए थे। 2023-24 में यह

**सामूहिक विवाह कार्यक्रम में प्रत्येक जोड़े पर खर्च किए जा रहे हैं 51 हजार रुपये**

संख्या 1,04,940 तक पहुंच गई। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में एक लाख से अधिक जोड़ों का विवाह हो चुका है। चालू वित्तीय वर्ष के लिए योगी सरकार ने इस योजना के लिए 600 करोड़ रुपये का भारी भरकम बजट निर्धारित किया है।

सरकार ने अब इस योजना के तहत एक समारोह में होने वाले विवाहों की संख्या को घटाकर 5 कर दिया है। पहले यह संख्या 10 हुआ करती थी, लेकिन अब हर आयोजन को अधिक प्रभावी और व्यक्तिगत जरूरतों के अनुसार सम्पन्न करने के लिए यह बदलाव किया गया है। सरकार अब इस योजना से जुड़े नवविवाहित जोड़ों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम चला रही है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का हुआ आयोजन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । चिनहट क्षेत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई विजडम वे प्रोग्रेसिव इंटर कॉलेज में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ न्यू विस्डम वे इंटर कॉलेज चक मल्होर नंदपुर में हुआ। दल नायक नामित किए गए, इस मौके पर प्रधान दिलीप विश्वकर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम 15 मार्च से शुरू होकर 21 मार्च 2025 तक चलेगा, ऐसी जानकारी कार्यक्रम अधिकारी सुशील कुमार द्विवेदी ने दी।

# चिनहट प्रथम आगमन पर नगर अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

चिनहट लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी से लखनऊ महानगर अध्यक्ष दोबारा निर्वाचित होने पर आनंद द्विवेदी का चिनहट प्रथम वार्ड पार्षद कार्यालय पर भव्य स्वागत हुआ। इस मौके पर सड़क पर युवा मोर्चा पदाधिकारी गौरव राय एवं उनकी टीम द्वारा भव्य पुष्प वर्षा की गई साथ ही ढोल नगाड़े से जबरदस्त स्वागत किया गया। कार्यक्रम के आयोजक चिनहट प्रथम वार्ड से पार्षद अरुण राय ने बताया कि महानगर अध्यक्ष बनने के बाद यह उनका चिनहट प्रथम आगमन है। कार्यक्रम में सभी भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर तथा अंग वस्त्र प्रदान कर नवनिर्वाचित महानगर अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष चिनहट कमल पांडेय पूर्व पार्षद स्नेह लता राय विजय शर्मा घनश्याम अग्रवाल अभिषेक गुप्ता गौरव राय शुभम सिंघल कौशल किशोर अनिल सोनी नरेंद्र श्रीवास्तव नवीन राय अमरीश राय आनंद यादव आराध्य पांडेय शैलेंद्र गुप्ता सोनी निगम तथा विवेक ओझा समेत सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# बटलर पैलेस को सांस्कृतिक केंद्र के तौर पर विकसित करेगी योगी सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक इमारतों का संरक्षण कर उसे सांस्कृतिक व ऐतिहासिक केन्द्र के रूप में पुनर्स्थापित कर रही योगी सरकार ने लखनऊ में स्थित बटलर पैलेस को 'बुक कैफ़े' बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। योजना के अनुसार, इस बुक कैफ़े में प्रदर्शनी, वर्कशॉप व आर्ट गैलरी समेत विभिन्न गतिविधियों का संचालन होगा। 1915 में राजा महमूदाबाद ने अवध प्रांत के डिप्टी कमिश्नगर सर स्पेंसर हारकोर्ट बटलर की स्मृति में पैलेस की नींव रखी थी। ऐसे में, योगी के विजन को मिशन मानकर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने पैलेस की मूल संरचना को संरक्षित करते हुए मेकओवर की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया को एलडीए द्वारा गठित विशिष्ट टीम द्वारा प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप (पीपीपी) माध्यम से पूरा किया जाएगा। परियोजना के अनुसार, मार्च 2025 तक बटलर पैलेस के बुक पैलेस के संरक्षण व विकास कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत साइट क्लीयरेंस, संरचनात्मक मरम्मत, बाहरी अग्रभाग संरक्षण, बुनियादी वायरिंग और संचालन जैसे कार्यों को विशिष्ट टीम की देखरेख में पूरा किया जाएगा। भवन के सार्वजनिक संपर्क को बढ़ाकर स्थानीय लोगों में विरासत के प्रति जागरूक किया जाएगा। बटलर पैलेस का उपयोग मुख्यतः बुक कैफ़े के रूप में किया जाएगा जहां अध्ययन सामग्री के साथ ही स्नैक्स व पेय पदार्थ भी विजिटर्स के लिए उपलब्ध होगा। यहां विभिन्न प्रकार के आयोजन भी होंगे। उसके संचालन व प्रचार-प्रसार के लिए कोचिंग संस्थानों का सहयोग भी लिया जाएगा। आर्ट गैलरी, लाइट एंड साउंड शो का भी होगा आयोजनबटलर पैलेस में बनने वाले बुक कैफ़े में स्थानीय संस्कृति व विरासत को बढ़ावा देने वाली कार्यशालाओं व कक्षाओं का आयोजन होगा। स्थानीय कलाकारों और ऐतिहासिक विषयों पर प्रकाश डालने वाले प्रदर्शनियों तथा फ़िल्म स्क्रीनिंग के लिए भी जगह का उपयोग हो सकेगा। यहां एक आर्ट गैलरी की भी स्थापना की जाएगी, जो पैलेस व आसपास के क्षेत्र के इतिहास पर केंद्रित होगी। इसके साथ ही, लखनऊ के इतिहास और जनश्रुतियों से जुड़ी कहानियों को प्रदर्शित करने वाले लाइट एंड साउंड शो का भी यहां संचालन हो सकेगा। बटलर पैलेस का इस्तेमाल कला प्रदर्शनियों, शिल्प मेले, स्थानीय उत्पादों व हस्तनिर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी जैसे कार्यों के लिए भी हो सकेगा। वरिष्ठ पत्रकार योगेश मिश्रा ने बताया कि इसका श्रेय लोक भारती संस्था को देना चाहिए। लोक भारती ने बटलर पैलेस की झील के संरक्षण व सौन्दर्यीकरण की पहल की थी। इसके बाद सरकार का ध्यान इस ओर गया है। आज झील भी देखने लायक बन गयी है।

# एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने के संकल्प के साथ बढ़ रहे : कपिल देव अग्रवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि युवा जब स्किल्ड होंगे और उनके हाथ में हुनर होगा तो वे तकनीकी रूप से जागरूक होंगे। जिस तरह से प्रदेश में पैंतीस लाख करोड़ के एएमयू हुए हैं, उसमें भी जो हमारे युवा हैं, स्किल्ड होकर वहां जायेंगे तो उन्हें रोजगार मिलेगा। एक करोड़ युवाओं को हम रोजगार दे सकेंगे, इस संकल्प के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं।

लखनऊ में अलीगंज के राजकींय आईटीआई परिसर के टीटीएल सभागार में फ़ेज-टू के अंतर्गत बासठ राजकींय आईटीआई के उन्नयन के लिए टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (टीटीएल) और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच एमओयू हस्ताक्षर किया गया। इस अवसर पर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से उत्तर प्रदेश के युवाओं को स्किल्ड करने और रोजगार से जोड़ने के लिए टाटा ग्रुप हमारा सहयोग कर रहा है। टाटा ग्रुप अपने सीएसआर फंड से पूरा सहयोग दे रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में दो वर्ष पूर्व एक एमओयू हस्ताक्षर हुआ था। जिसमें फ़ेज वन पर हमने कार्य किया था। अब फ़ेज टू पर कार्य आरम्भ होने जा रहा है।

कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि टाटा ग्रुप के सहयोग से फ़ेज टू में लेटेस्ट टेक्नॉलजी, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, थ्रीडी, आटोमेटिक मशीन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अहम अध्ययन हमारे शिक्षार्थी करेगें। इसमें टाटा के मास्टर ट्रेनर आकर शिक्षार्थियों को विषय का ज्ञान देगें। जो हमारे विभाग के लिए सुअवसर है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता अपने तीनों विभाग अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# आईजी साहब देहात कोतवाली में तहरीर बदलवाकर दर्ज होती है एफआईआर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोण्डा । पुलिस के लिए नियम-कानून कोई मायने नहीं है। एसपी से लेकर डीजीपी तक कहते हैं कि एफआईआर दर्ज न करने वाले एसओ के खिलाफ कार्रवाई होगी। लेकिन जिले की पुलिस के लिए पीड़ित द्वारा लिखित पहली तहरीर बेकार साबित हो रही है।कमोवेश देहात कोतवाली में तहरीर बदलवाकर ही एफआईआर दर्ज किया जा रहा है।जिले में किसी भी पुलिस कर्मी के खिला फ केस दर्ज न करने की लापरवाही में कोई कार्रवाई हाल के दिनों में नहीं हुई।यही कारण है कि देहातकोतवाली के मुंशी,दीवान और दरोगा एफआईआर दर्ज करने के लिए मोलभाव करते हैं।कोतवाली देहात क्षेत्र में एक व्यक्ति की नाबालिग लड़की बाजार से गायब हो गयी।अपनी पत्नी के साथ वह कोतवाली पहुंचा और कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के एक व्यक्ति पर उसे बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए नामजद तहरीर दी।इस मामले में पहले तो पुलिस गुमशुदगी दर्ज करने में ही टाल-मटोल करती रही। बाद में पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर को बदलवा दिया गया, जिसमें पुलिस द्वारा लिखाया गया कि उसकी लड़की कहीं चली गयी है,जो बहुत खोजबीन करने के बाद भी नहीं मिली।वही आए दिन इस तरह की खेल देहात कोतवाली में हो रही है।लेकिन पुलिस अफसर शिकायत के बाद भी चुप्पी साध बैठे हैं।ऐसा नहीं है कि पहले ऐसा नहीं होता था,लेकिन इधर इस तरह की घटनाएं काफी बढ़ गई हैं।

जिस पर कोई अंकुश आईजी और एसपी साहब नहीं लगा पा रहे हैं।और तो और अमूमन पुलिस एफआईआर ही नहीं दर्ज होती है,पीड़ित कोतवाल साहब से मिलने के लिए तरस जाता है।

## विकास कार्यों की बैठक में अनुपस्थित मिले अधिकारी, जिलाधिकारी ने की वेतन रोकने की कार्यवाही

जालौन। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास कार्यों और निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने जल निगम नगरीय अधिशासी अभियंता हिमांशु नेगी और बेतवा नहर प्रथम धर्म घोष व द्वितीय सीपी सिंह की अनुपस्थिति पर कड़ा रुख अपनाया और उनका एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी और प्रभावी तरीके से होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभागीय योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट समय पर अपलोड करें और लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करें। जिलाधिकारी ने फैमिली आईडी बनाने के कार्य की समीक्षा करते हुए इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्य में कोई लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही फार्मर रजिस्ट्री के कार्य को प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारित कर पूरा करने का आदेश दिया। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार, डीसीएनआरएलएम महेंद्र चौबे, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, डीडीओ निशांत पाण्डेय, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, डीएसटीओ नीरज चौधरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री युवा रोजगार उत्सव, नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर मुख्यमंत्री युवा रोजगार उत्सव, नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का नियुक्ति पत्र वितरण एवं महाकुंभ 2025 प्रयागराज डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रसारण कार्यक्रम खैराबाद स्थित भूमिजा ऑडिटोरियम में मंगलवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री/मा0 राज्यमंत्री, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग, उ0प्र0 मयंकेश्वर शरण सिंह थे। इसके अतिरिक्त मा0 विधायक मिश्रिख राम कृष्ण भार्गव, मा0 विधायक सेवता ज्ञान तिवारी, मा0 विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर, जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश शुक्ला सहित अन्य माननीय जनप्रतिनिधिगणों, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र की भी गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मा0 प्रभारी मंत्री ने बटन दबाकर महाकुम्भ 2025 प्रयागराज डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रसारण प्रारम्भ किया, जिसे सभी द्वारा देखा गया। कार्यक्रम के दौरान सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों का गति प्रदान करते हुए इन उद्योगों को प्रोत्साहित करने, अधिक से अधिक रोजगार सृजित किये जाने तथा प्रदेश में पूंजी निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से तथा प्रतिवर्ष 1 लाख नई सूक्ष्म इकाईयों को स्थापित किये जाने के लक्ष्य के साथ मिशन मोड में आगामी 10 वर्षों की समयावधि में 10 लाख नई सूक्ष्म इकाईयाँ स्थापित किये जाने के महत्वपूर्ण उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा लागू की गयी महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के जनपद सीतापुर में लाभान्वित लाभार्थियों अंकित यादव, इकर्श अवस्थी, फरीद खॉन, मो0 अहमद, मोहिनी द्विवेदी, निर्मला एवं सुधाकर को चेक वितरित किया गया। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के अन्तर्गत लैपटाप हेतु पात्र लाभार्थियों रामा देवी, अश्वती मिश्रा, शुभ वर्मा, गुरूनीव सिंह, अर्पिता गुप्ता, अनुज प्रताप सिंह एवं अपर्णा को लैपटॉप वितरित किया गया। इसके अतिरिक्त नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों आरती सिंह, गिलोरी कटियार, कु0 अनामिका राठौर, सपना अवस्थी, पिंकी रावत, सरोजनी देवी, कु0 अनुष्का शर्मा, सुमन चौधरी एवं लता देवी आदि को नियुक्ति पत्र भी वितरित किया गया। शेष नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भी नियुक्ति पत्र का वितरण कराया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मा0 प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत स्वरोजगार स्थापित कर युवा न सिर्फ स्वयं के आजीविका का साधन बना सकते हैं, बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने जनपद में लक्ष्य के अनुरूप लोगों को योजना का लाभ दिये जाने हेतु प्रेरित करते हुये कहा कि इससे रोजगार के नए आयाम सृजित होंगे। महाकुंभ-2025 के दौरान व्यवस्थाओं की चर्चा करते हुये मा0 प्रभारी मंत्री जी ने महाकुंभ में पूर्ण मनोयोग से कार्य करने वाले सभी कार्मिकों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा मा0 प्रधानमंत्री जी एवं मा0 मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व, दृढ़ संकल्प एवं समर्पण की भी सराहना की, जिसके चलते इतना भव्य, सुव्यवस्थित एवं विशाल आयोजन सम्भव हो सका। उन्होंने कहा कि यह एकता की ताकत है कि सनातन का झण्डा नित नई ऊँचाइयां प्राप्त कर रहा है तथा विश्व में देश का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने नवनियुक्त सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भी बधाई दी। मा0 प्रभारी मंत्री जी ने सभी को प्रेरित किया कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से सभी को लाभान्वित करने हेतु पूर्ण मनोयोग से कार्य करें। कार्यक्रम को मा0 विधायक मिश्रिख राम कृष्ण भार्गव, मा0 विधायक सेवता ज्ञान तिवारी, मा0 विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश शुक्ला ने सम्बोधित करते हुये महाकुंभ-2025 की भव्यता, दिव्यता तथा सुव्यवस्थित आयोजन की प्रशंसा की। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुये मा0 प्रभारी मंत्री जी को आश्वस्त किया कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित किये जाने हेतु व्यापक स्तर पर प्रयास किये जायेंगे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का किया जा रहा आयोजन

## आज चौथे दिन नारी सशक्तिकरण गोष्ठी की गई आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर। लहरपुर आदर्श कैलाश नाथ इंटर कॉलेज में आज राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर में आज चौथे दिन नारी सशक्तिकरण गोष्ठी आयोजित की गई इस गोष्ठी में सेवक सेविकाओं एवं अध्यापक अध्यापिकाओं ने एक गोष्ठी आयोजित की जिसमें सहायक अध्यापक विनोद कुमार शुक्ला ने नारी सशक्तिकरण पर बल देते हुए नारी को सामाजिक क्षेत्र में आगे आने को कहा, अध्यापिका शैल सिंह ने नारी सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए रियाज अहमद ने नारियों को हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर भाग लेने की प्रेरणा दी, नीता सिंह ने नारी सशक्तिकरण गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त किए कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार निगम ने राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बालिका शिक्षा नारी सशक्तिकरण में विशेष स्थान रखती है बालिकाएं दो परिवारों को आगे चलकर जोड़ती हैं प्रधानाचार्य अवधेश कुमार अवस्थी ने कहा है। अस्तित्व हमारा नारा है प्रेम हमारा बल आज से ज्यादा सुंदर होगा आने वाला कल'' अंत में प्रधानाचार्य जी ने आए हुए सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम की सराहना की कार्यक्रम में रमेश चंद्र मिश्र संजीत मिश्रा विनीत जायसवाल और रमाशंकर पांडे शिवकुमार मिश्र अरविंद वर्मा कृष्ण चंद्र द्विवेदी अर्शिता सिंह छाया मिश्रा क्षमा अवस्थी सुधा भारती उपस्थित रहे।

# पौराणिक मेला श्री धनुष यज्ञ रामलीला महराजनगर महोत्सव का क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा ने फीता काटकर किया शुभारंभ



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

## मेला आयोजक व वृंदावन से पधारे शशि कांत ठाकुर सहित समस्त मेला पदाधिकारियों की मौजूदगी में हुआ शुभारंभ

सीतापुर। पौराणिक मेला श्री धनुष यज्ञ रामलीला महराजनगर महोत्सव का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा ने फीता काटकर किया। मेला आयोजक व वृंदावन से पधारे शशि कांत ठाकुर सहित समस्त मेला पदाधिकारियों की मौजूदगी में शुभारंभ हुआ। विधायक ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पौराणिक मेला गांव व क्षेत्र की धरोहर है। इसे ऊंचाइयों पर ले जाना हम सबका दायित्व बनता है। इस मेला महोत्सव को राजनीतिक अखाड़ा न बनाया जाए। मेला मेल का होता है, इसलिए आप सब लोगों का सहयोग आवश्यक है। जो यहां पर आए हुए हैं या मेले के प्रति उनका लगाव है, उन्हें हम प्रणाम करते हैं। मेला आयोजक अरुण कुमार शुक्ला ने कहा मेले को ऊंचाइयों पर ले जाना हमारा सबका परम धर्म है। बुजुर्ग लोगों ने बताया कि मेला बहुत ही पौराणिक है। 1960 में इस मेले की भगवानदीन शुक्ला व ग्रामवासियों ने शुरुआत की थी और आज तक इसको सजाया संवारा है। समस्त जाति-धर्म के लोगों ने इसमें सदैव बढ़-चढ़कर सहयोग किया। मेला शुभारंभ के अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी के परिजनों को न्याय मिलने तक जारी रहेगा संघर्ष

मीरजापुर। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ माने जाने वाले पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़ा हो गया है। पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की निर्मम हत्या से पूरे प्रदेश में शोक और आक्रोश का माहौल है। राष्ट्रीय ग्रामीण पत्रकार संघ के अध्यक्ष सौरभ ने एक भेट वार्ता में इस हत्याकांड की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि जब तक मृतक पत्रकार के परिजनों को पूर्ण न्याय नहीं मिल जाता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने प्रदेश के सभी जिलाध्यक्षों और 12 अन्य राज्यों के प्रदेश प्रभारियों को पत्र भेजकर इस लड़ाई को कमजोर न पड़ने देने का आह्वान किया है। सौरभ ने मीडिया की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जब कोई राजनेता या प्रभावशाली व्यक्ति की मृत्यु होती है, तो उसकी खबरें पूरे जोर-शोर से प्रकाशित की जाती हैं। जब कोई निर्भीक पत्रकार अपने कर्तव्य पथ पर कार्य करते हुए शहीद हो जाता है तो उसकी खबरें एक अदालती नोटिस की तरह दबा दी जाती है।

# जस्टिस फॉर राघवेंद्र मुहिम शुरू करेंगे सभी सामाजिक संगठन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

## मृतक पत्रकार की हत्या का हो सही खुलासा

## मृतक पत्रकार के परिवार को आर्थिक मदद व सीबीआई जांच की मांग को लेकर सभी संगठन करेंगे मार्च

सीतापुर।मृतक पत्रकार राघवेंद्र की हत्या के दस दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक घटना का खुलासा न होने व अपराधियों के न पकड़े जाने को लेकर सीतापुर के सभी सामाजिक संगठनों में गहरा आक्रोश है,पूर्व पालिकाध्यक्ष आशीष मिश्रा व किसान नेता शिव प्रकाश सिंह की पहल पर सभी सामाजिक संगठनों ने पत्रकार संगठनों के साथ संयुक्त बैठक कर इस घटना में अब तक दोषियों के पकड़े जाने व पीड़ित परिवार के लोगो को आर्थिक मदद कैसे मिले विषय को लेकर लालबाग पार्क स्थित हिंदी सभा सभागार में बैठक कर रणनीति बनाई गई।बैठक की अध्यक्षता किसान मंच के राष्ट्रीय सचिव शिव प्रकाश सिंह ने की।बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास हुआ कि सभी संगठन के प्रमुखों का एक डेलीगेशन पुलिस अधीक्षक से मिलकर घटना के खुलासे में हो रही देरी पर उनका मंतव्य जानेगा व सही दोषियों को पकड़कर समय बद्ध विवेचना व पैरवी कर दोषियों को कड़ी सजा दिलाने व मृतक पत्रकार का चरित्र हनन करने वाली खबरों को सूत्रों के हवाले से प्रसारित करवाने पर रोक लगाने की मांग करेगा और पुलिस इस घटना के पीछे यदि कोई सफ़ेदपोश नेता या भूमाफिया शामिल है तो उसको हर हाल में बेनकाब करने की मांग करेगा।पूर्व पालिकाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने कहा कि मृतक पत्रकार की पत्नी पुलिस जांच से संतुष्ट नही है व जनमानस को लगता है कि सही दोषियों को बचाया जा रहा है अतः संगठन सीबीआई जांच की मदद को लेकर पैदल मार्च करेंगे उन्होंने कहा इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जब तक सही सच सामने न आये पुलिस को अनौपचारिक खुलासे से बचना चाहिए व मृतक के चरित्र पर उंगली उठाने वाली बातों को सार्वजनिक किया जाना मृतक पत्रकार की निजता का हनन होगा जब तक उन बातों का किसी भी तरह हत्या से जुड़ाव साबित न हो जाये।किसान नेता शिवप्रकाश सिंह ने कहा जरूरत पड़ी तो सभी संगठन लखनऊ तक पैदल मार्च करेंगे और राघवेंद्र को हर हाल में न्याय दिलाएंगे। किसान नेता उमाशंकर यादव ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की,बार अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी ने कहा सही अपराधियों को बचाने के लिए पुलिस गलत स्क्रिप्ट लिख रही है सारे वकील इस आंदोलन में संगठनों का साथ देंगे,अखिल भारतीय गायत्री परिवार के सचेन्द्र दीक्षित ने कहा राघवेंद्र के परिवार को सभी संगठन मिलकर आपसी सहयोग व जनता से सहयोग लेकर आर्थिक मदद करेंगे। पत्रकार संघ के पंकज सक्सेना ने कहा मृतक पत्रकार को न्याय दिलाने के लिए जिस तरह सीतापुर के सभी सामाजिक संगठन साथ आये है वो अभूतपूर्व है हिंदी सभा के पुस्तकालय प्रभारी उदय प्रताप त्रिवेदी ने कहा पत्रकार की हत्या का सच सामने आना चाहिए और पत्रकार संगठनों की इस लड़ाई में हम सब साथ है।किसान नेता पिंदर सिंह सिद्धू ने कहा लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ पर हमला बर्दाश्त नही किया जाएगा बैठक में बड़ी संख्या में पत्रकार भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम तय हुआ कि दिनांक 19 मार्च 25 को सुबह 11 बजे पुलिस अधीक्षक से मिलकर इस घटना कांड में अब तक हुई तफ्तीश पर चर्चा की जाएगी व अपनी शंकाओं से भी उन्हें अवगत कराया जाएगा उसके बाद आगे की योजना क्रियानवित होगी। बैठक में पत्रकार संघ के पंकज सक्सेना राहुल अरोड़ा,सुषमा,दिव्यांश सिंह आशीष मिश्र,सुधांशु,जीतेन्द्र मिश्र व बार अध्यक्ष विजय अवस्थी आलोक यादव व्यापारी नेता प्रदीप गुप्ता किसान नेता शिव प्रकाश सिंह उमाशंकर यादव पिंदर सिंह सिद्धू मधु पांडेय आजाद अधिकार मंच के नवल किशोर मिश्रा झंकार नाथ शुक्ला दुर्गेश शुक्ला जागरूक नागरिक मंच के शोभित बाजपेयी असित तिवारी विजय गुप्ता अधिवक्ता मंच के अमित श्रीवास्तव सपना त्रिपाठी प्रमिला बंसल अरुन मिश्रा सविता बाल्मीकि आदि शामिल रहे।

## राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच बैनर तले होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । मिश्रिख तहसील क्षेत्र के ग्राम महसुनिया फुलरुवा में राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के बैनर तले तहसील अध्यक्ष मिश्रिख अंशू अवस्थी द्वारा होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष (अवध क्षेत्र) एस के तूफानी व विशिष्ट अतिथि संगठन के जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, जिला महासचिव अखिलेश गौतम, जिला महासचिव किशोर गुप्ता, जिला सचिव मोतीलाल रहे। जिनके द्वारा समारोह में उपस्थित हुए तमाम ग्रामीणों को होली की शुभकामनाएं भेंट की गई मंच का संचालन करते हुए महासचिव अखिलेश गौतम द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को संगठन के बारे में जानकारी दी गई। होली समारोह आयोजन के अवसर पर मुख्य अतिथि ने संगठन के बारे में विस्तार से बताया और संगठन की प्रमुख मांग राष्ट्रीय युवा आयोग का गठन, रोजगार गारंटी जैसी योजना लागू की जाए, मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए बताया 12 वर्षों से लगातार राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय शशांक शेखर सिंह पुष्कर जी युवाओं को अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। आप सभी लोगों के परिवार में भाई-बहन बच्चा पढ़ाई कर रहा होगा जिनके भविष्य को बर्बाद होने से बचने के लिए राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच से जुड़े और माननीय शशांक शेखर सिंह पुष्कर के हाथों को मजबूत करने का काम करें। जिस दिन देश का लगभग 65 - 70% युवा एक मंच पर आकर अपने हक की आवाज उठायेगा उस वक्त चाहे जो भी सरकार हो युवाओं के हक की बात सरकार को करना ही पड़ेगा मुख्य अतिथि ने अंतिम शब्द में कहा युवाओं पर हो रहे शोषण को राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगा ना ही युवा कटेगा, ना ही बटेगा युवा अब राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच से जुड़ेगा और देश को बदलेगा। इस अवसर पर पदाधिकारी सहित सुनील कुमार, राजेश कुमार, अंशु अवस्थी भोलू अवस्थी, शिवम सिंह, शुभम शुक्ला, योगेश कुमार, आदर्श शुक्ला ,राकेश सिंह, सचिन सिंह, अनिकेत, प्रांजल अवस्थी सोहित अवस्थी, हरिवंश मिश्रा, नवीन कुमार, संत कुमार अवस्थी, पुनीत कुमार, मुकेश अवस्थी, अंबुज अवस्थी सहित महिलाएं व ग्रामीण सैकड़ो की संख्या में मौजूद है।

## मस्जिद कासिमुल उलूम बेनीपुर में तरावीह में कुरआन-ए-पाक मुकम्मल

बिसवां, सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेनीपुर स्थित मस्जिद-ए-कासिमुल उलूम में तरावीह में कुरआन पाक मुकम्मल हुई। मंगरहिया बाजार निवासी सिराज अहमद पत्रकार के सुपुत्र कारी इमादुद्दीन ने तकरीबन रोज़ाना दो पारे पढ़ाए। इस दौरान मस्जिद कमेटी ने क़ारी इमादुद्दीन को मुबारकबाद पेश करते हुए उपहार दिए। अंत में अपने मुल्क की तरक्की व खुशहाली के लिए विशेष दुआ की गई और शीरीनी तकसीम की गई। नमाजियों ने कारी इमादुद्दीन से दुआओं की दरख्वास्त की और पानी पर दम कराया। इस मौके पर ग्राम प्रधान बकरीदी खा, सिराज अहमद,हाफिज कफील,हाफिज नबी अहमद , मौलाना मिस्बाहुद्दीन नदवी, हाफिज तमजीद, हाफिज हुजैफा, कारी अब्दुर्रहमान, हाफिज साद, अजमत खान, गुड्डू, इमरान, तौकीर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को रौंदा मौके पर हुई मौत

जालौन। रेढ़र थाना क्षेत्र में रूरा सिरसा मंदिर के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार किसान महेंद्र प्रताप सिंह (46) की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों को इसकी जानकारी दी है। उल्लेखनीय है कि कुंवरपुरा गांव के निवासी महेंद्र प्रताप सिंह मंगलवार को उरई से अपने गांव की तरफ लौट रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। वह उछलकर गिरा। बुरी तरह से घायल हो जाने की वजह से उसकी मौत हो गई। मृतक महेंद्र खेती-किसानी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके तीन बच्चे हैं। हादसे की खबर मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी नीलम सिंह ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया है। चालक की तलाश जारी है।

# सीतापुर में राजेश शुक्ल को दूसरी बार जिलाध्यक्ष की कमान ढोल-नगाड़ों के साथ मनाया जश्न




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

## हर घर तक पार्टी की विचारधारा पहुंचाने का संकल्प- अभिषेक गुप्ता

सीतापुर। सीतापुर में भाजपा जिला अध्यक्ष पद पर राजेश शुक्ला को दोबारा नियुक्त किया गया है। खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने नगरपालिका में आतिश बाजी करते हुए कार्यकर्त्ताओ का मुह मीठा करवाया।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ जयकारे लगाए। अभिषेक गुप्ता ने कहा- राजेश शुक्ल जी ने अपनी संगठनात्मक कुशलता से कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान बढ़ाया है, जिसके कारण सभी कार्यकर्ता उन्हें दोबारा जिला अध्यक्ष के रूप में देखना चाहते थे। घोषणा के बाद राजेश शुक्ला के समर्थकों में खुशी का माहौल छा गया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक हुयी सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

## चकबंदी कार्यों में तेजी लाई जाए तथा चकबंदी संबंधी समस्त कार्यों को समय से पूर्ण किया जाए - जिलाधिकारी

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि चकबंदी कार्यों में तेजी लाई जाए तथा चकबंदी संबंधी समस्त कार्यों को समय से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि चकबंदी कार्य में किसी भी तरह की अनियमितता नहीं होनी चाहिए तथा इसके अंतर्गत जो भी नक्शा या चक बनाए जाये, उसमें सभी किसानों का ध्यान रखा जाए। सभी प्रक्रियाओं में चकबंदी निदेशालय के निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि चकबंदी संबंधी कार्य जिन गांवों में क्रियाशील है वहां प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि चकबंदी न्यायालय में लम्बित वादों को समय से निस्तारित किया जाये। पुराने वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में चकबंदी कार्यों की प्रगति निर्धारित मानकों से धीमी है, वहां तेजी लायी जाये तथा अतिरिक्त टीमें लगाते हुये कार्यों को कराया जाये। खतौनी सत्यापन के कार्यों को समयबद्ध रूप से कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि जहां चकबंदी प्रक्रिया प्रारम्भ की जानी है, उन गांवा में नियमानुसार प्रक्रिया का पालन करते हुये शीघ्र कार्य प्रारम्भ कराया जाये। उन्होंने समय सीमा निर्धारित करते हुये कार्यों को पूर्ण किये जाने के निर्देश भी दिये। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# संकुल स्तरीय बैठक में शैक्षणिक गुणवत्ता संवर्धन पर हुई चर्चा

## सक्रिय रखें इको क्लब, चुनौतियों और उनके समाधान पर हुआ मंथन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। दुदही विकास खंड के धर्मपुर पर्वत न्याय पंचायत के शिक्षक संकुल की बैठक इन्नर पट्टी प्राथमिक विद्यालय परिसर में मंगलवार को हुई।

बैठक में शिक्षकों ने शैक्षणिक चुनौतियों और उनके समाधन पर मंथन करते हुए शैक्षणिक गुणवत्ता संवर्धन पर चर्चा किया। प्राथमिकता के तौर पर चुने गए प्रमुख कार्यों पर चर्चा तथा संकुल में सर्वाधिक उपस्थिति व शिक्षण में नवाचार के लिए शिक्षकों की सराहना करते हुए सफल अनुभव पर चर्चा की गई। निपुण लक्ष्य व विद्यालय के निपुण बनाने के लिए चर्चा की गई तथा समय सारणी का अनुपालन व मासिक कार्य विभाजन कर शिक्षण कार्य करने पर बल दिया गया। छात्रों के 75 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति व शिक्षण अधिगम सामग्री के माध्यम से कक्षा संचालन करते हुए नियमित आंकलन व रिमिडियल टीचिंग के विभिन्न आयाम पर चर्चा की गई। बैठक में यह भी तय किया गया कि शिक्षक सामुदायिक सह?भागिता व अभिभावक में विद्यालय के प्रति अपनत्व का भाव जगाने के लिए सतत प्रयास करें। इको क्लब को क्रियाशील रखने व संबंधित गतिविधियों पर चर्चा की गई। इस दौरान नोडल शिक्षक बालकृष्ण, शिक्षक संकुल प्रणव प्रकाश गिरी, रजनीश गुप्ता, योगेंद्र शर्मा, सत्येंद्र सिंह, विमलेश प्रताप सिंह, धनन्जय मिश्र, राजेश कुमार सिंह , हरिकेश यादव, राजकुमार यादव, मुनेंद्र सिंह, बसंत शर्मा, विवेकानंद यादव, अबरार अहमद अंसारी, एजाज अहमद, अरुण कुमार, रमेश पटेल आदि उपस्थित रहे।

# राज्यपाल के कार्यक्रम में अव्यवस्था


कैनविज टाइम्स संवाददाता




कुशीनगर। सूबे की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मंगलवार को आंगनवाड़ी केंद्रों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को केन्द्र पर पहुंचाने के लिए सभी की जिम्मेदारी तय कर रही थी। वही राज्यपाल के कार्यक्रम मे विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों से बुलाये गये नौनिहालों को भूख-प्यास से तडफडाते हुए देखा गया। ऐसी चर्चा है कि जिला प्रशासन ने अपनी कमियाँ व दुर्व्यवस्था को छिपाने के लिए राज्यपाल के कार्यक्रम मे कुछ गिने-चुने पत्रकारों को आमंत्रित किया था। नतीजतन लखनऊ और दिल्ली से प्रकाशित समाचार पत्र व न्यूज ऐजेंसियों के संवाददाताओ ने राज्यपाल के कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया।

बतादे कि उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का 18 मार्च को कुशीनगर के जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर मे कार्यक्रम तय था। इसके लिए बाकायदे उनके आगमन से लेकर कार्यक्रम व वापस लौटने के मिनट-टू मिनट प्रोटोकॉल जारी हुए थे, जहां तयशुदा समय के अनुसार आंगनबाड़ी किट का वितरण, लाभार्थियों को भूमि पट्टा वितरण, आवास की चाबी, चेक, प्रमाण पत्र के अलावा टीबी रोगियों को पोषण की पोटली एंव आंगनवाड़ी किट वितरण किया जाना था। इसके बाद जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक का कार्यक्रम निर्धारित था। बताया जाता है कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की जनपद में आने का एक मात्र उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान पर खडे व्यक्तियों तक पहुचाने पर जोर देना व जन जन तक योजनाओं को प्रसारित करना था। यही वजह है कि गवर्नर ने नशा मुक्ति अभियान चलाने के लिए सीडीओ और मानव तस्करी पर रोक लगाने के लिए यहां के पुलिस प्रशासन को नसीहत दिया। किन्तु अफसोस जिला प्रशासन ने शासन के मंसूबे पर उस समय पानी फ़ेर दिया जब महामहिम के कार्यक्रम कबरेऊ के लिए कुछ गिने-चुने पत्रकारों का पास जारी कर भेदभाव का खेल कर दिया। नतीजतन लखनऊ व दिल्ली से प्रकाशित समाचार पत्र व न्यूज ऐजेंसियों ने राज्यपाल के कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया। ऐसी चर्चा है कि अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्र नही चाहते थे कि प्रशासन की कोई कमियाँ उच्चाधिकारियों के सामने आये और महामहिम का कार्यक्रम जन-जन तक पहुचे। इस लिए उन्होने प्रिन्ट मीडिया से लोकल स्तर के दस पत्रकारों को आमंत्रित करने का फतवा जारी कर रखा था। इसके बावजूद राज्यपाल के कार्यक्रम में सुबह आठ बजे से पहुचे विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों के नौनिहालों को भूख-प्यास से तडफडाते हुए नजारा को मीडिया से छुपाने में असफल रहे।

# 23 पदयात्री थाई बौद्ध भिक्षुओं ने की बुद्ध वंदना



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। बुद्ध स्थली कुशीनगर तीर्थाटन पर आए 323 थाई पदयात्री बौद्ध भिक्षुओं ने बुद्ध वंदना कर विश्व कल्याण की कामना की।

उपासकों ने भिक्षुओं को भोजन दान दिया गया।

मंगलवार को कुशीनगर पहुंचे

भिक्षुओं ने मुख्य महा परिनिर्वाण मंदिर में धम्म पाठ के साथ तथागत बुद्ध का पूजन, अर्चन किया और चीवर चढ़ाया। भिक्षु माथा कुंवर मंदिर, बुद्ध धातु वितरण स्थल, रामा भार स्तूप पहुंचकर बुद्ध की पूजा की। घनश्याम दूबे, नाग मणि, विक्की, आलोक, प्रशांत, ओमप्रकाश कुशवाहा सहित स्थानीय उपासकों ने भिक्षुओं के पिंड पात्र में फल, खाद्य आदि दान किया। इससे पूर्व कुशीनगर तीर्थाटन पर आए भिक्षुओं के दल के प्रमुख भंते चलान ने बताया कि भिक्षु थाईलैंड से 7 मार्च को बोध गया पहुंचे हैं और वहां से बौद्ध भिक्षुओं का दल पैदल बनारस, लुंबिनी श्रावस्ती होते हुए कुशीनगर पहुंचा। यहां से दल वैशाली, केसरिया, नालंदा होते हुए बोधगया पहुंचेगा और 30 मार्च को स्वदेश रवाना हो जाएगा। दल हर साल बौद्ध तीर्थ के यात्रा पर भारत आता है।

# शिविर लगाकर की हुई फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी

**तीन दर्जन से अधिक किसानों ने जमा किया आवश्यक प्रपत्र**

**कृषि योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य : मदन गोपाल**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत राजापाकड़ के गोपलापट्टी स्थित पंचायत भवन परिसर में मंगलवार को कृषि विभाग व राजस्व विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर में फार्मर रजिस्ट्री के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी की गई। तीन दर्जन से अधिक किसानों ने केवाईसी के लिए अपने अपने प्रपत्र जमा किए।

पर्यवेक्षक व सहायक विकास अधिकारी (कृषि रक्षा) मदन गोपाल गौतम ने बताया कि केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से संचालित कृषि योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य है। इसी को ध्यान में रखते हुए गांवों में शिविरों का आयोजन हो रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की कि जो अभी तक पंजीकरण नहीं करा सके हैं, वे जल्द अपना नाम दर्ज कराएं, ताकि वे सभी सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि जिन किसानों का फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण नहीं होगा वे सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं से वंचित हो सकते हैं। सभी कृषकों को फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य है। आगामी 31मार्च फार्मर रजिस्ट्री की अंतिम तिथि है।इसे सहज जन सेवा केंद्र से भी करा सकते हैं। किसानों ने आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जमीन के दस्तावेज और अन्य जरूरी कागजात जमा किया। पांच किसानों की रजिस्ट्री मौके पर ही हो गई। लेखपाल अमन कुमार, कृषि विभाग के कंप्यूटर आपरेटर अविनाश कुमार राय व पंचायत सहायक संजू गुप्ता ने फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया में सहयोग किया। किसान विजय श्रीवास्तव, मोतीचंद यादव, राजबहादुर गुप्ता, जबई गुप्ता, भूटला देवी बलराज यादव, राजेश मिश्र, गोलू मिश्र, राममिलन गुप्ता, देवकी यादव आदि मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सेवरही थाना क्षेत्र के तुर्कवलीया में सोमवार की रात एक युवक की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई थी जिसकी सुचना मंगलवार को सुबह पुलिस को मिली मौके पर पहुंची सेवरही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सीएचसी सेवरही लाया जहां पर चिकित्सकों ने गहनता से जांच किया तो बताया कि मरीज का मृत्यु हो चुका है उस दौरान युवक की पत्नी दहाड़ मार कर रोने लगी। बताया जाता है कि मृतक मिट्ठू प्रजापति पुत्र विंध्याचल ग्राम भताहवा थाना ठकराहा उम्र 20 वर्ष ने अपने पत्नी को लेकर किराए के मकान में सेवरही थाना क्षेत्र स्थित तुर्कवलीया में कुछ दिनों से रहता था। मृतक की पत्नी ने पुलिस को बताया कि करीब 9 बजे रात में घर पहुंचे और खाना पीना कर के सो गए और जब सुबह हुई तो उन्हें जगाने का प्रयास किया गया लेकिन नहीं जगने पर आस पास के लोगों को बुलाया लोग आए तो बताया गया कि इनकी मृत्यु हो गई है।सेवरही थानाध्यक्ष धीरेन्द्र राय ने बताया कि शव को कब्जे में ले लिया गया है और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस भेज दिया गया है रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु के कारणों का पता लगेगा। जिसकी विद्धिक कार्यवाही की जाएगी।

## मतदाता सूची को लेकर सहारनपुर में दिये गये जरुरी निर्देश

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश में सहारनपुर जिला प्रशासन ने विवाह के उपरांत जो युवती दूसरे स्थान पर वोटर बन जाती है, उनका नाम पहले बनी मतदाता सूची से अपमार्जित कराने के निर्देश दिये हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने बीएलओ को निर्देश दिये हैं कि इसी प्रकार से किसी मतदाता की मृत्यु हो जाने उसका मृत्यु प्रमाण-पत्र प्राप्त करके अथवा अन्य स्थान पर प्रवास करने पर सत्यापन के उपरान्त ही उसका नाम सूची से हटाया जाए। उन्होने कहा कि छूटे हुए पात्र एवं अर्ह मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करे जायें। पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ इस बात का भी ध्यान रखें जिन मतदाताओं विशेषकर बालिकाओं की शादी के उपरान्त दूसरे स्थान पर वोट बन जाता है उनका नाम मतदाता सूची से अपमार्जित कराएं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि वर्ष में 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई तथा 01 अक्टूबर की कट ऑफ डेट के आधार पर जो मतदाता 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, वह अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने हेतु प्रारूप-6 में आवेदन कर सकते है।

## उन्नाव में तीन बहनों ने पास की पुलिस भर्ती परीक्षा

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में तीन बहनों ने एक साथ सिपाही भर्ती परीक्षा पास कर न केवल अपने परिवार का नाम रोशन किया, बल्कि अपने दिवंगत पिता के अधूरे सपने को भी साकार किया। हसनगंज तहसील के सुंदरपुर गांव निवासी कल्पना (25) और उनकी दो छोटी बहनें, अर्चना व सुलोचना का नाम होली के दिन जारी हुई सिपाही भर्ती परीक्षा की चयन सूची में आया।

# बिहारी यादव ने स्वर्गीय शुकुरुल्लाह के परिवार का बढ़ाया ढाढ़स



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पडरौना, कुशीनगर। मंगलवार को स्वर्गीय शुकुरुल्लाह अंसारी के परिजनों से मिलकर नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने ढाढ़स बढ़ाया।कहा कि पार्टी इस दुख की घड़ी में परिवार वालों के साथ है।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार की दोपहर में पहुंचें नेता प्रतिपक्ष लाल विहारी यादव ने सपा के जिलाध्यक्ष रहें स्वर्गीय शुकुरुल्लाह अंसारी की पत्नी हसीबुन निशा व परिवार वालों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार का ढाढ़स बढ़ाया।उन्होंने आगे कहा कि श्री अंसारी का इस दुनिया से असमय जाना बहुत दुःखद है। उन्होंने पार्टी के लिए जीवन समर्पित कर दिया।आजीवन पार्टी के लिए संघर्ष करते रहें,पार्टी के लिए किए संघर्षो को भुलाया नहीं जा सकता। पार्टी ने एक सच्चा सिपाही खोया है।पार्टी इस दुःख की घड़ी में परिवार वालों के साथ खड़ी है। हर संभव पार्टी परिवार की मदद करेगी।इस दौरान पूर्व मंत्री पीके राय, पूर्व एमएलसी राम अवध यादव, सपा जिलाध्यक्ष देवरिया व्यास यादव, चंद्रजीत यादव, पुरन्दर प्रताप यादव, कैसर जमाल टीटू, इलियास अंसारी, जाहिद अंसारी, राजेंद्र यादव, अशफाक आलम, मुस्ताक अंसारी, नसरुल्लाह अंसारी, माजिद अली, साबिर अली, रोबीना खातून,आरिफ अली, फैजुलहक अली,आरिफ हुसैन,आजम अली, इरफ़ान अली सहित परिजन व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहें।

# अर्नव ने तमकुहीराज का नाम किया रोशन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़ /कुशीनगर। विक्रम सारा भाई साईंस फाउंडेशन बेंगलुरू की ओर से आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान संवर्धन उन्मुखीकरण परीक्षा में अर्नव रावत ने सफल होकर तमकुहीराज का नाम रोशन किया है।

तमकुहीराज के कोईन्दी गोसाईंपट्टी निवासी सुनील रावत के पुत्र अर्नव रावत, जवाहर नवोदय विद्यालय मिल्की रसूलपुर में कक्षा 7 का छात्र है। इन्होंने राष्ट्रीय विज्ञान संवर्धन उन्मुखीकरण परीक्षा में भाग लिया और 100 शीर्ष विज्ञान प्रतिभागियों में एक अर्नव रावत ने भी सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इसरो मुख्यालय में अर्नव को इन्टर्नशीप, प्रशस्ति पत्र एवं स्कालरशीप मिलेगी। अर्नव के इस सफलता पर पिता सुनील रावत अंजनी सिंह, अजय सिंह, संदीप श्रीवास्तव, ब्रजेश गुप्ता,अर्चना राय, विरेन्द्र कुमार, मंसूर आलम, सरोज देवी, रबिया खातून,गोविन्द यादव आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

उत्तर रेलवे

लखनऊ मंडल

संख्या: 230–वि०/क०वि०/लख०/54

सार्वजनिक सूचना

लखनऊ मंडल, उत्तर रेलवे में समपार फाटकों पर 25 केवी एसी सहायक ट्रांसफार्मर के विद्युतीकरण के संबंध में

रेलवे यह सूचना उत्तर रेलवे के निम्नलिखित सेक्शन में स्थित रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपयोगकर्ताओं को दी जाती है कि निम्नलिखित 12 समपार फाटकों पर 25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज का सहायक ट्रांसफार्मर निर्धारित तिथि के अनुसार ऊर्जीकृत किया जाएगा। निर्धारित तिथि से, इन समपार फाटकों पर सहायक ट्रांसफार्मर को सदैव ऊर्जीकृत माना जाएगा और कोई भी अनधिकृत व्यक्ति इन ओवरहेड लाइनों और समपार फाटकों के निकट न जाए और न ही कोई कार्य करें।

समपार फाटक संख्या एवं स्थान

समपार फाटक संख्या 201 (MLJ-UTR स्टेशनों के बीच, लोकेशन 1057/13–15 एवं 1057/14–16), 87 (ABP-KTHE स्टेशनों के बीच, लोकेशन 914/25–27 एवं 914/26–28), 29 (PRF-BOY स्टेशनों के बीच, लोकेशन 810/1–3 एवं 810/2–4), 105 (TLKH-AME स्टेशनों के बीच, लोकेशन 939/5–7 एवं 939/6–8), 107 (TLKH-AME स्टेशनों के बीच, लोकेशन 941/25–27 एवं 941/ 26–28), 114 (GNG-VAI स्टेशनों के बीच, लोकेशन 950/13–15 एवं 950/14–16), 115 (GNG-VAI स्टेशनों के बीच, लोकेशन 951 /11–13 एवं 951/12–14), 117 (GNG-VAI स्टेशनों के बीच, लोकेशन 953/15–17 एवं 953/16–18), 118 (GNG-VAI स्टेशनों के बीच, लोकेशन 954/17–19 एवं 954/18–20), 123 (VAI-JIS स्टेशनों के बीच, लोकेशन 962/1–3 एवं 962/2–4), 130 (JIS-FTG स्टेशनों के बीच, लोकेशन 973/1–3 एवं 973/2–4 ) एवं 4 (PFM-ARP स्टेशनों के बीच, लोकेशन 8/14–15), लखनऊ मंडल, उत्तर रेलवे

उर्जा प्रवाह की तिथि: 22.03.2025

25000 वोल्ट ए० सी० कर्षण को चालू करने के सम्बन्ध में

"सड़क उपभोक्ताओं को चेतावनी"

चेतावनी

जन साधारण को सूचित किया जाता है की उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल, उत्तर रेलवे के 12 समपार फाटकों पर 25 केवी एसी सहायक ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत किए जाने के क्रम में, निम्नलिखित समपार फाटकों पर हाइट गेज लगाए गए हैं। इन हाइट गेज की अधिकतम ऊँचाई सड़क स्तर से 4.78 मीटर निर्धारित की गई है, ताकि अत्यधिक ऊंचाई वाले भार लाइव ट्रैक्शन तारों के संपर्क में आने या उनके खतरनाक निकटता में जाने से रोका जा सके।

जन साधारण को यह भी सूचित किया जाता है की वाहनों की लदान के प्रायोजन के लिए उक्त विनिर्दिष्ट ऊंचाई का पालन करें और यह देखें की सड़क वाहन में ढोए जा रहे लोड से किसी भी स्थिति में ऊंचाई मापक का का अतिलंघन ना करें।

समपार फाटक संख्या एवं स्थान

समपार फाटक संख्या 201 (MLJ-UTR स्टेशनों के बीच, लोकेशन 1057/13–15 एवं 1057/14–16), 87 (ABP-KTHE स्टेशनों के बीच, लोकेशन 914/25–27 एवं 914/26–28), 29 (PRF-BOY स्टेशनों के बीच, लोकेशन 810/1–3 एवं 810/2–4), 105 (TLKH- AME स्टेशनों के बीच, लोकेशन 939/5–7 एवं 939/6–8), 107 (TLKH-AME स्टेशनों के बीच, लोकेशन 941/25–27 एवं 941/ 26–28), 114 (GNG-VAI स्टेशनों के बीच, लोकेशन 950/13–15 एवं 950/14–16), 115 (GNG-VAI स्टेशनों के बीच, लोकेशन 951 /11–13 एवं 951/12–14), 117 (GNG-VAI स्टेशनों के बीच, लोकेशन 953/15–17 एवं 953/16–18), 118 (GNG-VAI स्टेशनों के बीच, लोकेशन 954/17–19 एवं 954/18–20), 123 (VAI-JIS स्टेशनों के बीच, लोकेशन 962/1–3 एवं 962/2–4), 130 (JIS-FTG स्टेशनों के बीच, लोकेशन 973/1–3 एवं 973/2–4 ) एवं 4 (PFM-ARP स्टेशनों के बीच, लोकेशन 8/14–15), लखनऊ मंडल, उत्तर रेलवे

उर्जा प्रवाह की तिथि: 22.03.2025

अत्यधिक ऊंचाई के लोड के खतरे निम्नानुसार हैं:

1. ऊंचाई मापकों के लिए खतरा और उसके फलस्वरूप सड़क और रेलवे लाइन पर बाधा।
2. वाहन पर ले जा रही सामग्रियों या उपस्कर को खतरा।
3. चालकों की खतरनाक समीप्यता या संपर्क के कारण आग का खतरा और जीवन हानि का खतरा।

वरि० मंडल विद्युत् अभियंता,
कर्षण वितरण, उत्तर रेलवे, लखनऊ
826/2025 भारत के राष्ट्रपति की ओर से

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# नामामी गंगे योजना के तहत चित्रकला व गंगा आरती का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। नमामि गंगे योजना के तहत एसएमसीजी व वन विभाग द्वारा मंगलवार को कसया स्थित हिरण्यवती नदी के बुद्धा घाट पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत हर हर गंगे के जयकारे के साथ गंगा आरती की गई।

मंगलवार को आरती के पूर्व जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे नम्रता भट्ट के नेतृत्व में पूर्व स्व . फूलमती देवी उच्चतर मध्यमिक विद्यालय कुशीनगर में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके बाद मुख्य अतिथि सभासद पीएन सिंह और उनकी धर्मपत्नी संगीता सिंह ने आचार्य अमरनाथ तिवारी के वैदिक मंत्रोच्चार और घंटा घड़ियाल के बीच वन विभाग व समाजसेवियों ने गंगा आरती की। क्षेत्रीय वनाधिकारी कसया जयंत कुमार सिंह ने नदियों और जलाशयों की स्वच्छता को लेकर शपथ दिलाई।

गंगा आरती के बाद लोगों को संबोधित करते हुए जिला परियोजना अधिकारी नम्रता ने कहा कि गंगा नदी भारत की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है जो राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने का काम करती है। मां गंगा के बिना भारतीय सभ्यता अधूरी है। एसएमसीजी द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत नदियों की सफाई व स्वच्छता पर बल दिया गया है ताकि नदियों के जल को निर्मल किया जा सके और वातावरण भी साफ सुथरा रहे। इस दौरान वनदरोगा जलालुद्दीन, वन दरोगा रामाधार प्रसाद, वनरक्षक राजेश चौधरी, विवेक कुमार, मुकेश यादव ,संतोष कुमार यादव, राम भरोसा आदि मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत करौंदी विकास खंड हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत करौंदी विकास खण्ड हैदरगढ़ बाराबंकी के अन्तर्गत मनरेगा योजना अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में इच्छुक फर्मधारक से उल्लिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा फर्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्रकाशन की तिथि दिनांक 19.03.2025 से 25.03.2025 तक निर्धारित धनराशि जमा कर प्राप्त किये जायेंगे तथा प्राप्त मोहरबन्द निविदायें सम्बन्धी फर्म धारक द्वारा दिनांक 26.03.2025 को अपराह्न 2.00 बजे सम्बन्धित निविदादाता फर्म धारक के समक्ष खोली जाएगी।

| क्र. स. | कार्य का नाम | सामग्री | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | नन्हा के घर से रामावती के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण | इंटरलाकिंग ईट, बालू, प्रथम श्रेणी ईट, गिट्टी, सीमेन्ट, इत्यादि । | 647469.00 |

नियम व शर्तों का विवरण निम्नवत है।

1- निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग या उपरिलेखन मान्य नही होगा।

2- निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंको एवं शब्दों में करना आवश्यक होगा।

3- बिना कारण बताये किसी की या सभी निविदाओं को अस्वीकृत करने का ग्रा0वि0अ0/ प्रा0प0अ0 / ग्राम पंचायत करौंदी विकास खण्ड हैदरगढ़ बाराबंकी को होगा।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत करौंदी
विकास खण्ड हैदरगढ़ बाराबंकी ।

सचिव
ग्राम पंचायत करौंदी
विकास खण्ड हैदरगढ़ बाराबंकी।

# गोण्डा रेलवे स्टेशन पर सफाई कर्मियों को बेतन न मिलने हड़ताल पर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । आदर्श रेलवे स्टेशन गोंडा पर कार्यरत ठेका सफाई कर्मचारियों को फरवरी माह का मानदेय न मिलने और वे तन में अवैध कटौती के विरोध में सोमवार से कार्य बहि ष्कार कर दिया है।सफाई कर्मचारियों का कहना है कि प्र तिमाह उनके खाते में बारह हजार मानदेय आता है, लेकि न सफाई मैनेजर द्वारा सिर्फ पांच हजार रुपए दिया जाता है और अपना पूरा पैसा मागने पर दबाव बनाया जाता है।

और विरोध करने पर नौकरी से हटाने की धमकी दी जाती है।कर्मचारियों ने बताया कि फरवरी माह का मानदेय अब तक उनके खाते में नहीं आया है।जिससे उनका गुजारा करना मुश्किल हो गया है।

सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की जब उन्होंने इस संबंध में मैनेजर से बात की, तो साफ तौर पर पांच हजार रूपये वापस देने की बात कही गई। कर्म चारियों ने आरोप लगाया कि यह प्रथा पिछले कई महीनों से चल रही है।मैनेजर के डर से कोई खुलकर आवाज नहीं उठा रहा था।

मानदेय में अनियमितता और शोषण के खिलाफ आखिरकार कर्मचारियों ने सोमवार को हड़ताल करने का फैसला किया था।स्टेशन परिसर में गंदगी फैल गई है सफा ई व्यवस्था चौपट है और यात्री परेशान हैं।कई यात्रियों ने स्टेशन प्रशासन से सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी

हड़ताल के कारण यात्रियों के बैठने और शौचालयों की स्थिति भी काफी दयनीय हो गई है।हड़ताल पर बैठे कर्म चारियों ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि उनका बका या मानदेय शीघ्र दिया जाए।वेतन कटौती की व्यवस्था पर रोक लगे। उन्होंने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती, हड़ताल जारी रहेगी।इस संबंध में स्टेशन प्र शासन ने कहा है कि मामले की जांच कराई जाएगी। दो षियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल स्टेशन पर सफाई व्यवस्था चरमरा गई है।यात्रियों और कर्मचारि यों दोनों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

# आरएलडी राष्ट्रीय महासचिव पहुँचे गोण्डा बोले- राहुल और अखिलेश को करेंगे बेनकाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे एक दिवसीय दौरे पर गोंडा पहुंचे।सिंचाई डाक बंगले में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।अनिल दुबे ने आगामी पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक की,उन्होंने घोषणा की कि पार्टी जिला पं चायत की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी।उन्होंने कहा कि गोंडा समेत पूरे उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल का विस्तार किया जाएगा।औरंगजेब पर चल रही बहस को उन्होंने बेकार बताया।उन्होंने कहा कि देश में कई महान स्वतंत्रता सेनानी और देशभक्त हुए हैं, हमें उन्हें याद करना चाहिए।

राहुल और अखिलेश पर टिप्पणी राष्ट्रीय लोकदल चौधरी चरण सिंह की विचारधारा को आगे बढ़ाता है।उन्होंने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर भी टिप्पणी की। कहा कि आने वाले समय में इन दोनों को बेनकाब किया जाएगा।उन्होंने कहा कि जिस तरह पश्चिम में पार्टी ने अपनी जगह बनाई है, उसी तरह पूरे उत्तर प्रदेश में विस्तार किया जाएगा।अनिल दूबे ने कहाँ कि पार्टी को मजबूत करने के लिए वे प्रदेश का दौरा कर रहे हैं। हम लोगों का सिर्फ एक ही मकसद है कि एक बार फिर से एनडीए की सरकार उत्तर प्रदेश में बनें। 2027 में हम लोग पूरे मेहनत से लगेंगे और एक बार फिर से योगी के नेतृत्व में हम लोग सरकार बनाएंगे।

# पत्रकार की हत्या के विरोध में पत्रकारों में आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। जनपद सीतापुर में दैनिक जागरण के पत्रकार स्वर्गीय राघवेंद्र बाजपेई की हुई निर्मम हत्या के विरोध में अंतर्राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ नानपारा की टीम ने कार्यवाही की मांग करते हुए मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी नानपारा अंजनी यादव को सौंपकर कार्यवाही की मांग की। मंगलवार को जिलाध्यक्ष मुस्तफा अली खान के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ नानपारा की पूरी टीम ने सभी पत्रकारों के हित में आवाज बुलन्द करते हुए मांग की है की जिस तरह सीतापुर के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की निर्मम हत्या की गई उसी तरह जिसने भी इस हत्या को अंजाम दिया उस पर कठोरतम कार्यवाही करते हुए उसे जेल में डाला जाए और उनके परिवार को आर्थिक मदद प्रदान की जाए जिससे कि उनके परिवार का पालन पोषण हो सके, साथ ही पीड़ित परिवार के किसी भी सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए तथा जल्द से जल्द पत्रकारों के लिए एक मीडिया हाउस बनवाया जाए। इसके साथ ही ज्ञापन में पत्रकारों के हित के लिए विभिन्न मांगे शामिल रही। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ बहराइच व नानपारा की पूरी टीम मौजूद रही।

# ऑनलाइन कार्यों क़ो लेकर मुखर हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जरवल बहराइच । आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने जरवल ब्लाक सभागार में मीटिंग कर सरकार द्वारा मोबाइल व डाटा न दिए जाने पर ऑनलाइन कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी महासभा के प्रदेश महामंत्री वेद मित्र चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी गोपीनाथ मिश्रा,जिलाध्यक्ष गुड़िया गौतम के नेतृत्व में जरवल ब्लॉक सभागार में बैठक कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी जरवल राहुल पांडे को सौंपा। ज्ञापन में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा चलाए जा रहे कार्यों को आनलाइन मोबाइल से कराए जाने का विरोध किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का कहना है कि पहले उन्हें मोबाइल और डाटा दिया जाए ,फिर उनसे ऑनलाइन काम लिया जाए अन्यथा ऑनलाइन कार्य का बहिष्कार कर दिया जाएगा। इस अवसर पर शशिकांत सिंह,ओम प्रकाश सिंह,आनंद यादवमुबीन खां, जय नारायण, शीलू सिंह, नीतू,नीलम कश्यप ,संतोष कुमारी ,मीरा गुप्ता,निम्मी शरण रावत बेबी समेत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



खंड विकास अधिकारी जरवल राहुल पाण्डेय क़ो ज्ञापन सौंपते हुए अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी महासभा के प्रदेश महामंत्री वेद मित्र चौधरी व मौजूद अन्य

## आज आएंगी राज्य महिला आयोग की सदस्य करेंगी महिला जनसुनवाई

गोण्डा। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग लखनऊ की सदस्या ऋतु शाही द्वारा आगामी 19 मार्च को सुबह 11 बजे से पीडब्ल्यूडी डाक बंगला कचेहरी स्टेशन रोड गोण्डा में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा व महिला जनसुनवाई की जायेगी।जनपद की ऐसी महिलायें जो किसी भी प्रकार की प्रताड़ना, उत्पीड़न अथवा घरेलू हिंसा से पीड़ित हों,तो त्वरित न्याय एवं महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित होने हेतु उक्त महिला जनसुनवाई में उपस्थित हों सकती है।

## कोषागार में 25 मार्च तक प्रस्तुत करें देयक: जिलाधिकारी

बहराइच । जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनपद के समस्त अहरण-वितरण अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अपने देयक निर्धारित प्रकिया के अनुसार बिलम्बतम 25 मार्च 2025 तक कोषागार में प्रस्तुत कर दें ताकि प्रस्तुत बिलों की कोषागार कार्यालय द्वारा आवश्यक जांचोपरान्त पारण तथा ई-पेमेण्ट के माध्यम से 31 मार्च 2025 तक भुगतान सुनिश्चित कराया जा सके। यदि किसी आहरण वितरण अधिकारी के बजट लैप्स होने की स्थिति उत्पन्न होती है तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित अहरण, वितरण अधिकारी का होगा। उल्लेखनीय है कि कोषागार में समस्त भुगतान ई-पेमेण्ट के माध्यम से किये जा रहे है। अब कोषागार द्वारा किसी भी भुगतान हेतु चेक जारी नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा आनलाइन बिल प्रस्तुतीकरण एवं ई-कुबेर प्रणाली की व्यवस्था भी वर्तमान में लागू है।

## धीरेन्द्र कुमार वाल्मीकि का आगमन 20 मार्च को

बहराइच । प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पी.एम. अजय) केन्द्रीय सलाहकार समिति, भारत सरकार के सदस्य श्री धीरेन्द्र कुमार वाल्मीकि का 20 मार्च 2025 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। श्री वाल्मीकि अपरान्ह 03:30 बजे जनपद पहुंचकर ब्लाक सदर के बीडीओ, अधि.अभि. लो.नि.वि. व सिडकों, डीपीआरओ, डीडीओ, समाज कल्याण, विद्युत, जल निगम, सिंचाई, आपूर्ति, मण्डी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना तथा एम.एस. एक्ट 2013 के सम्बन्ध में बैठक करेंगे, तदोपरान्त 50 प्रतिशत से अधिक आबादी वाले गांव का भ्रमण कर हो रहे कार्यों का निरीक्षण करेंगे। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी वी.आई.पी./नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि श्री वाल्मीकि कार्यक्रम के पश्चात प्रस्थान कर जायेंगे।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य का आगमन

बहराइच । उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के निर्देशानुसार माह मार्च के तृतीय बुधवार को आयोजित होने वाले ''महिला जनसुनवाई दिवस'' कार्यक्रम के अन्तर्गत 19 मार्च 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से लो.नि.वि. निरीक्षण भवन बहराइच में आयोग की सदस्य श्रीमती अंजु प्रजापति की अध्यक्षता में वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में महिला अपराधों की समीक्षा एवं जनसुनवाई की कार्यवाही की जायेगी। जनसुनवाई के पश्चात श्रीमती प्रजापति महिला बन्दी गृहों व बालिका/महिला गृहों व आंगनबाड़ी केन्द्रों का भी निरीक्षण करेंगी। यह जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय ने दी है।

## किसान दिवस का आयोजन आज

बहराइच । शासन के निर्देशानुसार जनपद के किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को आयोजित होने वाले किसान दिवसों की श्रृंखला अन्तर्गत 19 मार्च 2025 को पूर्वान्ह 11:30 बजे से विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में किसान दिवस तथा कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कराये गये कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए डीएम मोनिका रानी ने कृषि एवं एलाइड विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि गत बैठक में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की आख्या एवं अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की अद्यतन सूचनाओं सहित किसान दिवस में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## प्रदेश स्तरीय जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन आज

बहराइच । क्रीड़ाधिकारी आनन्द कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि खेल निदेशालय, उ.प्र. एवं उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग संघ के संयुक्त तत्वावधान में इन्दिरा गॉधी स्पोर्ट्स स्टेडियम बहराइच में 19 से 22 मार्च 2025 तक प्रदेश स्तरीय जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन किया जा रहा है। क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि 19 मार्च 2025 को अपरान्ह 04:00 बजे सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल द्वारा प्रतियोगिता का उद्घाटन किया जायेगा जबकि 22 मार्च 2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे आयोजित समापन समारोह की मुख्य अतिथि एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी होंगी।

# भारतीय सेना में अग्नि वीर भर्ती के लिये आनलाइन पंजीकरण शुरु

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**अग्निवीर भर्ती हेतु अभ्यर्थी बारह मार्च से दस अप्रैल तक आनलाइन माध्यम से पंजीकरण कराये**

अमेठी । सेना भर्ती कार्यालय अमेठी के एआरओ कर्नल एस के मोर ने बताया कि भारतीय सेना द्वारा अग्निवीरों की भर्ती के लिए आनलाइन पोर्टल खोला गया है जिसमें पंजीकरण प्रक्रिया बारह मार्च से प्रारम्भ हो गया है और दस अप्रैल तक अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है तथा पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थी को जेआईए में अकाउण्ट बनाये मौजूदा आईडी से लाग इन कर रैली नोटिफिकेशन के निर्देशानुसार तीस दिन की पंजीकरण अवधि के दौरान जेआईए पर उचित श्रेणी में ऑनलाइन सीईई के लिये दो सौ पचास रुपया प्रति आवेदन भुगतान कर अभ्यर्थी को ऑनलाइन सीईई का प्रवेश पत्र डाउनलोड कर निर्धारित तिथि व समय पर नामित केन्द्र पर ऑनलाइन सीईई देते हुए मेरिट लिस्ट में अपना रिजल्ट देख सकते है। इस क्रम में आनलाइन पंजीकरण के लिये अभ्यर्थियों को आधार कार्ड, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर, दसवीं उत्तीर्ण की मार्कशीट, उच्चतम शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, फोटोग्राफ की स्कैन कॉपी (साइज पांच से बीस केबी), हस्ताक्षर की स्कैन कॉपी (साइज पांव से दस केबी), वर्तमान ईमेल आईडी (जो चल रही हो) को भरना होगा। भारतीय सेना द्वारा सैनिक तकनीकी नर्सिंग सहायक, अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क,स्टोर कीपर, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेड्समैन दसवीं पास, अग्निवीर ट्रेड्समैन आठवीं पास आदि पदों पर भर्ती की जाएगी। उपरोक्त सेना में भर्ती बिल्कुल पारदर्शी एवं निशुल्क है व पूर्णतया कंप्यूटर सृजित होने से कोई भी मानवीय हस्तक्षेप संभव नहीं है एवं कोई भी शारीरिक, लिखित या चिकित्सा परीक्षा में किसी भी प्रकार की मदद नहीं कर सकता, खुद की काबिलियत से ही पास हो सकते हैं तथा सिर्फ भर्ती कार्यालय ही आपको सेना में शामिल होने से संबंधित कागजात प्रदान करेगा अन्यथा अगर कोई और प्रदान करता है तो वह कागजात जाली होंगे किसी भी बिचौलिया या दलाल को कोई पैसा ना दें भर्ती प्रक्रिया में उनकी कोई भूमिका नहीं है भर्ती प्रक्रिया पूर्णतया पारदर्शी एवं निष्पक्ष है इसलिए दलालों के चंगुल में न फंसे एवं किसी भी प्रकार के झांसे में ना आए अगर कोई भी दलाल आपको सेना में भर्ती करवाने के लिए पैसों की या किसी और चीज की मांग करता है तो कृपया अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन या भर्ती कार्यालय को सूचित करें। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी हेतु इंडियन आर्मी साइट का प्रयोग करें या अपने निकटतम भर्ती कार्यालय में सम्पर्क करें।

## तालाब से अवैध कब्जा हटाये जाने की शिकायत एसडीएम से

बल्दीराय सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के मेघमऊ ग्रामवासियों ने पचासों की संख्या में मंगलवार को तहसील मुख्यालय पर पहुंच तालाब से अवैध कब्जा हटवाने के लिए उपजिलाधिकारी को शिकायत पत्र दिया। विकास खंड क्षेत्र के मेघमऊ गांव में गाटा संख्या 1736(क) तालाब की सरकारी भूमि दर्ज है जिस पर गांव के ही बाबूलाल पुत्र बढ़?कऊ, किन्नी पुत्र बाबूलाल, गुड्डू पुत्र बाबूलाल, रज्जन पुत्र बाबूलाल,नानकऊ पुत्र बढ़?कऊ,शनि पुत्र नानकऊ के द्वारा अवैध कब्जा कर अतिक्रमण कर लिया गया है। जिसकी शिकायत सोमवार को ग्रामसभा मेघमऊ के पचासों ग्रामीणों ने तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी गामिनी सिंगला से की है। वहीं ग्रामीणों की शिकायत पर जांच कर तालाब की सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाये जाने का उपजिलाधिकारी ने अश्वासन दिया है।

## ग्राम पंचायत मुझा में स्वच्छ भारत मिशन की उड़ रही धज्जियां

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील मुख्यालय पुरनपुर से मात्र लगभग 4 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायात मुझा खूर्द में आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ लगातार किया जा रहा है। जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे दिखाई दे रहे हैं।इसके बावजूद आज तक किसी भी प्रकार से कोई कार्यवाही नहीं हुई हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सबसे बड़ी महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन के तहत अरबों खरबों रुपए खर्च कर स्वच्छता अभियान चलाकर आम जनता को मुलभुत सुविधा के साथ विकास की ओर अग्रसर करने का प्रयास कर रही है।ताकि हमारे देश विकास की ओर अग्रसर हो सके एवं आम जनता को कोई समस्या न हो कोई बीमारी न फैले आम जनता स्वस्थ रहे। परन्तु पूरनपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मुझा खुर्द में स्वच्छ भारत मिशन की खुल्लम खुल्ला धज्जियां उड़ाई जा रही है। जगह-जगह लगे हैं। गंदगी के अंबार जिससे गंभीर बीमारी फैलने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता हैं। जबकि सफाई के नाम पर काफी रुपया निकाला जा चुका है। लेकिन धरातल पर सफाई शून्य नजर आती है।

# बहू - बेटे से त्रस्त आशा संगिनी ने की एसपी से शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। अपने बेटे तथा बहू से त्रस्त आशा संगिनी ने पुलिस अधीक्षक से लिखित शिकायत की है।पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में आशा संगिनी तथा बहू आशा कल्याण समिति की अध्यक्षा किरन शुक्ल ने बताया है कि वह स्वास्थ्य विभाग में संविदा की नौकरी करके अपना जीवन यापन करती है। उसके पति अपने घर पर पूरे भंजन शुक्ल मजरे बरासिन में रहते है और खेती बारी का कार्य करते है। वे प्रार्थिनी को कोई सहयोग नही करते है। सहयोग न करने के कारण वह अपनी ससुराल से मायके आकर स्व अर्जित भूमि पर अपना मकान बनाकर रह रही है।उसका का बड़ा लड़का प्रतीक शुक्ला व उसकी बहू माण्डवी शुक्ला उसको आये दिन गाली गुप्ता देती रहती है। बहू माडवी खुले आम धमकी देती है कि मैं जो चाहूँगी वही करूंगी, अगर मना करोगी तो अपनी जान देकर तुम्हे फंसा दूंगी।बेटा प्रतीक भी आये दिन जान से मार डालने की धमकी देता है।वह बेटा बहू की प्रताड़ना से पीड़ित होकर अपनी नौकरी नही कर पा रही है। प्रतीक व माडवी के कृत्य से पीड़ित होकर उसने उसे अपनी स्व अर्जित सम्पत्ति से बेदखल करने की सूचना जिलाधिकारी सुलतानपुर को दिनांक 07.09.2019 को दे दिया है। साथ ही उसने अखबार में बेदखली की सूचना प्रकाशित भी करवा दिया है। इसके बावजूद भी बेटा प्रतीक व बहू माण्डवी अपनी बेजा हरकत से बाज नही आ रहे है।उनके द्वारा आये दिन गाली गुप्ता देना व मार पीट की धमकी देना व बहू द्वारा जान देकर फर्जी फंसाने की धमकी देना लगातार किया जा रहा है।वे लोग उसको बेइज्जत करने पर उतारू रहते है। जिससे वह मानसिक प्रताड़ना झेलकर तंग आ चुकी है। पीड़िता किरन शुक्ला ने उसके बेटे प्रतीक व बहू माण्डवी को उसके स्व अर्जित मकान से निकालकर उसे अपने पैतृक निवास पूरे भंजन शुक्ल मजरे बरासिन थाना बल्दीराय जनपद सुलतानपुर भेजवाने की गुहार लगाई है।

# योग में षटकर्म की कार्यशाला का हुआ आयोजन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । वर्ल्ड आयुष फाउंडेशन, आयुष विभाग एवं स्पार्क कालेज ऑफ पैरामेडिकल एण्ड नर्सिंग इंस्टीट्यूट के सहयोग से कॉलेज के सभागार में योग में षटकर्म की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ अभिलाषा वर्मा, डायरेक्टर स्पार्क पैरामेडिकल एंड नर्सिंग कालेज के द्वारा किया गया कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों द्वारा षटकर्म, जल नेति, रबर नेति, धौतीकर्म, कुंजल क्रिया, त्राटक का योगाभ्यास किया गया। योग के माध्यम से रोगों से बचाव, उपचार के बारे में भी जानकारी प्रदान की गयी।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी आधिकारी डॉ रंजन वर्मा के बताया कि यह कार्यक्रम योग प्रशिक्षकों के कार्य को और बेहतर बनाने, योग के प्रचार प्रसार एवं जन मानस तक पहुंचानें उनके दिनचर्या में लाने के उद्देश्य से किया गया है। योगाभ्यास में योग प्रशिक्षक जयप्रकाश वर्मा द्वारा षटकर्म परिचय, श्रीमति शीला वर्मा द्वारा जल नेति, रबर नेति,श्रीअरूण कुमार के द्वारा धौती परिचय, गया प्रसाद द्वारा कुंजल क्रिया एवं प्रवीण वर्मा द्वारा त्राटक क्रिया पर व्याख्यान दिया गया। योग प्रशिक्षक कौशलेंद्र ने प्रयोगात्मक क्रिया के द्वारा योग प्रशिक्षकों को योगाभ्यास कराया।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक आयुष मिशन डॉ प्रभात कुमार मिश्र, स्पार्क कालेज के प्राचार्य डॉ मोहसिन, गीता कुशवाहा, राकेश कुमार दुबे, आस्था, श्वेता, माला, डॉ परवेज, नीलम एवं जनपद मे संचालित समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर के योग प्रशिक्षक मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत। नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में शिवपाल पब्लिक इंटर कॉलेज, मुडिया रतनपुरी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें कोमल सिंह और अमित कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान जिला युवा अधिकारी शिवम शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर वर्ष 28 फरवरी को प्रसिद्ध वैज्ञानिक सी.वी. रमन द्वारा खोजे गए ''रमन प्रभाव'' की स्मृति में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 का विषय ऽ ''विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना'' निर्धारित किया गया है। उन्होंने इस विषय की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विज्ञान और नवाचार में भारतीय युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी और उन्हें वैश्विक नेतृत्व के लिए तैयार रहना होगा।

रिसोर्स पर्सन लक्ष्मीकांत शर्मा ने विज्ञान के दैनिक जीवन में महत्व को रेखांकित करते हुए उदाहरण दिए। उन्होंने बताया कि ठंड के मौसम में फर्श पर चप्पल पहनकर चलना, खाना पकाने के बर्तनों में लकड़ी के हैंडल का उपयोग, ये सभी ऊष्मा के कुचालक सिद्धांत पर आधारित हैं। उन्होंने अंधविश्वास और चमत्कारों पर भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रकाश डालते हुए बताया कि ये सब विज्ञान या रासायनिक प्रक्रियाओं पर आधारित होते हैं।विद्यालय के प्रबंधक रामपाल मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में वैज्ञानिक सोच और वैज्ञानिक वातावरण उत्पन्न करने के लिए हमें आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी घटना या विषय के ''क्या, क्यों, कहां, कब और कैसे'' के उत्तर खोजना ही विज्ञान है।इस कार्यक्रम से नेहरू युवा केंद्र के वैज्ञानिक जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों को नई गति मिली और उपस्थित छात्र-छात्राओं में विज्ञान के प्रति रुचि जाग्रत हुई।

# नगर पालिका पीलीभीत की कान्हा गौशाला का चेयरमैन ने किया भूमि पूजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

## शहर से सटे मीरापुर गांव में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने किया शिलान्यास उपस्थित रहे शहरवासी

पीलीभीत।नगर पालिका परिषद पीलीभीत की कान्हा गौशाला का भूमि पूजन शहर से सटे गांव मीरापुर में विधि विधान से किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल और प्रभारी ईओ आशुतोष गुप्ता ने गौशाला का शिलान्यास किया।प्रशासन द्वारा आवंटित की गई।भूमि पर ग्राम मीरापुर में पुरोहित विनीत शर्मा ने मंत्रोच्चारण करके विधि विधान के साथ भूमि पूजन करवाया। पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था व सभासदों ने पूजन किया। इस अवसर पर सभी ने गौ माता के जयकारे लगाए।पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था ने बताया कि पालिका की कान्हा गौशाला बन जाने से सड़कों पर घूम रहे गौ वंश को आश्रय मिलेगा। शहर में घूम रहे छुट्टा पशुओं से लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। पूजन और शिलान्यास के बाद पालिकाध्यक्ष,प्रभारी ईओ और सभासदों ने प्रस्तावित गौशाला स्थल की जमीन पर कलश स्थापना की।किस जगह पर क्या निर्माण होगा इसकी जानकारी ली।

इस अवसर पर सभासद सुनीता सिंह, साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, मोनू मिश्रा, एहतशाम वली खां, राजेंद्र भारती, मोहन स्वरूप, शिवम श्रीवास्तव, रईस अहमद, निज़ाक़त अली कादरी, विपिन त्यागी, भाजपा नगर अध्यक्ष इन्द्रेश चौहान,

# सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख ने नव चयनित अठारह आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बांटा नियुक्ति पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता




तिलोई अमेठी । आंगनबाड़ी कार्यकत्री निष्ठा लगन और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सेवा भाव से कार्य करें और ग्रामीणांचल में सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं को आम जनमानस तक पहुंचाये जिससे प्रत्येक पात्र व्यक्ति लाभान्वित हो सके।यह बात विकास खण्ड सिंहपुर के सभागार में नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने कही।ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने कहा कि अपने सम्बोधन में कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिये हम सब संकल्पित हैं।उन्होंने कहा कि आप सब लोगों को समाज में सेवाभाव के साथ कार्य करने की जो जिम्मेदारी सरकार द्वारा सौंपी गई है उसके लिये आप सब बधाई की पात्र हैं। ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने कहा कि ग्राम पंचायत जेहटा उसरहा, इन्हौना, टेढ़ई, पन्हौना के साथ ही अन्य कई गांवों में अठारह आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की नियुक्ति की गई इससे जो रिक्त स्थान थे उनकी पूर्ति भी हो गई है।खण्ड विकास अधिकारी कमलेश यादव ने कहा कि आप सब लोगों को अगर कहीं पर किसी भी प्रकार की कोई समस्या आती है तो हम सब लोग आपके साथ सदैव खड़े रहेंगे। बाल विकास परियोजना अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि इन नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आज नियुक्ति पत्र वितरित किया गया है और जल्द ही इन सबको प्रशिक्षित भी किया जायेगा।ब्लाक प्रमुख के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के चेहरों पर मुस्कान आ गई।इस मौके पर मोहम्मद इलियास, अमर जीत पाल,विनीता शुक्ला, रेखा सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# अमेठी टीचर प्रीमियर लीग के फाइनल मैच में शिरकत करेंगे खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री

## सिंहपुर और संग्रामपुर टीम के बीच फाइनल मैच इक्कीस मार्च को खेला जायेगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । डॉ भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में अमेठी टीचर प्रीमियर लीग के फाइनल मैच का आयोजन आगामी इक्कीस मार्च को किया गया है जिसमें फाइनल मैच सिंहपुर और संग्रामपुर टीम के बीच में होगा। डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में होने वाले फाइनल मैच में मुख्य अतिथि को आमंत्रित करने हेतु मंगलवार को अमेठी टीचर प्रीमियर लीग कमेटी के साथ ही शिक्षक प्रतिनिधि मण्डल ने प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री व अमेठी जनपद के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा से शिष्टाचार भेंट करते हुये मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जिसे उन्होंने स्वीकार करते हुये मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहने हेतु सहमति प्रदान किया। अमेठी टीचर प्रीमियर लीग जनपद अमेठी में कार्यरत बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षक शिक्षा मित्र अनुदेशक एवं कर्मचारी साथियों के बीच क्रिकेट प्रतियोगिता के रूप में विगत तीन वर्ष से आयोजित किया जा रहा है इस वर्ष सीजन तीन में अमेठी टीचर प्रीमियर लीग में कुल बारह विकास क्षेत्र की टीम ने प्रतिभाग किया था जिसमें कल छब्बीस मैच खेले गये।सेमीफाइनल विजेता संग्रामपुर और सिंहपुर के बीच में फाइनल मुकाबला खेला जाएगा यह मुकाबला इक्कीस मार्च दिन शुक्रवार को साढ़े तीन बजे से प्रारम्भ होगा।इस अवसर पर जनपद के समस्त खेल प्रेमी शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक कर्मचारी व सम्मानित नागरिक गण से अनुरोध है कि अपनी अमूल्य उपस्थिति एवं आशीर्वाद प्रदान कर अमेठी टीचर प्रीमियर लीग प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। इस मौके पर शिक्षक नेता विवेक कुमार शुक्ला, प्रमोद कुमार तिवारी, अश्वनी द्विवेदी, सत्येन्द्र तिवारी, दिलीप शुक्ला, रवि कुमार, अंकित, अमन चौरसिया सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# दो कर्मचारियों के सहारे चल रहा बैंक ऑफ बड़ौदा, उपभोक्ता परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बलदीराय /सुल्तानपुर। बैंक ऑफ बड़ौदा की बहुरावां शाखा में स्टाफ की कमी के चलते बैंक ग्राहकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महज दो कर्मचारियों के सहारे बैंक का संचालन हो रहा है, जिससे बैंकिंग सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।उच्चाधिकारियों की मनमानी कहें या बैंक प्रबंधन की लापरवाही। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा बहुरावां क्षेत्र का इकलौता बैंक है इसके आसपास लगभग 15 किमी की परिधि में कोई राष्ट्रीय कृत बैंक नहीं है इसलिए यहां पर बैंक उपभोक्ता अधिक होना स्वाभाविक है और बैंक कर्मचारी कम होना अथवा कार्यरत कर्मचारियों की मनमानी के चलते उपभोक्ताओं को रोज मर्रा का बैंक कार्य बाधित होने पर रोज रोज शाखा का चक्कर लगाना आम बात हो गई है जिससे ग्रामीणों का कहना है कि शाखा में स्टाफ की कमी के कारण उन्हें घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। कैश जमा करने से लेकर निकासी और अन्य बैंकिंग कार्यों में देरी हो रही है। कई बार सर्वर डाउन होने की समस्या भी परेशानी को और बढ़ा देती है। स्थानीय निवासियों और बैंक उपभोक्ताओं ने बैंक प्रबंधन और उच्च अधिकारियों से मांग की है कि जल्द से जल्द अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए, ताकि बैंकिंग सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हो सकें जिससे लोगों को परेशानियों से निजात मिल सके। यही नहीं यहां तक कि पूर्वी उत्तर प्रदेश बड़ौदा ग्रामीण बैंक शाखा देहली बाजार में विगत दिनों शाखा प्रबन्धक की एक सड़क हादसे में मौत के बाद से ही देहली बाजार शाखा भी कर्मचारियों की कमी का दंश झेल रही है वहां पर भी कर्मचारियों की कमी उपभोक्ताओं को परेशानी का सबब है।

# सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने लगाई जन चौपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी पीलीभीत द्वारा जन चौपाल कार्यक्रम किया ग्राम चंदौई में कैफ रजा कैबिनेट मंत्री के प्रतिनिधि प्रदेश उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में जन चौपाल लगाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर और पार्टी की नियत और नीतियों के बारे में बताया कैफ रजा ने कहा कि ओमप्रकाश राजभर हमेशा गरीबों अति पिछड़ों दलितों अल्पसंख्यकों की लड़ाई लड़ रहे हैं। जनता के बीच रह के 16 घंटे काम करते हैं।आज यही वजह है हमारी पार्टी का पूरे प्रदेश और देश में जनाधार बढ़ रहा है आने वाले पंचायती चुनाव में पूरे प्रदेश में सुभासपा पार्टी अपने सिंबल पर चुनाव लड़ेगी पीलीभीत जिले में जिस कार्यकर्ताओं को पंचायती चुनाव लड़ना है वे तैयारी शुरू कर दे हम बड़ी संख्या में पार्टी को जीत दिलाएंगे मौजूद रहे राजू कुमार जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग, सिविल खान मंडल अध्यक्ष युवा मंच, अवधेश यादव मंडल अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग,जुल्फिकार अली प्रदेश उपाध्यक्ष,अजहर खान मंडल अध्यक्ष मीडिया प्रभारी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे है।

## उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन ने मानदेय बढाने दर्ज मुकदमा खत्म करने की मांग लेकर डीएम को सौपा ज्ञापन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन ने मानदेय बढ़ाने को लेकर बीते दिनों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रदेश स्तर के आवाहन पर विरोध प्रदर्शन करते हुए 2025 बजट लिखा एक पेपर जलाकर विरोध जताया था। मामले में कस्बा चौकी इंचार्ज ने आशा जिला अध्यक्ष नाम दर्ज सहित अज्ञात आशाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। मंगलवार तीन भजे आशा वर्कर्स यूनियन ने पीलीभीत शहर में रैली निकालकर जिलाधिकारी कार्यालय में पहुचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और मानदेय बढ़ाने व उन पर दर्ज मुकदमा खत्म कराने की मांग की है।

## प्रधानपति ने थानाध्यक्ष पर लगाए गंभीर आरोप वीडियो वायरल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना हजारा क्षेत्र के गाव सिघाड़ा उर्फ टाटरगंज के प्रधान पति सतनाम सिंह की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिसमें एक महिला प्रधानपति सतनाम सिंह जमीन पर कब्जा करने के मामले में थाना प्रभारी पर एक पक्ष का सहयोग करने का आरोप लगा रहे हैं। पैसे लेकर जमीन कब्जा करवा रहे हैं। प्रधान पति को जेल भेजने की धमकी भी दे रहे है। वायरल वीडियो में प्रधानपति हजारा थानाध्यक्ष पर अभ्रदता कर थाने से भगाने और एक पक्ष को अवैध रुप से जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है।

## कोतवाली रोड बिना नंबर प्लेट दौड़ रहे दस ई रिक्शा ट्रैफिक पुलिस ने किए सीज मचा हड़कंप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बेरोजगारी होने के चलते ज्यादातर लोगों के द्वारा ई रिक्शा चलाकर अपना और बच्चों का पालन पोषण कर रहे हैं। इसमें कुछ ऐसे ई रिक्शा चालक है जो किराए पर ई रिक्शा लाकर परिवार का भरण पोषण कर रहे और कुछ ई रिक्शा चालकों ने इधर उधर से उधार रुपए लेकर तीस से 40 हजार रुपए में ई रिक्शा खरीद लिया और अपना गुजर बसर कर रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस ने बिना नंबर सड़कों पर दौड़ रहे 10 ई रिक्शा को सीज कर कोतवाली में खड़ा कर दिया। मामले मे मंगलवार पाँच बजे ट्रैफिक पुलिस के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि बिना नंबर ई रिक्शा पर सीज की कार्रवाई की गई हैं।

## पीएम श्री विद्यालय में वितरण की गई किटे

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी पीलीभीत ने ग्राम कैच में जाकर पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय कैंच में हाइजीन किट का वितरण किया गया है।संस्था के अवैतनिक सचिव कौशलेंद्र भदौरिया ने बताया अध्यक्ष जिलाधिकारी पीलीभीत के निर्देशन में ग्राम कैच में रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा 40 बच्चों को हाइजीन किट प्रदान करी गई हैं।बच्चों को स्कूल की शिक्षिकाओं के द्वारा साफ सफाई के विषय में भी जानकारी प्रदान करी गई टीवी अस्पताल के राजेश गंगवार ने बच्चों को टीवी के बारे में भी बताया कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्य राजेश गंगवार सचिव कौशलेंद्र भदौरिया ,सुखराम, हरप्रीत सिंह, गिरजेंद्र कुमार चांदनी बग्गा, बृजेश कुमार, बबिता मित्तल, नवनीत पाल सिंह, अपूर्वा आदि शिक्षक मौजूद रहे हैं।

## घर से बाहर जा रही महिला के ऊपर दबंगों ने किया हमला

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र धनपतगंज अंतर्गत अतरसुमा कला गांव मे अपने घर से निकलकर किसी कार्य से बाहर जा रही महिला के ऊपर घात लगाए बैठे दबंगो ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। महिला की बहन शकुंतला पुत्री बब्बन कोरी ने थाना धनपतगंज में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी बहन दयावती किसी कार्य बस घर से बाहर निकाल कर जा रही थी रास्ते में ही गांव के ही मिट्ठू विपिन व अज्जू घात लगाए बैठे थे जैसे ही दयावती उनके पास पहुंची अचानक कुल्हाड़ी से दबंग लोगों ने उसके ऊपर हमला कर दिया हल्ला गुहार हो जाने के बाद तीनो दबंग भाग गए। दयावती ने बताया कि इन दबंग जाते-जाते कहा कि तुम्हें ही नहीं तुम्हारे पूरे परिवार को जान से मार डालूंगा अचानक हुए इस हमले से महिला डरी सहमी हुई है उसकी बहन शकुंतला ने थाना धनपतगंज में नामजद तहरीर देते हुए दबंग के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करवाए जाने की मांग की है।

# बाउंड्रीवाल का हुआ लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। प्रा वि रामदासपुर मे वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शैलेन्द्र प्रताप सिंह एमएलसी सुल्तानपुर ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय परिवार के शुभचिंतकों ने अतिथियों का बैज लगाकर स्वागत किया। बच्चों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुति से सभी उपस्थित अभिभावकों के साथ सबका मनमोह लिया। कार्यक्रम में ही मुख्य अतिथि ने बाउंड्रीवाल का लोकार्पण किया और एक अशोक का पौधा लगाया। एमएलसी ने विद्यालय परिवार के मांग पत्र पर सहमति दी और प्रांगण में इंटरलॉकिंग करवाने का आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि एमएलसी ने विद्यालय में स्थित लक्ष्मण बाग का भ्रमण भी किया और विद्यालय के प्रत्येक अवयव का निरीक्षण कर आगंतुक पंजिका में अपने विचार भी अंकित किए। प्रभु कृपा से आज ही विद्यालय में शासन से बच्चों के लिए झूला सहित 3 प्रकार का मनोरंजक सामान भी पहुंच गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रथम छात्र बाबू शेर बहादुर सिंह पूर्व प्रधान, अनिल पंचवाल मैनेजर आईडीबीआई बैंक, प्रधान जमुना सिंह, प्रधान राम शब्द, अजीत सिंह प्रिंसिपल, अनिल श्रीवास्तव, संजय सिंह,यादवेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, वीर प्रताप सिंह, जय प्रकाश सिंह आलोक सिंह, अमरेंद्र सिंह, विक्रांत सिंह,राम जतन, राजेश शर्मा, अमित साहू, हरिविलास वर्मा, विश्वनाथ, नीलम चौरसिया , सपना, अनीता यादव, पिंकी शर्मा, शकुन्तला, प्रियंका वर्मा, गीता यादव, शीला, रंजना, बेचू, सूरज सिंह के साथ बड़ी संख्या में गाँव के अभिभावक, माता पिता भी उपस्थित रहे।

# जगदीशपुर पुलिस ने चोरी की सामग्री के साथ दो युवकों को भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना जगदीशपुर पुलिस ने चोरी की एक अदद ठेलिया, एक अदद इन्वर्टर,एक अदद बैटरी, एक अदद गैस सिलेन्डर व चोरी के सिगरेट ,तम्बाकू आदि के पैकेटों के साथ दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को उप निरीक्षक को महेन्द्र सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर चोरी के मामले में नामजद गौस मोहम्मद उर्फ टीटू पुत्र हुक्कल निवासी हकीम मोहल्ला कस्बा निहालगढ़ थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब चालीस वर्ष को समय करीब दो बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से एक अदद ठेलिया,तीन डिब्बी कैप्टन सिगरेट पैक्ड, चार डिब्बी छोटी गोल्ड सिगरेट पैक्ड, दो डिब्बी क्लासिक सिगरेट पैक्ड,एक डिब्बी बोरो सिगरेट पैक्ड, एक डिब्बी तंबाकू तुलसी पैक्ड, एक डिब्बी तंबाकू बाबा पैक्ड बरामद हुई है। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में युवक ने बताया कि बीते माह की ग्यारह फरवरी की रात में जीजीआईसी गेट के निकट एक पान गुमटी से चोरी किया था एवं ठेलिया के बारे में बताया कि दिनांक तेरह फरवरी की रात्रि में त्रिवेदी के गोदाम से चोरी किया था एवं चोरी का अन्य सामान अपने दोस्त रमेश यादव पुत्र ब्रजपाल यादव निवासी कस्बा निहालगढ़ थाना जगदीशपुर के घर में चोरी का सामान बताकर रखा है। चोरी के अन्य तंबाकू व सिगरेट के डिब्बी पीकर खत्म कर दिया है। पुलिस ने पकड़े गये युवक की निशानदेही से रमेश यादव उपरोक्त के घर से एक अदद इन्वर्टर लुमिनस, एक अदद एलपीजी गैस सिलेंडर कमर्शियल उन्नीस किलो,एक अदद बैटरी के साथ रमेश यादव पुत्र ब्रजपाल यादव निवासी कस्बा निहालगढ़ थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी को रात्रि में गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये दोनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# शर्मसार हैं हम

कर्नाटक के हंपी में इस्राइली पर्यटक समेत दो महिलाओं के साथ गैंगरेप की घटना का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि दिल्ली में एक ब्रिटिश पर्यटक से दुराचार का घृणित मामला सामने आया है। निश्चय ही यह देश की छवि को धूमिल करने वाला कृत्य है। हंपी की घटना तो भयावह थी, जिसमें रात में कैंपिंग कर रहे तीन पर्यटकों को नहर में फेंक दिया गया और तीन अपराधियों ने इस्राइली महिला व एक भारतीय महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया। दोनों महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं नदी में फेंके गए एक पर्यटक की मौत हो गई, जिसका शव बरामद कर लिया गया। पर्यटकों में एक अमेरिकी व दो भारतीय थे। बदमाशों ने न केवल दुष्कर्म किया बल्कि मारपीट व लूटपाट भी की। हालांकि, तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन देश की प्रतिष्ठा को जो आंच आई है, उसकी क्षतिपूर्ति संभव नहीं। विदेशों में भारत की छवि यौन अपराधियों के चलते लगातार खराब हो रही है। गाहे-बगाहे सुनसान पर्यटक स्थलों पर यौन दुर्व्यवहार की घटनाएं अक्सर सुनने को मिलती हैं। वहीं दूसरी ओर दिल्ली के एक होटल में एक ब्रिटिश पर्यटक के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया। एक युवक ने सोशल मीडिया पर दोस्ती करके भारत घूमने आई ब्रिटिश महिला को दिल्ली बुलाया और एक होटल में दुष्कर्म किया। इस मामले में ब्रिटिश दूतावास ने संज्ञान लिया है। बहुत संभव है कि विदेशी सरकारें भारत आने वाले पर्यटकों को लेकर कोई नकारात्मक एडवाइजरी जारी करें। हाल के दिनों में भारत में यौन अपराधों की बाढ़-सी आई हुई है। न केवल विदेशियों बल्कि भारतीय महिलाओं के साथ घृणित यौन अपराधों की तमाम घटनाएं प्रकाश में आ रही हैं। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस नैतिक पराभव का कारण क्या है। कहीं न कहीं ये जीवन मूल्यों में क्षरण का भी परिचायक है। दरअसल, इंटरनेट और कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अश्लील सामग्री की बाढ़-सी आई हुई है। देश का युवा उसकी चपेट में आकर भटकाव की राह में बढ़ रहा है। सामाजिक स्तर पर संयुक्त परिवारों के बिखराव से भी यह संकट और बढ़ा है। गांव व शहर में पहले सामाजिक संरचना मनुष्य को संयमित व मर्यादित जीवन जीने को बाध्य करती थी। हमारी शिक्षा व्यवस्था से नैतिक शिक्षा की कमी भी अखरती है। दरअसल, सोशल मीडिया पर ऐसे कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जा रहा है जो पश्चिमी जीवन शैली की तर्ज पर स्वच्छंद यौन व्यवहार को प्रोत्साहित करते हैं। जिसे युवा सामान्य जीवन में स्वच्छंदता का पर्याय मानने लगा है। कहीं न कहीं महानगरीय संस्कृति में नई पीढ़ी पर परिवार संस्था की ढीली होती पकड़ भी इन अपराधों के मूल में है। समाज विज्ञानियों को आत्ममंथन करना होगा कि यौन अपराधों को लेकर सख्त कानून बनने के बावजूद इस आपराधिक प्रवृत्ति पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है। इस दिशा में सरकार, समाज व परिवार को गंभीरता से मंथन करना होगा। अन्यथा भारत यौन अपराधों की राजधानी बनने में देर नहीं लगेगी।

दिल्ली में एक ब्रिटिश पर्यटक से दुराचार का घृणित मामला सामने आया है। निश्चय ही यह देश की छवि को धूमिल करने वाला कृत्य है। हंपी की घटना तो भयावह थी, जिसमें रात में कैंपिंग कर रहे तीन पर्यटकों को नहर में फेंक दिया गया और तीन अपराधियों ने इस्राइली महिला व एक भारतीय महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया। दोनों महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं नदी में फेंके गए एक पर्यटक की मौत हो गई, जिसका शव बरामद कर लिया गया।

# ट्रम्प प्रशासन के टैरिफ सम्बंधी निर्णय का भारत पर प्रभाव

अमेरिका में इस साल 20 जनवरी को नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ली गई शपथ के उपरांत उनका प्रशासन आर्थिक एवं अन्य क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण फैसले बहुत तेज गति से ले रहा है। इससे विश्व के कई देश प्रभावित हो रहे हैं एवं कई देशों को तो यह भी समझ में नहीं आ रहा है कि अंततः आगे आने वाले समय में इन फैसलों का प्रभाव इन देशों पर किस प्रकार होगा। ट्रम्प प्रशासन अमेरिका में विभिन्न उत्पादों के हो रहे आयात पर टैरिफ की दरों को बढ़ा रहा है क्योंकि इन देशों द्वारा अमेरिका से आयात पर ये देश अधिक मात्रा में टैरिफ लगाते हैं। चीन, कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में होने वाले विभिन्न उत्पादों के आयात पर तो टैरिफ को बढ़ा भी दिया गया है। इसी प्रकार भारत के मामले में भी ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि भारत, अमेरिका से आयातित कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाता है अतः अमेरिका भी भारत से आयात किए जा रहे कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा। इस संदर्भ में हालांकि केवल भारत का नाम नहीं लिया गया है बल्कि 'टिट फोर टेट' एवं 'रेसिप्रोकल' आधार पर कर लगाने की बात की जा रही है और यह समस्त देशों से अमेरिका में हो रहे आयात पर लागू किया जा सकता है एवं इसके लागू होने की दिनांक भी 2 अप्रैल 2025 तय कर दी गई है। इस प्रकार की नित नई घोषणाओं का असर अमेरिका सहित विभिन्न देशों के पूंजी (शेयर) बाजार पर स्पष्टतः दिखाई दे रहा है एवं शेयर बाजारों में डर का माहौल बन गया है। अमेरिका में उपभोक्ता आधारित उत्पादों का आयात अधिक मात्रा में होता है और अब अमेरिका चाहता है कि इन उत्पादों का उत्पादन अमेरिका में ही प्रारम्भ हो ताकि इन उत्पादों का अमेरिका में आयात कम हो सके। दक्षिण कोरीया, जापान, कनाडा, मेक्सिको आदि जैसे देशों की अर्थव्यवस्था केवल कुछ क्षेत्रों पर ही टिकी हुई है अतः इन देशों पर अमेरिका में बदल रही नीतियों का अधिक विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। जबकि भारत एक विविध प्रकार की बहुत बड़ी अर्थव्यवस्था है, अतः भारत को कुछ क्षेत्रों में यदि नुकसान होगा तो कुछ क्षेत्रों में लाभ भी होने की प्रबल सम्भावना है। संभवतः अमेरिका ने भी अब यह एक तरह से स्वीकार कर लिया है कि भारत के कृषि क्षेत्र को टैरिफ युद्ध से बाहर रखा जा सकता है, क्योंकि भारत के किसानों पर इसका प्रभाव विपरीत रूप से पड़ता है। और, भारत यह किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगा कि भारत के किसानों को नुक्सान हो। डेयरी उत्पाद एवं समुद्रीय उत्पादों में भी आवश्यक खाने पीने की वस्तुएं शामिल हैं। भारत अपने देश में इन उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उद्देश्य से इन उत्पादों के आयात पर टैरिफ लगाता है, ताकि अन्य देश सस्ते दामों पर इन उत्पादों को भारत के बाजार में डम्प नहीं कर सकें। साथ ही, भारत में मिडल क्लास की मात्रा में वृद्धि अभी हाल के कुछ वर्षों में प्रारम्भ हुई है अतः यह वर्ग देश में उत्पादित सस्ती वस्तुओं पर अधिक निर्भर है, यदि इन्हें आयातित महंगी वस्तुएं उपलब्ध कराई जाती हैं तो वह इन्हें सहन नहीं कर सकता है। अतः यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह अपने नागरिकों को सस्ते उत्पाद उपलब्ध करवाए। अन्यथा, यह वर्ग एक बार पुनः गरीबी रेखा के नीचे आ जाएगा। भारत ने मुद्रा स्फीति को भी कूटनीति के आधार पर नियंत्रण में रखने में सफलता प्राप्त की है। रूस, ईरान, अमेरिका, इजराइल, चीन, अरब समूह आदि देशों के साथ अच्छे सम्बंध रखकर विदेशी व्यापार करने में सफलता प्राप्त की है। जहां से भी जो वस्तु सस्ती मिलती है भारत उस देश से उस वस्तु का आयात करता है। इसी नीति पर चलते हुए, कच्चे तेल के आयात के मामले में भी भारत ने विभिन्न देशों से भारी मात्रा में छूट प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है और ईंधन के दाम भारत में पिछले लम्बे समय से स्थिर बनाए रखने में सफलता मिली है। अमेरिका द्वारा चीन, कनाडा एवं मेक्सिको पर लगाए गए टैरिफ के बढ़ाने के पश्चात इन देशों द्वारा भी अमेरिका से आयातित कुछ उत्पादों पर टैरिफ लगा दिए जाने के उपरांत अब विभिन्न देशों के बीच व्यापार युद्ध एक सच्चाई बनता जा रहा है। परंतु, क्या इसका असर भारत के विदेशी व्यापार पर भी पड़ने जा रहा है अथवा क्या कुछ ऐसे क्षेत्र भी ढूढ़े जा सकते हैं जिनमें भारत लाभप्रद स्थिति में आ सकता है। जैसे, अपैरल (सिले हुए कपड़े) एवं नान अपैरल टेक्सटायल का मेक्सिको से अमेरिका को निर्यात प्रतिवर्ष लगभग 450 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहता है और मेक्सिको का अमेरिका को निर्यात के मामले में 8वां स्थान है। अमेरिका द्वारा मेक्सिको से आयात पर टैरिफ लगाए जाने के बाद टेक्सटायल से सम्बंधित उत्पाद अमेरिका में महंगे होने लगेंगे अतः इन उत्पादों का आयात अब अन्य देशों से किया जाएगा। मेक्सिको अमेरिका को 250 करोड़ अमेरिकी डॉलर के कॉटन अपैरल का निर्यात करता है एवं 150 करोड़ अमेरिकी डॉलर के नान कॉटन अपैरल का निर्यात करता है। कॉटन अपैरल के आयात के लिए अब अमेरिकी व्यापारी भारत की ओर देखने लगे हैं एवं इस संदर्भ में भारत के निर्यातकों के पास पूछताछ की मात्रा में वृद्धि देखी जा रही है। इन परिस्थितियों के बीच, टेक्स्टायल उद्योग के साथ ही, फार्मा क्षेत्र, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र, इंजीयरिंग क्षेत्र एवं श्रम आधारित उद्योग जैसे क्षेत्रों में भी भारत को लाभ हो सकता है। यदि अमेरिका अपने देश में हो रहे उत्पादों के आयात पर टैरिफ में लगातार वृद्धि करता है तो यह उत्पाद अमेरिका में बहुत महंगे हो जाएंगे और इससे अमेरिकी नागरिकों पर मुद्रा स्फीति का दबाव बढ़ेगा। क्या अमेरिकी नागरिक इस व्यवस्था को लम्बे समय तक सहन कर पाएंगे। उदाहरण के तौर पर फार्मा क्षेत्र में भारत से जेनेरिक्स दवाईयों का निर्यात भारी मात्रा में होता है। यदि अमेरिका भारत के उत्पादों पर टैरिफ लगाता है तो इससे अधिक नुक्सान तो अमेरिकी नागरिकों को ही होने जा रहा है। भारत से आयात की जा रही सस्ती दवाएं अमेरिका में बहुत महंगी हो जाएंगी। इससे अंततः अमेरिकी नागरिकों के बीच असंतोष फैल सकता है। अतः अमेरिका के ट्रम्प प्रशासन के लिए टैरिफ को लम्बे समय तक बढ़ाते जाने की अपनी सीमाएं हैं। अमेरिका विश्व का सबसे पुराना लोकतंत्र एवं सबसे बड़ा विकसित देश है और इस नाते अन्य देशों के प्रति अमेरिका की जवाबदारी भी है। टैरिफ बढ़ाए जाने के सम्बंध में एकतरफा कार्रवाई अमेरिका की अन्य देशों के साथ सौदेबाजी की क्षमता तो बढ़ा सकती है परंतु यह कूटनीति लम्बे समय तक काम नहीं आ सकती है। अमेरिकी नागरिकों के साथ-साथ अन्य देशों में भी असंतोष फैलेगा। कोई भी व्यापारी नहीं चाहता कि नीतियों में अस्थिरता बनी रहे। इसका सीधा सीधा असर विश्व के समस्त स्टॉक मार्केट पर विपरीत रूप से पड़ता हुआ दिखाई भी दे रहा है। यदि यह स्टॉक मार्केट के अतिरिक्त अन्य बाजारों एवं नागरिकों के बीच में भी फैला तो मंदी की सम्भावनाओं को भी नकारा नहीं जा सकता है। अमेरिका के साथ साथ अन्य कई देश भी मंदी की चपेट में आए बिना नहीं रह पाएंगे। अर्थात, इस प्रकार की नीतियों से विश्व के कई देश विपरीत रूप में प्रभावित होंगे। अमेरिका को भी टैरिफ के संदर्भ में इस बात पर एक बार पुनः विचार करना होगा कि विकसित देशों पर तो टैरिफ लगाया जा सकता है क्योंकि अमेरिका एवं इन विकसित देशों में परिस्थितियां लगभग समान है। परंतु विकासशील देशों जैसे भारत आदि में भिन्न परिस्थितियों के बीच तुलनात्मक रूप से अधिक परेशानियों का सामना करते हुए विनिर्माण क्षेत्र में कार्य हो रहा है, अतः विकसित देशों एवं विकासशील देशों को एक ही तराजू में कैसे तौला जा सकता है। विकासशील देशों ने तो अभी हाल ही में विकास की राह पर चलना शुरू किया है और इन देशों को अपने करोड़ों नागरिकों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाना है। इनके लिए विकसित देश बनने में अभी लम्बा समय लगना है। अतः विकसित देशों को इन देशों को विशेष दर्ज़ा देकर इनकी आर्थिक मदद करने के लिए आगे आना चाहिए। अमेरिका को विकसित देश बनने में 100 वर्ष से अधिक का समय लग गया है और फिर विकासशील देशों के साथ इनकी प्रतिस्पर्धा कैसे हो सकती है। विकासशील देशों को अपनी अर्थव्यवस्था को बचाने का अधिकार है, अतः विकासशील देश तो टैरिफ लगा सकते हैं परंतु विकसित देशों को इस संदर्भ में पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। **–प्रहलाद सबनानी**

ट्रम्प प्रशासन अमेरिका में विभिन्न उत्पादों के हो रहे आयात पर टैरिफ की दरों को बढ़ा रहा है क्योंकि इन देशों द्वारा अमेरिका से आयात पर ये देश अधिक मात्रा में टैरिफ लगाते हैं। चीन, कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में होने वाले विभिन्न उत्पादों के आयात पर तो टैरिफ को बढ़ा भी दिया गया है। इसी प्रकार भारत के मामले में भी ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि भारत, अमेरिका से आयातित कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाता है अतः अमेरिका भी भारत से आयात किए जा रहे कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा। इस संदर्भ में हालांकि केवल भारत का नाम नहीं लिया गया है बल्कि 'टिट फोर टेट' एवं 'रेसिप्रोकल' आधार पर कर लगाने की बात की जा रही है और यह समस्त देशों से अमेरिका में हो रहे आयात पर लागू किया जा सकता है एवं इसके लागू होने की दिनांक भी 2 अप्रैल 2025 तय कर दी गई है। इस प्रकार की नित नई घोषणाओं का असर अमेरिका सहित विभिन्न देशों के पूंजी (शेयर) बाजार पर स्पष्टतः दिखाई दे रहा है एवं शेयर बाजारों में डर का माहौल बन गया है। अमेरिका में उपभोक्ता आधारित उत्पादों का आयात अधिक मात्रा में होता है और अब अमेरिका चाहता है कि इन उत्पादों का उत्पादन अमेरिका में ही प्रारम्भ हो ताकि इन उत्पादों का अमेरिका में आयात कम हो सके। दक्षिण कोरीया, जापान, कनाडा, मेक्सिको आदि जैसे देशों की अर्थव्यवस्था केवल कुछ क्षेत्रों पर ही टिकी हुई है अतः इन देशों पर अमेरिका में बदल रही नीतियों का अधिक विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। जबकि भारत एक विविध प्रकार की बहुत बड़ी अर्थव्यवस्था है, अतः भारत को कुछ क्षेत्रों में यदि नुकसान होगा तो कुछ क्षेत्रों में लाभ भी होने की प्रबल सम्भावना है। संभवतः अमेरिका ने भी अब यह एक तरह से स्वीकार कर लिया है कि भारत के कृषि क्षेत्र को टैरिफ युद्ध से बाहर रखा जा सकता है, क्योंकि भारत के किसानों पर इसका प्रभाव विपरीत रूप से पड़ता है।

# कांग्रेस गठबंधन शासित राज्यों में तुष्टीकरण की स्पर्धा

**रमेश शर्मा**

कांग्रेस और उनके गठबंधन वाली विभिन्न सरकारों में हिन्दू हितों को सीमित करके मुस्लिम तुष्टीकरण की मानों कोई स्पर्धा चल रही है। मुस्लिम तुष्टीकरण की दिशा में एक सरकार कोई घोषणा करती है तो दूसरी सरकार उसका अनुसरण करते हुये और नई सौगात दौड़कर नया इतिहास बना रही है। इसे हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड, कर्नाटक, केरल आदि सरकारों की घोषणाओं से समझा जा सकता हैं। वास्?तव में मुस्लिम तुष्टीकरण की यह स्पर्धा देश के नौ प्रदेशों में चल रही है। इनमें कांग्रेस अथवा उनके गठबंधन दलों की सरकारें हैं। इनमें कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश , तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाड और झारखंड प्रमुख हैं। ये सरकारें दोनों प्रकार से तुष्टीकरण कर रही हैं। एक ओर मुस्लिम हितों का संवर्धन और दूसरी ओर हिन्दू हितों का शोषण। इसके लिए हिमाचल प्रदेश सरकार का नया निर्णय सामने आया है। हिमाचल प्रदेश सरकार ने अल्पसंख्यक कल्याण का बजट तो बढ़ाया लेकिन सरकार की दो योजनाओं का व्यय मंदिर ट्रस्ट के कंधे पर डाल दिया है। हिमाचल प्रदेश ही नहीं देशभर के अधिकांश मंदिरों ट्रस्ट के संचालन पर राज्य सरकारों का नियंत्रण होता है। यह हिमाचल प्रदेश में भी है। हिमाचल सरकार ने इसी का लाभ उठाया है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी बड़े मंदिरों को पत्र लिखकर दो योजनाओं में आर्थिक सहायता मांगी है। इस पत्र के साथ ही मंदिर ट्रस्ट से जुड़े अधिकारियों ने सूची बनाकर इन मंदिरों से प्राप्त होने वाली कुल राशि का आकलन कर लिया है। इससे कई कदम आगे अब कर्नाटक सरकार ने अपने बजट में मुस्लिम समाज को सशक्त बनाने के लिए घोषणाओं की झड़ी लगा दी है। कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्दरमैया के पास वित्त विभाग भी है। उन्होने पिछले दिनों वर्ष 2025-26 केलिये अपनी सरकार का बजट प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अपने बजट में मुस्लिम तुष्टीकरण के लिए एक दो नहीं कुल तेरह योजनाओं की घोषणा की हैं। इसमें सबसे बड़ी घोषणा है सरकारी ठेकों में मुस्लिम ठेकेदारों को चार प्रतिशत आरक्षण देना। इस निर्णय के साथ ही अब कर्नाटक में शासकीय, अर्ध शासकीय निर्माण कार्य के ठेकों में चार प्रतिशत कार्य मुस्लिम ठेकेदारों को ही दिये जायेंगे। अब तक विभिन्न राज्य सरकारों ने सरकारी नौकरियों में तो मुसलमानों को आरक्षण का प्रावधान किया है। लेकिन ठेकों में आरक्षण देने की घोषणा करने वाला कर्नाटक पहला राज्य बन गया है। सरकारी ठेकों में मुस्लिम आरक्षण की घोषणा के साथ कर्नाटक में इमामों को छह हजार रुपये मासिक भत्ता देने, मुस्लिम लड़कियों के लिए 15 नए महिला महाविद्यालय खोलने की घोषणा भी की है । ये नये महाविद्यालयों का निर्माण वक्फ की जमीन पर होगा। लेकिन इनके निर्माण कार्य पर पूरा पैसा सरकार लगाएगी। इनके संचालन में बक्फ बोर्ड की भूमिका प्रमुख होगी। तुष्टीकरण की अन्य घोषणाओं में अल्पसंख्यक समाज के सामूहिक विवाह आयोजित करने वाले अशासकीय संगठनों को प्रति जोड़े पचास हजार रुपये की राशि देने, 250 मौलाना आजाद मॉडल इंग्लिश मीडियम स्कूल में चरणबद्ध तरीके से 'प्री-प्राइमरी' से पूर्व विश्वविद्यालय कक्षाएं शुरू करने, उर्दू माध्यम की शिक्षा देने वाले सौ विद्यालयों को अनुदान के रूप में सौ करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस योजना पर कुल चार सौ करोड़ रुपये का व्यय अनुमानित है। इसमें सौ करोड़ की राशि इस वर्ष के लिए है। कर्नाटक के विभिन्न नगरों में अल्पसंख्यक समाज केलिये अलग कॉलोनियों का विकास होगा। इस मद पर एक हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। वक्फ संपत्तियों और कब्रिस्तानों के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सरकार 150 करोड़ रुपये व्यय करेगी। मुस्लिम सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 50 लाख रुपये का अनुदान दिया जाएगा। मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में नए आईटीआई कॉलेज की स्थापना की जाएगी ताकि मुस्लिम समाज के बच्चों का स्किल डेवलपमेंट हो सके। इनमें मुस्लिम छात्रों के लिए 50 प्रतिशत शुल्क की छूट दी जाएगी। इसके अतिरिक्त उलाल नगर में मुस्लिम लड़कियों के लिए आवासीय महाविद्यालय की स्थापना की जाएगी। जो मुस्लिम छात्र विदेश जाकर पढ़ना चाहते हैं उनके लिए छात्रवृत्ति में वृद्धि की जायेगी। बेंगलुरु नगर के हज भवन का विस्तार किया जायेगा। इसके साथ मुस्लिम छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने की भी घोषणा की गई है।

## सेहत मंत्र

# वजन कम करने के साथ ही शरीर को एनर्जी से भरपूर रखता है नट्स

अगर आप संपूर्ण पोषण के साथ ही अपना वेट कंट्रोल करना चाहते हैं, तो बता दें कि नट्स आपके लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकते हैं। एक रिसर्च के मुताबिक बादाम और पिस्ता जैसे मेवे खाने से पेट की चर्बी नहीं बढ़ती है। बल्कि इन मेवों के सेवन से बेहतर वेट प्रबंधन में सहायता करते हैं और यह ऊर्ज़ा का अधिक कुशल स्त्रोत होता है। ट्री नट्स में वसा और कैलोरी की अधिक मात्रा पाई जाती है। यह गलत धारणा लोगों के बीच फैली है कि नट्स के सेवन से वेट बढ़ने लगता है। वहीं तमाम अध्ययनों से पता चला है कि रोजाना पिस्ता जैसे ट्री नट्स का सेवन करने से शरीर में एनर्जी बनी रहती है। अमरीका में वेंडरबिल्ट यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर के शोधकर्ताओं ने 84 युवा वयस्कों पर यह शोध किया था। इन प्रतिभागियों को लाइफस्टाइल की आदतों या डाइट की आदतों में बिना बदलाव के फर्क देखने को मिलेगा। वहीं महिलाओं में मेटाबॉलिक सिंड्रोम के जोखिम में 67 फीसदी की कमी और जोखिम में 42 फीसदी की कमी पाई गई। वहीं मिश्रित ट्री नट्स खाने से महिला प्रतिभागियों की पेट की चर्बी कम हो गई। पेट की चर्बी मधुमेह, हृदय रोग और मेटाबॉलिक सिंड्रोम के लिए प्रमुख जोखिम कारक है। वहीं पुरुष प्रतिभागियों द्वारा मिश्रित ट्री नट्स खाने से रक्त में इंसुलिन का स्तर कम हो गया। यह एक अन्य अहम जोखिम कारक था। शोधकर्ता टीम के मुताबिक ट्री नट्स खाने वाले प्रतिभागी कार्बोहाइड्रेट स्नैक की तुलना में ऊर्ज़ा के लिए वसा का ज्यादा कुशलता से इस्तेमाल करने में सक्षम थे। शोधकर्ताओं ने बताया कि शरीर के वेट पर ट्री नट्स खाने के स्वतंत्र प्रभावों की जांच करने में सक्षम बनाने के लिए डिजाइन किया है। वहीं अध्ययन में यह भी साबित हुआ है कि 16 सप्ताह के दौरान प्रतिभागियों ने जितनी भी कैलोरी का सेवन किया। वह हर रोज खर्च की कई कैलोरी की मात्रा से मेल खाती है।

## धर्म मंत्र

# सूर्य देव की कृपा पाने के लिए रोजाना करें आदित्य हृदय स्त्रोत का पाठ

धार्मिक मान्यता के मुताबिक देवी अदिति और महर्षि कश्यप के पुत्र सूर्य देव का जन्म हुआ था। सूर्यदेव की उपासना करने के लिए रविवार और सप्तमी का दिन उत्तम माना गया है। भविष्य पुराण के अनुसार, जो व्यक्ति सूर्यदेव की उपासना करते हैं, उनको ऐश्वर्य, आरोग्य, धन व संतान की प्राप्ति होती है। ज्योतिष शास्त्र में सूर्य को नवग्रहों का राजा माना जाता है और सूर्यदेव को सबसे विशिष्ट स्थान प्राप्त है। सूर्य को पिता, पुत्र, यश, तेज, आरोग्यता, प्रसिद्धि, आत्मविश्वास और इच्छाशक्ति का कारक माना गया है। सूर्य देव की आराधना से जातक को सूर्य के समान तेज और यश की प्राप्त होती है। कुंडली में सूर्य को मजबूत करने के लिए जातक को आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करना चाहिए। इस स्त्रोत का पाठ रविवार के दिन से शुरू करना चाहिए। फिर रोजाना सुबह इस स्त्रोत का पाठ करने से व्यक्ति को जल्द ही सकारात्मक परिणाम देखने को मिलते हैं। वहीं सूर्य देव की कृपा से जातक को सभी तरह के कष्टों से छुटकारा मिल जाता है। भगवान सूर्य देव को प्रसन्न व उनकी अनुकम्पा पाने के लिए आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ किया जाता है। रामायण में वाल्मीकि जी द्वारा इस पाठ का उल्लेख किया गया है। लंका पर विजय प्राप्त करने के लिए ऋषि अगस्त्य ने भगवान श्री राम को इस स्तोत्र को दिया था। वहीं ज्योतिष में भी आदित्य हृदय स्त्रोत का विशेष महत्व माना जाता है। इस स्त्रोत का नियमित रूप से पाठ करने से व्यक्ति की कुंडली में सूर्य समेत अन्य सभी ग्रहों की स्थिति मजबूत होती है और जातक के जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

## पर्यटन



# भगवान शिव की नगरी के रूप में जाना जाता है बनारस शहर

विश्व का सबसे पुराना जीवंत शहर, वाराणसी- जिसे काशी और बनारस के नाम से भी जाना जाता है, भारत की आध्यात्मिक राजधानी है। यह हिंदू धर्म के सात पवित्र शहरों में से एक है। वाराणसी का पुराना शहर गंगा के पश्चिमी किनारे पर स्थित है, जो संकरी गलियों की भूलभुलैया में फैला हुआ है। वाराणसी में लगभग हर मोड़ पर मंदिर हैं, लेकिन काशी विश्वनाथ मंदिर सबसे विशाल और सबसे पुराना मंदिर है। बनारस को भगवान शिव की नगरी के रूप में जाना जाता है और मान्यता है कि यह उनके त्रिशूल पर टिकी हुई है। वाराणसी को मरने के लिए एक शुभ स्थान माना जाता है, क्योंकि ऐसा माना जाता है कि यह शहर जीवन और मृत्यु के चक्र से मोक्ष या मुक्ति प्रदान करता है। शहर की सबसे प्रतिष्ठित विशेषताओं में से एक गंगा के किनारे 80 घाट हैं, जहां दैनिक जीवन से जुड़े अनुष्ठानों, समारोहों और आध्यात्मिक प्रथाओं से जुड़े आयोजन देखने को मिलते हैं। यहां दशाश्वमेध घाट और मुख्य घाट से मंत्रमुग्ध कर देने वाली गंगा आरती देखते ही बनती है जब पुजारी लयबद्ध गति के साथ पवित्र नदी की पूजा करते हैं। सूर्योदय या सूर्यास्त के दौरान गंगा के किनारे नाव की सवारी एक शांत अनुभव प्रदान करती है, जिससे आगंतुकों को शहर की शाश्वत सुंदरता देखने का मौका मिलता है। वाराणसी की संकरी घुमावदार गलियों में कई मंदिर, दुकानें और भोजनालय हैं। यह गलियां ऐतिहासिक सारनाथ जैसे छिपे हुए रत्नों की ओर ले जाती है, जहाँ भगवान बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया था। त्योहारों के दौरान, विशेषकर दिवाली और होली के दौरान यह शहर रंगों और ध्वनियों से नहाया होता है। दिवाली के दौरान हजारों दीयों से सजे जीवंत घाट मंत्रमुग्ध कर देने वाले दृश्य का निर्माण करते हैं। वाराणसी के स्थानीय बाज़ार, जैसे विश्वनाथ गली और ठठेरी बाज़ार, हस्तनिर्मित रेशम, पीतल के बर्तन और पारंपरिक बनारसी साड़ियों की एक श्रृंखला पेश करते हैं। वाराणसी की यात्रा का सबसे अच्छा समय सर्दियों के महीनों (अक्टूबर से मार्च) के दौरान होता है, जब मौसम सुहावना होता है और शहर त्योहारों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से जीवंत होता है।

# सत्संग में व्यक्ति, जाति धर्म की आलोचना का स्थान नहीं : पंकज जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

त्रिवेदीगंज/?लोनीकटरा बाराबंकी। सन्त पंकज जी महाराज कहते है कि सन्तों एवं महापुरुषों का सत्संग बड़े भाग्य से मिलता है। सत्संग में किसी व्यक्ति, जाति धर्म की निन्दा आलोचना नहीं की जाती , यहाँ प्रभु की भक्ति की प्रेरणा दी जाती है। मनुष्य शरीर में दोनों आँखों के मध्य भाग में जीवात्मा विराजमान है। इसमें देवी-देवताओं, ब्रह्माण्डों की सृष्टि को देखने की दिव्य दृष्टि तथा ऊपरी मण्डलों से आने वाली अनहद वाणी, कलमा सुनने का तीसरा कान है, जिसका भेद सन्त महात्मा फकीर ही जानते है। पंकज जी महाराज विकासखण्ड त्रिवेदीगंज के ग्राम बेहटा में आयोजित

आध्यात्मिक वैचारिक जनजागरण सत्संग सभा में बोल रहे थे। 57





## बेहटा में महाराज जी का भव्य स्वागत

दिवसीय जागरण यात्रा का आज यहां पहला पड़ाव है। यात्रा का यहां भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने जनकल्याण भावना प्रतिबद्धता दोहराते आगे कहा कि हम आध्यात्मिक जागरण कराकर लोगों को मानव जीवन के असली लक्ष्य का बोध कराने, अच्छे समाज के निर्माण के जनहितकारी अभियान पर निकले है। हम चाहते है सभी लोग शाकाहारी बनें, शराब तथा अन्य घातक नशों का त्याग करें, आंखों में माँ-बहन बेटी की पहचान लायें, अच्छे समाज के निर्माण में भागीदार बनें। बाराबंकी सन्तों की पावन भूमि है। आप सभी थोड़ा सा समय निकालकर भगवान की याद करें, खुदा की इबादत करें। इससे रोजी-रोटी कमाने में बरकत मिलेगी, जीवन सुखमय होगा।

इस अवसर पर संस्था के महामंत्री बाबूराम यादव, बिहार प्रदेश अध्यक्ष मृत्युंजय झा, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजय पाल सिंह, प्रबंध समिति के सदस्य मुहम्मद ईशा, जिलाध्यक्ष रामचन्द्र यादव, ब्लाक अध्यक्ष गौरी शंकर वर्मा, सुन्दर लाल यादव, अकबाल बहादुर आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद जनजागरण यात्रा अगले पढ़ाव ग्राम नरदही ब्लाक त्रिवेदीगंज के लिये प्रस्थान कर गई। यहाँ बुधवार को प्रातः 11 बजे सत्संग आयोजित है।

# निहालगढ़ रेलवे क्रासिंग पर मालगाड़ी और कंटेनर में हुई टक्कर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। थाना जगदीशपुर के रेलवे स्टेशन निहालगढ़ रेलवे क्रासिंग पर मालगाड़ी ने क्रासिंग पर फंसे कंटेनर को टक्कर मार दी और उसे सौ मीटर तक घसीटते हुये ले गई। हादसे में ट्रेन के लोको पायलट और कंटेनर के ड्राइवर घायल हो गये है।सोमवार रात दो बजे ट्रेन आने की सूचना मिलते ही गेटमैन ने क्रॉसिंग बंद कर दी। इस दौरान कंटेनर चालक अंदर घुस गया जिससे कंटेनर क्रॉसिंग के बीचों बीच फंस गया। कंटेनर चालक ने गेटमैन से क्रॉसिंग खोलने को कहा लेकिन उसने मना कर दिया।इसके बाद दोनों के बीच कहासुनी हो गई तभी वाराणसी की तरफ से मालगाड़ी आ गई और कंटेनर में टक्कर मार दी। निहालगढ़ रेलवे क्रासिंग पर मालगाड़ी और कंटेनर में टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन, बैरिकेडिंग और पोल टूट गए। ट्रेन के इंजन का शीशा भी टूट गया। 58 सेकेंड के वीडियो में दिख रहा है कि कंटेनर रेलवे फाटक के बीच में फंसा हुआ है। चालक बार बार कंटेनर को आगे पीछे करने की कोशिश कर रहा है। इसी बीच एक मालगाड़ी आती है और कंटेनर को टक्कर मारते हुए करीब सौ मीटर तक घसीट ले जाती है। टक्कर के दौरान ट्रैक से चिंगारी निकलने लगती है। इस हादसे के बाद लखनऊ सुल्तानपुर और वाराणसी रेलवे ट्रैक पूरी तरह बाधित हो गया। ट्रेनें अपनी जगह पर रुक गई हैं। रेलवे कर्मचारी ट्रैक की मरम्मत और कंटेनर को हटाने में जुटे हैं। हादसे के चलते रायबरेली अयोध्या राष्टीय राजमार्ग पर पर दोनों तरफ कई घण्टे तक जाम लगा रहा। इस घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे प्रशासन ने यातायात को डायवर्ट कर दिया है।अयोध्या की ओर से आने वाले वाहनों को रानीगंज से वारिसगंज होते हुये लखनऊ वाराणसी राष्टीय राजमार्ग पर भेजा जा रहा है। वहीं रायबरेली, सुल्तानपुर और प्रतापगढ़ से अयोध्या जाने वाले वाहनों को जगदीशपुर चौराहा और श्री रामगंज चौराहा की तरफ से भेजा जा रहा।

# पापुलेशन फाउंडेशन आफ इंडिया से आई 15 सदस्यी टीम ने स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । परिवार नियोजन की सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा मोबियस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से पापुलेशन फाउंडेशन आफ इंडिया द्वारा उम्मीद परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है इसी क्रम में आज दिनांक 18 मार्च 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में टीम ने परामर्श केंद्र पर दी जा रही परिवार नियोजन सेवाओं की जानकारी ली, परामर्शदाता नंदिता व सोनम ने बताया कि किस प्रकार प्रसव के लिए आने वाली महिलाएं तथा ओपीडी में आ रहे योग्य दंपतियों को उम्मीद परामर्श केंद्र पर परामर्श दिया जा रहा है क्र अधीक्षक डॉक्टर सौरभ शुक्ला ने बताया कि केंद्र पर आने वाले समस्त दंपतियों परिवार नियोजन के साधन अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है और परिवार नियोजन संबंधी परामर्श हेतु ओपीडी से किस तरह से रेफरल कूपन के माध्यम से परामर्श केंद्र पर उनको समस्त सेवाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। चिकित्साधिकारी डॉ माध्वी ने समस्त दंपतियों को परामर्श दिए जाने की महत्वता के विषय में बताया क्र

टीम ने खण्ड विकास अधिकारी श्री संजीव कुमार गुप्ता से भी मुलाकात की क्र खण्ड विकास अधिकारी ने बताया की उनकी अध्यक्षता में ब्लाक समन्वय समिति का गठन किया जा चुका है क्र उन्होंने टीम को जानकारी दी कि किस प्रकार से परिवार नियोजन के कार्यों में विभिन्न विभाग सहयोग प्रदान कर कार्यक्रम को सशक्त बना सकते है। इसके पश्चात खंड विकास अधिकारी कार्यालय में एएनएम एवं आशाओं से परिवार नियोजन एवं परामर्श सम्बन्धी कार्यों पर वार्ता की गई क्र

इस दौरान पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया से संघमित्रा सिंह, तेजविंदर पाल सिंह, डॉ. वरुण, शिल्पा नायर, डॉ शोभा, गीता, मनका सिंह, जुबैर अंसारी सहित सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संजय रावत, बी0सी0पी0एम0 रितु सिंह एवं अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे ।

# ट्रैफिक सिग्नल का एसपी ने किया उद्घाटन, सुगम हुआ यातायात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । सुगम यातायात प्रबन्धन हेतु अयोध्या लखनऊ मार्ग के पटेल तिराहा व नाका सतरिख चौराहा पर जेड एफ ग्रुप द्वारा लगाये गये सौर ऊर्जा संचालित ट्रैफिक सिग्नल व हाई मास्क लाइट का मंगलवार को पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने फीता काट कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ अखिलेश नारायण सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक पाठक, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अमित प्रताप सिंह, प्रभारी यातायात उ0नि0 रामयतन सिंह आदि अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। आपको बता दें कि नगर जाम की परेशानी से छुटकारा दिलवाने के लिए शहर के ट्रैफिक सिस्टम को लगाया गया है। आगे इसे और अपग्रेड कर हाईटेक बनाया जाएगा। आने वाले दिनों में नगर के चौराहों पर लगे स्वचालित कैमरों से ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों को चिह्नित कर उनका



सीधा चालान कटेगा।

नई व्यवस्था के तहत अब शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर सेंसरयुक्त हाईटेक कैमरे लगाए जाएंगे जो यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को चिह्नित कर उनका स्वतः ही चालान काटेंगे। ट्रैफिक सिस्टम को अपग्रेड करने के साथ ही पुलिस लाइन चौराहा समेत अन्य चौराहों पर भी ट्रैफिक लाइट के साथ सेंसर युक्त हाईटेक कैमरे निगरानी के लिए लगाए जाएंगे।

## दुर्घटना में जख्मी, की उपचार दौरान मौत

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के गंगचौली निवासी परशुराम करीब 60 वर्ष बीते 15 मार्च की सुबह लखनऊ–महमूदाबाद मार्ग पर गांव के निकट एक तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से गंभीर जख्मी हुए परशुराम की मृत्यु लखनऊ स्थित निजी अस्पताल में मंगलवार सुबह इलाज के दौरान हुई।देर शाम शव गांव पहुंचने पर कोहराम मच गया।

## बार एसोसिएशन चुनाव 22 मार्च, नामांकन दाखिला पूर्ण

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील बार एसोसिएशन रामनगर के वार्षिक चुनाव के लिए आगामी 22 मार्च को मतदान होगा।इस चुनाव में कुल 12 पदों के लिए 31अधिवक्ताओं ने मंगलवार को नामांकन दाखिल किया।एल्डर्स कमेटी के वरिष्ठ सदस्य गौरीशंकर तिवारी के अनुसार आठ पदों पर एकल नामांकन होने के कारण निर्विरोध निर्वाचन की भी संभावना है।बुधवार को नामांकन पत्रों की वापसी के बाद अध्यक्ष महामंत्री सहित चार पदों पर चुनाव की स्थिति स्पष्ट होगी।अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवारो अनिल कुमार दीक्षित जगदंबा सिंह मानसिंह और वेदप्रकाश श्रीवास्तव ने नामांकन दाखिल किया है।वहीं महामंत्री पद के लिए अशोक कुमार उपाध्याय कमलापति तिवारी लवकुमार पाठक और सुरेश चंद्र मिश्र मैदान में हैं।उपाध्यक्ष तृतीय पद पर मुकेश शुक्ला और लक्ष्मीनारायण यादव आमने–सामने हैं।कोषाध्यक्ष पद पर उत्तम सिंह और प्यारेलाल ने नामांकन दाखिल किया है।शेष अन्य पदों के लिए केवल एक–एक नामांकन पत्र जमा हुए हैं जिससे उनके निर्विरोध चुने जाने की संभावना है।

## नशा तिजारती गिरफ्तार

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने गाजीपुर के ग्राम दनियल चक मुंडेरा थाना नोनहरा निवासी अभिषेक कुमार भारती उर्फ राजेश कुमार पुत्र मनोज कुमार निवासी को डेढ़ सौ ग्राम मार्फीन समेत धर्म कांटा बाईपास तिराहा कस्बा जैदपुर से गिरफ्तार किया।

## प्रतिबंधित ड्रग्स की बिक्री पर डीएम सख्त, कड़े निर्देश

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ज़िलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मंगलवार को नारकोटिक्स के सम्बंध में सभी संबन्धित अधिकारियों की उपस्थिति में जूम ऐप के माध्यम से ज़िला स्तरीय समिति की बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने कहा कि दवा विक्रेता बिना डाक्टर के पर्चे के ऐसी दवा विक्रय न करें जो नशीली व प्रतिबंधित दवाओं की श्रेणी में आती हैं। बैठक में ज़िलाधिकारी ने कहा कि दवा की दुकानों से ऐसी दवाओं की बिक्री करते हुए पाए जाने पर दुकानदार के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए। प्रतिबंधित ड्रग्स की बिक्री रोकने के लिए निर्धारित क़ानूनी प्रक्रिया को कड़ाई से लागू किया जाए। ज़िलाधिकारी ने कहा कि मेडिकल कॉलेज, डिग्री कॉलेज आदि के परिसरों पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि इन स्थानों समेत स्कूल कालेजों आदि में विशेष जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। उन्होंने कहा कि निर्धारित नियम क़ानूनों के अंतर्गत ही अफीम की खेती हो। बैठक में ज़िलाधिकारी ने कहा कि एनडीपीएस के मामलों में पूरी सतर्कता के साथ और पुलिस प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें ।

## अपराधियों को मिले कड़ी सजा जिससे समाज में हो सुरक्षा का माहौल : डीएम शशांक

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर के लोकसभागार में आयोजित अभियोजन कार्यो की समीक्षा करते हुए विभिन्न न्यायालयों में चल रहे मुकदमों के विषय में शासकीय अधिवक्ताओं व सम्बन्धित अधिकारियों से फीडबैक लिया। जिलाधिकारी ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में दर्ज गंभीर मुकदमों में पुलिस को प्रभावी पैरवी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी गंभीर धाराओं के मुकदमों में पुलिस अपनी जांच रिपोर्ट साक्ष्यों के साथ लगाते हुए प्रभावी पैरवी करे जिससे दुष्टों को कड़ी सजा मिले और समाज में सुरक्षा का माहौल बन सके। जिलाधिकारी ने कहा कि अगर वाद दोषमुक्त हो रहा है तो क्यों ? शासकीय अधिवक्ताओं को इसके कारणों को भी बताना होगा। सम्बंधित अधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि मुकदमों में साक्षी गवाही देने आए जिससे केस मजबूत हो सके। अपने ही बयानों से मुकरने वाली पीड़िताओं के पक्षद्रोही बयान को भी गंभीरता से संज्ञान लिया जाए और सम्बंधित पर आवश्यक कार्यवाही की जाए। जिससे इस तरह के मामलों की पुनरावृत्ति पर रोक लग सके। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों पर कार्यवाही के भी निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी इन्द्रसेन, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ अखिलेश नरायन सिंह, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री काव्या सी, शासकीय अधिवक्ता एवं समस्त सहायक शासकीय अधिवक्तागण और सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नाबालिक किशोरी से किया रेप किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देने वाला हुआ पड़ोसी युवक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में पड़ोसी युवक ने जबरन पड़ोस में रहने वाली किशोरी को पांच दिन पहले अपने घर के अंदर ले जाकर रेप किया था घटना को अंजाम देने के बाद युवक ने किशोरी को किसी से कुछ भी बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुये चुप करा दिया था जिसके बाद डरी सहमी किशोरी ने अपने परिजनो को घटना के बारे में बताने की बजाय चुप्पी साध ली थी किशोरी को एकदम चुप देख माँ ने किशोरी से चुप रहने का कारण पूछा तो किशोरी ने किसी तरह हिम्मत जुटाकर अपनी मां से आपबीती बताई? जिसके बाद पीड़ित बेटी माँ के साथ मोहनलालगंज थाने पहुंचकर पुलिस से लिखित शिकायत कर आरोपी पर कार्यवाही की मांग की? ।।। वही मामले को पुलिस ने संज्ञान लेकर आरोपी युवक पर रेप व पाक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी युवक को गिरफ्तार किया। मामला मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया उसकी 13 वर्षीय बेटी 14मार्च को घर से कुछ दूर पर स्थित सरकारी नल पर पानी भरने गयी थी ओर पानी भरने के बाद वापस लौट रही थी तभी पड़ोसी युवक उसे अकेला देखकर अपने घर के अंदर जबरन ले जाकर उसके साथ रेप करने के बाद किसी से कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी देने के बाद छोड़ा था जिसके बाद डरी सहमी बेटी ने किसी से कुछ भी बताने की बजाय चुप्पी साध ली थी मां ने बताया मगंलवार को बेटी ने हिम्मत जुटाकर आप बीती बताई तो उसके होश उड़ गये जिसके बाद पीड़ित बेटी संग मोहनलालगंज थाना पहुंचकर पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की। मोहनलालगंज एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया पीड़िता की मां द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर आरोपी युवक पर रेप व पाक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# बीएचयू में जुटेंगे दिग्गज ज्योतिष,विवाह मेलापक की सामयिक व्यवस्था पर होगी चर्चा

एजेंसी

वाराणसी। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में 20 से 22 मार्च के बीच देश–विदेश के दिग्गज ज्योतिष विशेषज्ञों का जमावड़ा होगा। चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन में पंचांग की शास्त्रीय व्यवस्था और विवाह के लिए मेलापक की सामयिक व्यवस्था (दोष परिहार) पर खासतौर पर चर्चा होगी। सम्मेलन में विवाह में कुंडली का मिलान और ग्रह दोष समाप्त करने के लिए मंथन होगा। जिससे विवाह संबंध लंबे समय तक चलें और उसमें कोई बाधा न आए। मंगलवार को विश्वविद्यालय के मीडिया कांफ्रेंस हाल में आयोजित पत्रकार वार्ता में यह जानकारी ज्योतिष विभाग,संस्कृत विद्याधर्म विज्ञान संकाय बीएचयू के प्रो. विनय पांडेय,प्रो.शत्रुघ्न त्रिपाठी ने दी।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग के तत्वावधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन में देश- विदेश के विशेषज्ञ शामिल होंगे। इसमें ज्योतिषाचार्य लेखराज भी आयेंगे जो हाथ की रेखा देखकर कुंडली तैयार करते हैं। प्रो.त्रिपाठी ने बताया कि सम्मेलन में विश्वविद्यालय का ज्योतिष विभाग ऐसा गणित तैयार करेगा जो पूरे देश के ज्योतिष पंचांग में काम आएगा। इससे पूरे देश में एक ही तिथि पर व्रत त्योहार और तिथि निर्धारित हो जाएगी। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की व्यवस्था में शास्त्रोक्त विधि से निर्मित पंचांगों की महती भूमिका होती है। क्योंकि सनातन परम्परा से संबंधित सभी स्रोत एवं स्मार्त कार्य कालाधीन होते हैं। तथा उनकी व्यवस्था पंचांगों से ही प्राप्त होती है। इसलिए पंचांग निर्माण विषयों में महत्वपूर्ण विषय के रूप में सिद्धांत के सभी ग्रंथों में प्रतिपादित है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विभिन्न गणितीय पद्धतियों के कारण इसमें कई भिन्नताएँ देखने को मिल रही हैं। विशेष रूप से, सबीज और निर्बीज गणना पद्धतियों के अंतर के कारण पर्वो की तिथियों में असमानता उत्पन्न हो रही है, जिससे धार्मिक आयोजनों और व्रत-पर्व की तिथियों को लेकर भ्रम की स्थिति बनी रहती है। इस सम्मेलन में विशेषज्ञ मंथन करेंगे कि पंचांग की कौन-सी शास्त्रीय पद्धति को मान्यता दी जानी चाहिए , जो विभिन्न गणितीय मतभेदों को सुलझा सके।


## पंचांगों की गणना के लिए तैयार करेंगे गणित,पूरे देश में एक ही तिथि पर व्रत त्योहार को लेकर होगा विमर्श

# देहुली नरसंहार: 24 लोगों की हत्या में तीन दोषियों को फांसी की सजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मैनपुरी। देहुली नरसंहार मामले में 44 वर्ष बाद मंगलवार को फैसला आया है। विशेष डकैती न्यायालय की न्यायाधीश इन्द्रा सिंह ने तीन डकैत रामसेवक, कप्तान सिंह व रामपाल को दोषी ठहराते हुए फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषियों पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सजा मिलने के बाद दोषी अदालत में फफक कर रो पड़े। पुलिस ने तीनों दोषियो को जेल भेज दिया है।

शासकीय अधिवक्ता रोहित शुक्ल ने बताया कि 18 नवंबर 1981 की शाम करीब पांच बजे देहुली में हथियारबंद बदमाशों ने गांव में घुसकर दलित जाति की बस्ती पर हमला किया था। उन्होंने अंधाधुंध गोलियां चलाईं, जिसमें महिलाएं,



बच्चे, बुजुर्ग समेत 24 लोगों की हत्या कर दी गई थी। देहुली निवासी लायक सिंह ने 19 नवंबर को जसराना थाने में कुख्यात डकैत राधेश्याम उर्फ राधे, संतोष चौहान उर्फ संतोषा के समेत 17 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस ने अदालत में चार्जशीट दाखिल की तो सुनवाई शुरू हुई। इसमें 13 आरोपियों की मौत हो चुकी है। एक अभियुक्त फरार चल रहा है।

शासकीय अधिवक्ता के मुताबिक 11 मार्च को डकैती कोर्ट ने तीनों आरोपियों को सामूहिक हत्याकांड का दोषी करार देते हुए 18 मार्च को फैसला सुनाने की तारीख नियत की थी। मंगलवार को मुजरिम कप्तान सिंह, रामसेवक और रामपाल कोर्ट में पेश हुए। जज ने तीनों दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट ने नरसंहार को काफी जघन्य माना। उन्होंने अपने आदेश में यह लिखा है कि जब दोषियों की गर्दन में फांसी लगाकर तब तक लटकाया जाए, जब तक उनकी मृत्यु नहीं हो जाती। तीनों मुजरिमों की उम्र करीब 75-80 साल के बीच है।

हिल गई थी प्रदेश की सरकारगांव देहुली में 44 साल पहले जब नरसंहार हुआ था, उस समय प्रदेश की सरकार हिल गई थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और विपक्षी नेता अटल बिहारी वाजपेयी समेत कई बड़े नेता भी पीड़ितों के पास पहुंचे थे और उनका दर्द बांटा था। जिस समय वारदात हुई उस समय गांव देहुली जिला मैनपुरी का हिस्सा हुआ करता था। लेकिन बाद में फिरोजाबाद नया जिला बना तो गांव इस जिले में शामिल कर दिया गया।

## अवध विवि की एलएलबी सेमेस्टर परीक्षा 19 से

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एलएलबी त्रिवर्षीय व पंचवर्षीय सेमेस्टर परीक्षा 19 मार्च से दो पालियों में शुरू होगी, जो 26 मार्च तक चलेगी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न जनपदों में 14 केन्द्र बनाये गए जिसमें 21,603 परीक्षार्थी शामिल होंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पारदर्शितापूर्ण परीक्षा कराने के लिए सभी केन्द्राध्यक्षों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किया गया। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने परीक्षा नियंत्रक उमानाथ के हवाले से बताया कि विवि से सम्बद्ध महाविद्यालयों की एलएलबी त्रिवर्षीय व पंचवर्षीय सेमेस्टर परीक्षा 19 मार्च से शुरू होकर 26 मार्च तक चलेगी।


## सूचना

ससूचित किया जाता है कि प्रार्थी का नाम मार्कशीट पर SANDIP SINGH है जबकि आधार कार्ड पर SANDEEP SINGH है अतः मुझे आधार कार्ड पर दर्ज नाम से जाना पहचाना जाए ।

प्रार्थी
संदीप सिंह पुत्र अनंत सिंह
बल्हवापुर रौली हैदरगढ़ बाराबंकी

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल अंकपत्र रोल 2176168 वर्ष 2018 वास्तव में कही खो गया है काफी खोजबीन के बाद भी अंक पत्र नहीं मिला ।
प्रार्थी

राहुल कुमार पुत्र श्री दिनेश कुमार गौतम
ग्राम भियामऊ
हैदरगढ़ बाराबंकी

# आम यात्री सुविधा सरकार की प्राथमिकता: वैष्णव

एजेंसी

नयी दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सरकार आम यात्री के लिए रेल यात्रा को सुगम बना रही है और इसके लिए उनका मंत्रालय जनरल कोच तथा स्लीपर कोच ज्यादा संख्या में लगाने पर फोकस कर रहा है ताकि देश के आम नागरिकों को रेलवे की सेवा का पूरा लाभ मि सके।

श्री वैष्णव ने मंगलवार को लोकसभा में वर्ष 2025-26 के रेल मंत्रालय के नियंत्राधीन अनुदानों की मांगों पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि रेलवे में भर्ती के लिए होने वाली परीक्षा में पेपरलीक जैसी कोई समस्या अब नहीं हो रही है और सहज तथा सरलता से रेलवे के पेपर कराए जा रहे है। हाल ही में बड़े स्तर पर और पांच दिन तक रेलवे की भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया। यह परीक्षा पांच दिन तक देशभर के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित की गई लेकिन कहीं कोई दिक्कत नहीं हुई।

उन्होंने कहा कि रेलवे ने पांच लाख लोगों को नौकरी दी है और आरक्षण के सभी नियमों का पालन किया गया है। पहली बार रेलवे में भर्ती का कलेंडर तैयार किया गया है और उसका पालन किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि रेलवे के सामान्य कोच बढाने की बात आई है । जनरल और स्लीपर और जनरल कोट 56 हजार हैं। यानी 74 प्रतिशत जनरल और स्लीपर कोच है। अब सरकार 17 हजार जनरल कोच बढा रही है ताकि गरीब आदमी को रेलवे में सफर करने में कोई दिक्कत नहीं हो। भीड़ भाड़ को नियंत्रित करने के लिए पिछले कई स्पेशल ट्रेन चलाई गई। होली, दीपावली, छठ पर और अब महाकुंभ के दौरान हजारों विशेष रेलों का संचालन किया गया है। लगातार नये फ्लाईओवर बन रहे हैं और नये रेलवे स्टेशनों का काम किया गया है। कुंभ के दौरान नये स्टेशन बनाए गये, नये फ़्लाइओवर ब्रिज और अंडर पास बनाए गये ताकि यात्रियों को किसी तरह की दिक्कत नहीं हो। अभी होली में सरकार ने 1160 ट्रेने इस बार होली पर विशेष रूप से चलाई गई है। रेलवे स्टेशनों पर सब जगह सीसी टीवी कैमरा लगाए जा रहे हैं। कर्मचारियों के लिए नये डिजाइन के ड्रेस बनाए जा रहे हैं।



केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जनरल कोच, स्लीपर कोच, अमृत भारत, वंदे भारत कोच बनाए जा रहे हैं और इन ट्रेनों की संख्या बढे इसके लिए कोच की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। मुंबई में लोकल रेल की स्थिति सुधारने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मुंबई में 238 नयी ट्रेन मुंबई के लोगों के लिए बनाई जा रही हैं ताकि लोगों को किसी तरह की दिक्कत नहीं हो। कर्नाटक में बेंगलुरु के लिए रेलों के निर्माण को लेकर कुछ दिक्कतें आ रही हैं उनका समाधान कर लिया गया है और इसके लिए कोचों का निर्माण चेन्नई में किया जा रहा है।

रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे में 68 में 49 डिविजन ऐसे हैं जहां रेल परिचालन दक्षता बढी है और 12 डिविजन में पंक्चुलिटी 95 प्रतिशत पहुंच गई है। संचार व्यवस्था के लिए 20 हजार कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। जम्मू से श्रीनगर को रेले से जोड़ने के सपने को पूरा कर लिया गया है। चिनाव के पुल की ऊंचाई के मयाने में रिकार्ड है और जल्द से जल्द जम्मू से श्रीनगर के बीच ट्रन का संचालन किया जाएगा और देश को बहुत बड़ा सपना पूरा हो सकेगा।रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे भेदभाव के बिना काम करता है। उनका कहना था कि रेलवे में टनल बोरिंग मशीन-टीबीएम का इस्तेमाल मेट्रो की टनल तथा अन्य काम आती है इसका निर्माण अब तमिलनाडु में होने लगा है। गंगाजी में चार पुल रेलवे ने बनाए हैं और तीन पुल निर्माणाधीन है। झारखंड के लिए 450 करोड का बज होता था आज पांच हजार करोड़ केरल के तलिए 300 होता मध्य प्रदेश के लिए 14 हजार करोड़ पंजाब के लिए 225 करोड होता था आज 5050 करोड रुपए का बजट है। तमिलनाडु के लिए 800 करोड रुपए होता 6626 हजार करोड रुपए का बजट है। तेलंगाना के लिए 5550 करोड उत्तर प्रदेश में 1000 करोड रुपए से बढाकर 19 हजार करोड रुपए हो गया है। पश्चिम बंगाल में 14000 करोड रुपए का बजट है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने 2020 से रेल का किराया नहीं बढाया है और इससे गरीबों के लिए रेलवे का सफर आसान हो रहा है। अन्य पड़ोसी देशों से तुलना करें तो भारत में रेलवे का किराया कम है। रेलवे अपने यात्रियों को पांच हजार करोड रुपए की सब्सिडी देती है। भारत दुनिया में तीन सबसे बड़े लाजस्टिक देशों में शामिल हो गया है और इस साल 1.6 अरब कार्गो की ढुलाई करेगा। इसके साथ ही देश चीन और अमेरिका के बाद तीसरा सबसे बडा हब बन गया है। देश में 34 हजार रेलवे ट्रैक बने हैं जो जर्मनी के नेटवर्क से भी ज्यादा है। देश में 50 किलोमीटर रेल पटरियां बदली गई हैं। इंजन का उत्पादन 1400 पहुंच गया है। देश में दो लाख बैगन जोड़े गये हैं।

# टीबी मामलों में 17.7 फीसदी की गिरावट

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि देश में टीबी मामलों की दर में 17.7 प्रतिशत की गिरावट आई है और वर्ष 2015 में प्रति लाख जनसंख्या पर 237 से घटकर वर्ष 2023 में 195 हो गई है।

श्रीमती पटेल ने मंगलवार को यहां भारत नवाचार शिखर सम्मेलन - टीबी उन्मूलन के लिए अग्रणी समाधान'' का उद्घाटन करते हुए कहा कि टीबी नियंत्रण में उल्लेखनीय प्रगति की गयी है और इसमें नवाचार की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि भारत के सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य में पिछले दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है और आप में से कई लोगों ने नवाचारों और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को सभी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम वर्ष 2025 तक टीबी को खत्म करने के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2015 में छूटे हुए मामलों की संख्या 15 लाख से घटकर 2023 में 2.5 लाख हो गई है। कार्यक्रम वर्ष 2023 और वर्ष 2024 में 25.5 लाख टीबी और 26.07 लाख मामलों को अधिसूचित करने में सफल रहा। विश्व स्वास्थ्य संगठन की वैश्विक टीबी रिपोर्ट 2024 का हवाला देते हुए श्रीमती पटेल ने कहा कि भारत में टीबी मामलों की दर वर्ष 2015 में प्रति लाख जनसंख्या पर 237 से 17.7 प्रतिशत की गिरावट के साथ वर्ष 2023 में 195 प्रति लाख जनसंख्या पर गयी है। टीबी से होने वाली मौतें वर्ष 2015 में प्रति लाख जनसंख्या पर 28 से वर्ष 2023 में 21.4 प्रतिशत घटकर 22 प्रति लाख पर आ गई हैं। उन्होंने बताया कि भारत में टीबी उपचार का दायरा पिछले आठ वर्षों में 32 प्रतिशत बढ़कर वर्ष 2015 में 53 प्रतिशत से वर्ष 2023 में 85 प्रतिशत हो गया है।

# दिल्ली में लोगों को नयी सरकार से बहुत अधिक अपेक्षाएं : बिरला

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को दिल्ली विधान सभा के नवनिर्वाचित सदस्यों से इसे आदर्श विधान सभा बनाने का आग्रह करते हुए कहा कि नयी सरकार से लोगों को बहुत अधिक अपेक्षाएं हैं।

श्री बिरला ने आज दिल्ली विधान सभा परिसर में दिल्ली विधान सभा सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सदस्यों को लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करते समय लोकतांत्रिक भावना और संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखते हुए सदन के नियमों, प्रक्रियाओं और परंपराओं का पालन करना चाहिए। उन्होंने विधानमंडल को कार्यपालिका की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अधिक प्रभावी मंच बनाने के लिए तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग और सदस्यों के क्षमता निर्माण पर भी जोर दिया। श्री बिरला ने कहा कि सदन में किसी भी प्रकार का गतिरोध नहीं होना चाहिए तथा असहमति को गरिमापूर्ण ढंग से तथा सार्थक संवाद के माध्यम से व्यक्त किया जाना चाहिए। उन्होंने सदयों से सार्वजनिक जीवन में आचरण तथा नैतिकता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने का आग्रह किया। अध्यक्ष ने सदस्यों से परंपराओं को कायम रखने तथा उन्हें और मजबूत बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विधायकों का आचरण तथा विधान सभा में उनके कार्य तथा चर्चाएं देश की लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत बनाती हैं। श्री बिरला ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को अच्छे श्रोता बनने का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि सुनना भी उतना ही जरूरी है जितना अपनी बात कहना।अच्छा वक्ता बनने के लिए अच्छा श्रोता बनना आवश्यक है। श्री उन्होंने कहा कि पुरानी चर्चा-संवाद के अध्ययन के साथ ही कानूनों तथा नए विचारों को सीखने तथा समझने की सोच के साथ काम करना आवश्यक है। जनप्रतिनिधियों को विधान सभा के नियमों और प्रक्रियाओं, भारत के संविधान, विशेषकर उन धाराओं से परिचित होना चाहिए जो आपके राज्य, कर्तव्यों और जिम्मेदारियों से संबंधित हैं। श्री बिरला ने विधायी प्रारूपण के ज्ञान के महत्व को दोहराते हुए कहा कि विधायी प्रारूपण में कुशल जनप्रतिनिधि अपने राज्य के विकास और शासन में सार्थक योगदान दे सकते हैं। अच्छे विधायी प्रारूपण के माध्यम से, विधायक विधान सभा की मदद कर सकता है।

# मणिपुर बहुत संवेदनशील मुद्दा, शांति बहाली के लिए सरकार प्रतिबद्ध: सीतारमण

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मल सीतारमण ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि मोदी सरकार मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है और मणिपुर का मुद्दा बहुत ही संवेदनशील है तथा इसमें सभी को एक दूसरे का समर्थन करना चाहिए।

श्रीमती सीतारमण ने सदन में विनियोग विधेयक 2025, विनियोग (संख्या दो) विधेयक 2025, मणिपुर विनियोग (लेखानुदान) विधेयक 2025 और मणिपुर विनियोग विधेयक 2025 पर सोमवार को हुयी चर्चा का मंगलवार को जवाब दिया और संघर्षग्रस्त मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को उचित ठहराते हुए कहा कि बजट का उद्देश्य जातीय संघर्षों से प्रभावित अर्थव्यवस्था की चिंताओं को दूर करना है। उन्होंने कहा कि मणिपुर एक संवेदनशील मुद्दा है और सभी दलों को राज्य में स्थायी शांति लाने के लिए सामूहिक रूप से काम करना चाहिए। श्रीमती सीतारमण जब जवाब दे रही थी तभी तृणमूल कंग्रेस के सदस्य जोर-जोर से बोलने लगे। इस पर वित्त मंत्री ने तृणमूल सदस्य सुस्मिता देव को नाम लेते हुये कहा कि वह जिस क्षेत्र से आती हैं वह मणिपुर के बहुत करीब है इसलिए बहुत कुछ जानती होंगी लेकिन उनको जवाब सुनना चाहिए। इसी बीच तृणमूल कंग्रेस के सदस्य वाकआउॅट कर गये।

श्रीमती सीतारमण ने कहा कि तृणमूल कंग्रेस सदस्यों की यही आदत है। पहले पूछते हैं जब जवाब दो तो सुनना नहीं है। चले जाते हैं। कोलकाता की गलियां समझ रखा है। जब चाहा गलियां में आकर नारेबाजी की और चले गये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मणिपुर नहीं जाने के विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुये उन्होंने कहा कि मणिपुर का मामला पांच छह दशक पुराना है। कंग्रेस की वर्षो तक सरकार रही थी और उस दौरान ही वहां हिंसा हुआ करती थी। सैकड़ों लोग मारे गये और सैकड़ों घरो को जलाया गया लेकिन कंग्रेस के कार्यकाल में प्रधानमंत्री तो छोड़िये गृह मंत्री भी मणिपुर नहीं गये। अभी गृह मंत्री अमित शाह चार दिन मणिपुर में रहे हैं और इस दौरान उन्होंने एक-एक शिविर का दौरा किया और केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लगातार 23 दिनों तक वहां रहकर स्थिति को सामान्य बनाने का प्रयास किया है।

## मेक इन इंडिया विफल नहीं, विनिर्माण को मिली गति: सीतारमण

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मेक इन इंडिया अभियान के विफल होने के विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुये मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि यह अभियान सफल रहा है और देश में विनिर्माण को गति दिया है। श्रीमती सीतारमण ने सदन में विनियोग विधेयक 2025, विनियोग (संख्या दो) विधेयक 2025, मणिपुर विनियोग (लेखानुदान) विधेयक 2025 और मणिपुर विनियोग विधेयक 2025 पर हुयी चर्चा का जवाब देने के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने चर्चा के दौरान विपक्ष द्वारा उठाये गये सवालों के जवाब दिये। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के बल पर ही रक्षा उत्पादों से देश को 13 हजार करोड़ रुपये की शुद्ध आय हुयी है। वित्त मंत्री ने कहा कि बिहार को भी विनिर्माण के लिए मदद की जा रही है। भारत की परिसंपत्तियां और देयताएं कई उभरती हुई बाजार अर्थव्यवस्थाओं और कुछ विकसित देशों की तुलना में बहुत बेहतर हैं। भारत का घरेलू ऋण अन्य उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं के साथ-साथ कुछ विकसित देशों की तुलना में अपेक्षाकृत कम है, सिवाय ब्राजील के, जहाँ यह 35 प्रतिशत है। हमारा ऋण 39 प्रतिशत के साथ अधिक है। उन्होंने कहा कि एक तकनीकी अनुपूरक है जिसके लिए अनुदानों की अनुपूरक माँगें शामिल हैं। दिए गए अनुदानों के बीच एक खंड से दूसरे खंड में बचत का उपयोग करने के लिए इसकी आवश्यकता होती है। इसके अलावा, अतिरिक्त व्यय को समवर्ती प्राप्तियों या वसूली के साथ मिलान किया जाता है। इसके बाद सदन ने इन धन विधेयकों को ध्वनिमत से मंजूरी के साथ लोकसभा को लौटा दिया।

## अहमदाबाद में 80 करोड़ रुपये का सोना, 1.37 करोड़ रुपये जब्त

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने राज्य के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) के साथ संयुक्त कार्रवाई में 80 करोड़ रुपये का सोना, 1.37 करोड़ रुपये नकद और 11 लक्जरी घड़ियां जब्त की हैं। एटीएस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि तस्करी के खिलाफ एक महत्वपूर्ण सफलता हासलि की है। गुजरात एटीएस से प्राप्त सूचना के आधार पर, डीआरआई के अधिकारियों ने एटीएस) के अधिकारियों के साथ मिलकर सोमवार को अहमदाबाद के पालडी में एक आवासीय फ्लैट की तलाशी ली। जांच के दौरान 87.92 किलोग्राम सोना मिला, जिसकी कीमत लगभग 80 करोड़ रुपये है। इनमें से अधिकांश सोने पर विदेशी चिह्न अंकित हैं, जो यह संकेत देते हैं कि इन्हें भारत में तस्करी करके लाया गया था। उन्होंने बताया कि इस जांच में कई अन्य वस्तुएं भी जब्त की गई हैं जिनमें 11 लक्जरी घड़ियां जिनमें हीरे जड़ी पाटेक फिलिप घड़ी, जैकब एंड कंपनी घड़ी और फ्रैंक मुलर घड़ी शामिल है। हीरे और अन्य कीमती पत्थरों से जड़े 19.66 किलोग्राम के आभूषण। उपरोक्त आभूषणों और लक्जरी घड़ियों का मूल्यांकन जारी है। इसके अतिरिक्त, उपरोक्त आवासीय परिसर से 1.37 करोड़ रुपये की नकदी भी बरामद की गई है। उन्होंने कहा, यह जांच अवैध गतिविधियों के लिए एक बड़ा झटका है और आर्थिक अपराधों से लड़ने तथा राष्ट्र की अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करने के लिए डीआरआई की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। फिलहाल आगे की जांच जारी है।

## नीदरलैंड के साथ रक्षा साझेदारी बढ़ाने के लिए तत्पर है भारत: राजनाथ

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत नीदरलैंड के साथ रक्षा साझेदारी को और अधिक बढ़ाने के लिए तत्पर है। श्री सिंह ने मंगलवार को यहां नीदरलैंड के रक्षा मंत्री रूबेन ब्रेकेलमैन्स के साथ बैठक के बाद यह बात कही। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा , ल्ल नई दिल्ली में नीदरलैंड के युवा और गतिशील रक्षा मंत्री रूबेन बर्केलमैन्स से मिलकर बहुत खुशी हुई। हमने भारत-नीदरलैंड रक्षा सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा की। हम अपनी रक्षा साझेदारी को और भी गहरा और उन्नत करने के लिए तत्पर हैं। हमारी चर्चा के क्षेत्रों में रक्षा, साइबर सुरक्षा, इंडो-पैसिफिक और एआई जैसी उभरती हुई प्रौद्योगिकियाँ शामिल थीं। इस बीच रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों रक्षा मंत्रियों ने रक्षा, सुरक्षा, सूचना आदान-प्रदान, हिन्द प्रशांत और नई एवं उभरती प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने पर चर्चा की। दोनों मंत्रियों ने जहाज निर्माण, उपकरण और अंतरिक्ष क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया जिससे दोनों देशों के कौशल, प्रौद्योगिकी और मानकों को एक दूसरे का पूरक बनाया जा सके। उन्होंने संबंधित रक्षा प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थानों और संगठनों को जोड़ने के अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और संबंधित प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने पर भी चर्चा की।

## हमारी सरकार ने तेलंगाना में आरक्षण बढ़ाने का निभाया वादा : राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि उनकी पार्टी की सरकार ने तेलंगाना में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण की सीमा की 50 प्रतिशत की दीवार को पार कर ऐतिहासिक कम कर दिया है। श्री गांधी ने कहा कंग्रेस सरकार ने तेलंगाना में ओबीसी आरक्षण बढ़ाने का वादा पूरा कर दिया है। राज्य में वैज्ञानिक तरीके से हुई जातिगत गिनती से मिली ओबीसी समुदाय की वास्तविक संख्या स्वीकार की गई और शिक्षा, रोजगार और राजनीति में उनकी समान भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विधानसभा में 42 प्रतिशत आरक्षण का बिल पारित किया गया है।

# पेज एक का शेष

### वोटर आईडी ...

दायरे में रखा जाएगा और सुप्रीम कोर्ट के सिविल के फैसले के अनुरूप आगे बढ़ाया जाएगा। चुनाव आयोग और आधार कार्ड जारी करने वाली संस्था यूआईडीएआई के तकनीकी विशेषज्ञ जल्द ही इस पर काम शुरू करेंगे। इस पूरी प्रक्रिया को साइबर सुरक्षा और डेटा प्राइवेसी का ध्यान रखते हुए किया जाएगा, ताकि कोई भी नागरिकता से जुड़ा भ्रम न फैले। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने पद संभालने के बाद चुनाव सुधारों को तेज कर दिया है। चुनाव आयोग आगामी चुनावों को ज्यादा पारदर्शी और समावेशी बनाने के लिए कई नए कदम उठा रहा है। चुनाव आयोग ने पहली बार राष्ट्रीय और राज्य स्तर की सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों से 30 अप्रैल 2025 तक सुझाव मांगे हैं। इसके अलावा, 31 मार्च 2025 तक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठकों का आयोजन किया जाएगा। इन बैठकों में राजनीतिक दलों की चिंताओं और सुझावों पर विचार किया जाएगा, ताकि चुनाव प्रक्रिया में विश्वास और पारदर्शिता बनी रहे।

### बूथवार मत प्रतिशत...

जनहित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। जनहित याचिकाओं में निर्वाचन आयोग को लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मतदान समाप्त होने के 48 घंटे के भीतर बूथवार मत प्रतिशत आंकड़ा आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। निर्वाचन आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंद्र सिंह ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार याचिकाकर्ताओं से मिलकर शिकायत पर चर्चा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ''अब यहां नए मुख्य चुनाव आयुक्त हैं। याचिकाकर्ता उनसे मिल सकते हैं और इस पर विचार किया जा सकता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''निर्वाचन आयोग के वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता (एनजीओ और सांसद) आयोग के समक्ष अपना प्रतिवेदन दे सकते हैं और आयोग उनकी सुनवाई करेगा तथा इस बारे में पहले से सूचित करेगा। प्रतिवेदन 10 दिन में पेश किया जाए। पिछले साल 17 मई को शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग से इन याचिकाओं पर जवाब मांगा था, जिसके बाद आयोग ने एनजीओ की मांग का विरोध करते हुए कहा था कि इससे चुनावी माहौल खराब होगा।

### 32 आईपीएस...

पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। आईपीएस बजरंग बली को कानपुर की 37वीं वाहिनी पीएसी का सेनानायक, दिनेश यादव को पीएसी 41 वीं वाहिनी गाजियाबाद का सेनानायक, अजय प्रताप को सोनभद्र की 48 वीं वाहिनी पीएसी का सेनानायक, नेपाल सिंह को खीरी से मिर्ज़ापुर की 39वीं वाहिनी पीएसी का सेनानायक, कमलेश बहादुर को रायबरेली की 25वीं वाहिनी पीएसी का सेनानायक, राकेश कुमार सिंह को बाराबंकी की 10वीं वाहिनी पीएसी का सेनानायक, लाल भरत कुमार पाल को नोएडा की 49वीं वाहिनी पीएसी का सेनानायक और अनिल कुमार यादव को डीसीपी वाराणसी पद पर तैनाती दी गई है। आईपीएस रोहित मिश्रा को एसपी मुख्यालय, शिवराम यादव को मेरठ पीटीएस का एसपी, दीपेन्द्र नाथ चौधरी को डीसीपी कानपुर बनाया गया है।

### महाकुंभ आयोजन...

कहा, ल्लहमने करीब डेढ़ महीने तक भारत में महाकुंभ का उत्साह देखा, उमंग को अनुभव किया। कैसे सुविधा-असुविधा की चिंता से ऊपर उठते हुए, कोटि-कोटि श्रद्धालु, श्रद्धा-भाव से जुटे यह हमारी बहुत बड़ी ताकत है। लेकिन यह उमंग, यह उत्साह सिर्फ यही तक सीमित नहीं था। बीते हफ्ते मैं मॉरीशस में था, मैं त्रिवेणी से, प्रयागराज से महाकुंभ के समय का पावन जल लेकर गया था। जब उस पवित्र जल को मॉरीशस के गंगा तालाब में अर्पित किया गया, तो वहां जो श्रद्धा का, आस्था का, उत्सव का, माहौल था, वह देखते ही बनता था। यह दिखाता है कि आज हमारी परंपरा, हमारी संस्कृति, हमारे संस्कारों को आत्मसात करने की, उनका उत्सव मनाने की भावना कितनी प्रबल हो रही है। उन्होंने कहा, मैं ये भी देख रहा हूं कि पीढ़ी दर पीढ़ी हमारे संस्कारों के आगे बढ़ने का जो क्रम है, वह भी कितनी सहजता से आगे बढ़ रहा है। आप देखिए, जो हमारी मॉडर्न युवा पीढ़ी है, ये कितने श्रद्धा-भाव से महाकुंभ से जुड़े रहे, दूसरे उत्सवों से जुड़े रहे हैं। आज भारत का युवा अपनी परंपरा, अपनी आस्था, अपनी श्रद्धा को गर्व के साथ अपना रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब एक समाज की भावनाओं में अपनी विरासत पर गर्व का भाव बढ़ता है, तो हम ऐसे ही भव्य-प्रेरक तस्वीरें देखते हैं, जो हमने महाकुंभ के दौरान देखी हैं। इससे आपसी भाईचारा बढ़ता है, और यह आत्मविश्वास बढ़ता है कि एक देश के रूप में हम बड़े लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। अपनी परंपराओं से, अपनी आस्था से, अपनी विरासत से जुड़ने की यह भावना आज के भारत की बहुत बड़ी पूंजी है।श्री मोदी ने कहा कि महाकुंभ से अनेक अमृत निकले हैं, एकता का अमृत इसका बहुत पवित्र प्रसाद है। महाकुंभ ऐसा आयोजन रहा, जिसमें देश के हर क्षेत्र से, हर एक कोने से आए लोग एक हो गए, लोग अहम त्याग कर, वयम के भाव से, मैं नहीं, हम की भावना से प्रयागराज में जुटे। अलग-अलग राज्यों से लोग आकर पवित्र त्रिवेणी का हिस्सा बने। जब अलग-अलग क्षेत्रों से आए करोड़ों-करोड़ों लोग राष्ट्रीयता के भाव को मजबूती देते हैं, तो देश की एकता बढ़ती है। जब अलग-अलग भाषाएं-बोलियां बोलने वाले लोग संगम तट पर हर-हर गंगे का उद्घोष करते हैं, तो 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की झलक दिखती है, एकता की भावना बढ़ती है। महाकुंभ में हमने देखा है कि वहां छोटे-बड़े का कोई भेद नहीं था, यह भारत का बहुत बड़ा सामर्थ्य है। यह दिखाता है कि एकता का अद्भुत तत्व हमारे भीतर रचा-बसा हुआ है। हमारी एकता का सामर्थ्य इतना है कि वो भेदने के सारे प्रयासों को भी भेद देता है। उन्होंने कहा एकता की यही भावना भारतीयों का बहुत बड़ा सौभाग्य है। आज पूरे विश्व में जो बिखराव की स्थितियां हैं, उस दौर में एकजुटता का यह विराट प्रदर्शन हमारी बहुत बड़ी ताकत है। अनेकता में एकता भारत की विशेषता है, ये हम हमेशा कहते आए हैं, ये हमने हमेशा महसूस किया है और इसी के विराट रूप का अनुभव हमने प्रयागराज महाकुंभ में किया है। हमारा दायित्व है कि अनेकता में एकता की इसी विशेषता को हम निरंतर समृद्ध करते रहे। श्री मोदी ने कहा महाकुंभ से हमें अनेक प्रेरणाएं भी मिली हैं। हमारे देश में इतनी सारी छोटी बड़ी नदियां हैं, कई नदियां ऐसी हैं, जिन पर संकट भी आ रहा है। कुंभ से प्रेरणा लेते हुए हमें नदी उत्सव की परंपरा को नया विस्तार देना होगा, इस बारे में हमें जरूर सोचना चाहिए, इससे वर्तमान पीढ़ी को पानी का महत्व समझ आएगा, नदियों की साफ-सफाई को बल मिलेगा, नदियों की रक्षा होगी। हमारा विश्वास है कि महाकुंभ से निकला अमृत हमारे संकल्पों की सिद्धि का बहुत ही मजबूत माध्यम बनेगा।

### दिहुली हत्याकांड...

इनकी मृत्यु न हो जाए। तीनों दोषियों की उम्र 75 से 80 साल है। इस हत्याकांड में कुल 20 हत्यारोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी। जिसमें से 13 आरोपियों की मौत हो चुकी है और फरार चल रहे चार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कोर्ट ने स्थाई वारंट जारी कर रखे हैं। मामले की पैरवी एडीजीसी रोहित शुक्ला द्वारा की गई। दिहुली में जब 44 साल पहले नरसंहार हुआ तब प्रदेश की सरकार हिल गई थी उस समय तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, गृहमंत्री बीपी सिंह, मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी और विपक्षी नेता अटल बिहारी वाजपेई भी पीडितों का दर्द बांटने देहुली पहुंचे थे। फिरोजाबाद जनपद क्षेत्र के थाना जसराना क्षेत्र का गांव दिहुली मे जव 18 नवंबर 1981 को संतोष सिंह उर्फ संतोषा और राधेश्याम उर्फ राधे के गिरोह के द्वारा दलित समाज के लोगों के ऊपर हमला कर सामूहिक नरसंहार के जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। उसे समय वह क्षेत्र मैनपुरी का हिस्सा हुआ करता था।

### महाकुम्भ ने दुनिया को ...

पूरी दुनिया को दिया है। 'आस्था' आजीविका का माध्यम हो सकती है, 'संस्कृति' राष्ट्र की समृद्धि का कारक बन सकती है, महाकुम्भ-2025, प्रयागराज ने यह उदाहरण भी प्रस्तुत किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुम्भ-2025, प्रयागराज के आयोजन से जुड़े सभी लोगों का अभिनंदन।

### लोकतांत्रिक देश को...

को जमानत दे दी जो धोखाधड़ी के एक मामले में दो साल से अधिक समय से हिरासत में था। जांच पूरी हो जाने और आरोपपत्र दायर हो जाने के बावजूद, आरोपी की जमानत याचिका निचली अदालत और गुजरात उच्च न्यायालय दोनों ने खारिज कर दी थी। उच्चतम न्यायालय ने 2022 में जांच एजेंसियों पर उन संज्ञेय अपराधों में गिरफ्तारी करने पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिनमें हिरासत की आवश्यकता न होने पर अधिकतम सात साल तक की सजा हो सकती है। इसने निचली अदालतों से यह सुनिश्चित करके व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा करने का भी आग्रह किया था कि जमानत निष्पक्ष और समय पर दी जाए।

### बीते आठ वर्षों में करीब...

नवविवाहित जोड़ों को सम्मानपूर्वक विवाह करने का अवसर मिले। इस पहल ने सामाजिक भेदभाव को कम करने और हर वर्ग को समान अवसर देने की दिशा में महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना शुरू होने के बाद से हर वर्ष लाभार्थियों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। 2020-21 में 22,780 जोड़े इस योजना से लाभान्वित हुए थे, जबकि 2023-24 में यह संख्या 1,04,940 तक पहुंच गई। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में एक लाख से अधिक जोड़ों का विवाह संपन्न हो चुका है। चालू वित्तीय वर्ष के लिए योगी सरकार ने इस योजना के लिए 600 करोड़ रुपये का भारी भरकम बजट निर्धारित किया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार गरीब परिवारों की आर्थिक चिंता को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। योगी सरकार ने योजना के सुचारू क्रियान्वयन के लिए नगर निगम, नगर पंचायत, जिला प्रशासन और क्षेत्र पंचायतों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। लाभार्थियों की पहचान करने से लेकर विवाह समारोह की समुचित व्यवस्था तक, सभी कार्यों की निगरानी प्रशासन द्वारा की जाती है। योगी सरकार ने अब इस योजना के तहत एक समारोह में होने वाले विवाहों की संख्या को घटाकर 5 कर दिया है। पहले यह संख्या 10 हुआ करती थी, लेकिन अब हर आयोजन को अधिक प्रभावी और व्यक्तिगत जरूरतों के अनुसार संपन्न करने के लिए यह बदलाव किया गया है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना केवल विवाह समारोह तक सीमित नहीं है। योगी सरकार अब इस योजना से जुड़े नवविवाहित जोड़ों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम चला रही है। इस पहल से बेटियों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल रहा है। इस योजना से बेटियों को सम्मानजनक जीवन की शुरुआत करने का अवसर मिल रहा है, जिससे उनके माता-पिता की आर्थिक चिंता भी कम हो रही है। बेटियों की शादी के नाम पर कर्ज लेने वाले परिवारों को इस योजना से बहुत राहत मिली है। योगी सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ''सबका साथ, सबका विकास'' के विजन को वास्तविकता में बदल रही है। यह योजना सामाजिक समानता, आर्थिक सहयोग और पारिवारिक सुरक्षा का प्रतीक बन चुकी है। इस योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को शादी के लिए सहारा मिल रहा है, बेटियों को सुरक्षित भविष्य मिल रहा है और समाज में समरसता का माहौल बन रहा है।

### जम्मू-कश्मीर में...

''द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, किसी देश द्वारा किसी क्षेत्र पर सबसे लंबे समय तक अवैध कब्जा भारत के कश्मीर से संबंधित है। जयशंकर ने कहा, ''हम संयुक्त राष्ट्र गए। जो आक्रमण था उसे विवाद बना दिया गया। हमलावर और पीड़ित को एक ही श्रेणी में रखा गया। विदेश मंत्री ने कहा कि वैश्विक नियम-कायदे समान रूप से लागू किये जाने चाहिए। उन्होंने कहा, ''हमें एक मजबूत संयुक्त राष्ट्र की जरूरत है, लेकिन एक मजबूत संयुक्त राष्ट्र के लिए एक निष्पक्ष संयुक्त राष्ट्र की आवश्यकता है। एक मजबूत वैश्विक व्यवस्था में मानकों में कुछ बुनियादी स्थिरता होनी चाहिए।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने 7,166 करोड़ की जलापूर्ति योजनाओं का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अपने आवास से रिमोट के माध्यम से 'हर घर नल का जल' निश्चय अन्तर्गत 7,166 करोड़ 6 लाख रुपये लागत की जलापूर्ति योजनाओं सहित भवन संरचनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 83 करोड़ रुपये लागत की लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मुख्यालय भवन का भी शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन योजनाओं का शिलान्यास किया गया है, उसे समय से पूर्ण करें। 'हर घर नल का जल' योजना का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से करते रहें। सभी चीजों का मेंटेनेंस हो। हम लोगों का उद्देश्य है कि लोगों को नियमित रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो, इसमें किसी प्रकार की परेशानी न हो। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने हरित पौधा एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इससे पहले कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव ने बताया कि राज्य के लोगों को नियमित व निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करायी जा रही है। पेयजल गुणवत्ता के राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप राज्य सरकार सभी ग्रामीण परिवारों को 70 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन की दर से जलापूर्ति कर रही है जो राष्ट्रीय औसत से 16 लीटर अधिक है। 'हर घर नल का जल' निश्चय अन्तर्गत निर्मित सभी जलापूत्ति योजनाओं का संचालन एवं रख-रखाव लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 'हर घर नल का जल' योजना की प्रशंसा पूरे देश में हो रही है।

# उत्तरकाशी के कलस्टर विद्यालयों को मिली 15 बसें, मुख्यमंत्री धामी ने किया फ्लैग ऑफ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को देहरादून से उत्तरकाशी जनपद के कलस्टर विद्यालयों में परिवहन सुविधा के लिए 15 बसों का फ्लैग ऑफ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूली बच्चों के लिए बस की सुविधा उपलब्ध होने से उन्हें विद्यालय आवागमन की सहूलियत मिलेगी।

उत्तरकाशी जनपद के नगरीय क्षेत्र के 15 कलस्टर विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाये जाने के लिए उत्तरकाशी जिलाधिकारी डॉ. एम.एस. बिष्ट ने जिला खनिज न्यास फाउण्डेशन की मद व अनटाइड फण्ड से 15 बस क्रय की स्वीकृति दी। प्रति बस के लिए 20 लाख की दर से कुल 03 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। विकासखण्ड नौगांव के लिए 05, भटवाडी और डुण्डा के लिए 03-03, पुरोला के लिए 02, चिन्यालीसौड़ और विकासखण्ड मोरी के लिए 01-01 बस की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, विधायक भरत चौधरी, प्रमोद नैनवाल, सचिव शिक्षा रविनाथ रमन, जिलाधिकारी डॉ. एम.एस. बिष्ट, महानिदेशक शिक्षा बंशीधर तिवारी, निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ. मुकुल सती, बेसिक शिक्षा निदेशक अजय नौडियाल, जिला शिक्षा अधिकारी उत्तरकाशी शैलेन्द्र अमोली उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### फुलकाहा एएसआई मौत के मामले में थानाध्यक्ष और वाहन चालक होमगार्ड के जवान निलंबित

**अररिया।** जिला के फुलकाहा थाना में 12 मार्च की रात्रि अपराधी अनमोल यादव की गिरफ्तारी करने के बाद भीड़ द्वारा छुड़ा देने और धक्कामुक्की में एएसआई राजीव रंजन मल्ल की गिरकर सिर में चोट लगने के बाद मौत हो जाने के मामले में पूर्णिया डीआईजी प्रमोद कुमार मंडल ने बड़ी कार्रवाई की है।पूर्णिया डीआईजी ने फुलकाहा थानाध्यक्ष रौनक कुमार सिंह और छापेमारी के लिए गए पुलिस वाहन के चालक होमगार्ड के जवान अजय कुमार पासवान को निलंबित कर दिया है।अररिया जिला पुलिस की ओर से मंगलवार को एक रिलीज जारी कर यह जानकारी दी गई। एएसआई राजीव रंजन मल्ल की छापेमारी के क्रम में मौत मामले में फुलकाहा थाना में दर्ज प्राथमिकी पर यह कार्रवाई की गयी है,जिसका पर्यवेक्षण एवं छापामारी में हुई प्रशासनिक त्रुटि की जांच पूर्णिया पुलिस उप-महानिरीक्षक द्वारा की गयी। पूर्णिया डीआईजी के जांच में फुलकाहा थानाध्यक्ष रौनक कुमार सिंह की गैर जिम्मेदाराना नेतृत्व एवं लापरवाही पायी गई। थानाध्यक्ष के गैर जिम्मेदार,अपरिपक्व छापामारी रणनीति एवं लापरवाही, अनुशासनहिनता पाते हुए डीआईजी प्रमोद कुमार मंडल ने 18 मार्च से निलंबित कर दिया है तथा वाहन चालक गृह रक्षक अजय कुमार पासवान को पुलिस केन्द्र वापस किया गया है।

### बिहार के अधिकतर जिलों में 21 से 23 मार्च के दौरान बारिश-वज्रपात का अलर्ट

**पटना।** पटना स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक 21 से 23 मार्च के दौरान बिहार के कई जिलो में बारिश और वज्रपात की संभावना है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक 21 मार्च को बिहार के सुपौल, अररिया, किशनगंज, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, पटना, गया, जहानाबाद, नालंदा, नवादा, शेखपुरा, लखीसराय, बेगूसराय, भागलपुर, बांका, जमुई, मुंगेर और खगड़िया में बारिश के आसार है। 22 मार्च को बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, अरवल, पटना, गया, जहानाबाद, नालंदा, नवादा, शेखपुरा, लखीसराय, बेगूसराय, भागलपुर, बांका, जमुई, मुंगेर और खगड़िया में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। प्रदेश में 23 मार्च को भागलपुर, बांका, जमुई, मुंगेर, खगड़िया, सुपौल, अररिया, किशनगंज, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया और कटिहार में बारिश के साथ मेघ गर्जन और वज्रपात की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 48 घंटे में राज्य के अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान 32 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। बांका, मुंगेर, भागलपुर, शेखपुरा, खगड़िया और बेगूसराय जैसे जिलों में तापमान सामान्य से अधिक रह सकता है। मौसम विभाग ने लोगों को चेतावनी दी है कि 23 मार्च को संभावित वज्रपात और तेज बारिश के दौरान सावधानी बरतें और सुरक्षित स्थानों पर रहें।

### स्वामी रूपेन्द्र महाराज ने नागपुर में हुई हिंसा की निंदा की

**हरिद्वार।** प्राचीन अवधूत मण्डल आश्रम के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी रूपेन्द्र प्रकाश महाराज ने महाराष्ट्र के नागपुर में हुई हिंसा की निंदा की है। उन्होंने कहा कि हिंसा की घटना निंदनीय है। उन्होंने एक बयान में कहा कि औरंगजेब एक आक्रांता था, उसका इस देश में कोई सम्मान नहीं है। औरंगजेब के प्रति सम्मान का भाव रखना और उसको नायक बताना हमारे महापुरुषों का अपमान है। अपमान उन शहीदों का भी है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिए। उन्होंने घटना को लेकर महाराष्ट्र सरकार से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

### उत्तराखंड में एकीकृत पेंशन योजना के लिए अधिसूचना जारी

**देहरादून।** उत्तराखंड में एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) लागू करने को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह योजना राज्य में एक अप्रैल से आरंभ होगी। योजना के मुताबिक राजकीय विभागों में तैनात कर्मचारियों को यह नई पेंशन योजना अवकाश प्राप्ति के बाद वित्तीय सुरक्षा प्रदान करेगी। वित्त सचिव डॉ पी षणगुगम ने अधिसूचना राज्यपाल द्वारा अंगीकृत किए जाने के बाद लागू की है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद एक स्थिर और सुरक्षित जीवन प्रदान करना है। योजना का लाभ 1 जनवरी, 2004 के बाद सरकारी सेवा में शामिल हुए कर्मचारियों व अधिकारियों को लाभान्वित करेगी। योजना के तहत 25 साल की सेवा के बाद, सेवानिवृत्ति से पहले के अंतिम 12 महीनों के औसत वेतन का 50 फीसदी पेंशन के रूप में मिलेगा। न्यूनतम पेंशनर 10 साल की सेवा के बाद 10,000 रुपये प्रति माह पेंशन मिलेगी। पारिवारिक पेंशन कर्मचारी की मृत्यु होने पर, उनके परिवार को उनकी पेंशन का 60 फीसदी पारिवारिक पेंशन के रूप में मिलेगा। नई पेंशन योजना में वित्त पोषण 10 प्रतिशत कर्मचारी व 18.5 का योगदान सरकार का होगा।

### उत्तराखंड में बड़ा प्रशासनिक फ़ेरबदल

**देहरादून।** उत्तराखंड में बड़ा प्रशासनिक फ़ेरबदल किया गया है। आईपीएस रिद्धिम अग्रवाल को पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं की जिम्मेदारी दी गई है। एनएस नपलच्याल को निदेशक यातायात और अनंत शंकर ताकवाले को पुलिस महानिरीक्षक प्रशिक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा अरुण मोहन जोशी को पुलिस महानिरीक्षक एसडीआरएफ और योगेंद्र सिंह रावत को पुलिस महानिरीक्षक कार्मिक नियुक्त किया गया है। वहीं अरुण भारती को अपर पुलिस अधीक्षक जीआरपी और सुरजीत सिंह पंवार को हरिद्वार जिले का अपर पुलिस अधीक्षक एटीसी बनाया गया है। लोकजीत सिंह को देहरादून में अपर पुलिस अधीक्षक यातायात और स्वप्न किशोर सिंह को अपर पुलिस अधीक्षक एसटीएफ की जिम्मेदारी दी गई है जबकि जगदीश चंद्र को अपर पुलिस अधीक्षक नैनीताल बनाया गया है। उत्तराखंड सरकार ने 13 आईएएस समेत 16 अधिकारियों के दायित्व भी बदले हैं। सूची के अनुसार सचिव युगल किशोर पंत को भाषा विभाग का दायित्व दिया गया है। अपर सचिव सोनिका को नागरिक उड्डयन की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा अन्य अधिकारियों की जिम्मेदारियां भी बदली हैं।

### मुख्यमंत्री आवास में मधुमक्खियों के छत्ते से निकला 57 किलो शहद

**देहरादून।** मुख्यमंत्री आवास परिसर में मंगलवार को शहद निष्कासन कार्य किया गया। पहले चरण में 57 किलोग्राम शहद निकाला गया। इस बार लगभग 200 किलोग्राम तक शहद के निष्कासन का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने बी-कीपिंग कार्य को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लेते हुए शहद महोत्सव आयोजित करने के लिए उद्यान विभाग को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि महोत्सव में शहद से तैयार किए जाने वाले समस्त प्रोडक्ट रखे जाएं और हर साल शहद महोत्सव की एक तिथि को निर्धारित किया जाए।

# पतंजलि विवि में 62वीं अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार में मंगलवार को 62वीं अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा का शुभारंभ हुआ। इस स्पर्धा में देश के 30 राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों के 1500 विद्यार्थी और मार्गदर्शक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में देशभर से आए संस्कृत प्रेमी विद्वानों ने भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा के संरक्षण और संवर्धन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने की। कार्यक्रम का आयोजन 21 मार्च तक किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि संस्कृत केवल एक प्राचीन भाषा नहीं, बल्कि आध्यात्मिकता, विज्ञान और संस्कृति का अद्भुत संगम है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से हम इस अमूल्य धरोहर को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने में सफल होंगे। केन्द्रीय संस्कृत विवि के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने कहा कि संस्कृत भाषा केवल एक संप्रेषण का माध्यम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है। इसके संवर्धन के लिए युवा पीढ़ी का योगदान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा संस्कृत भाषा के संरक्षण और प्रचार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मंच है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को वैदिक साहित्य, दर्शन, व्याकरण, न्याय, ज्योतिष, साहित्य और संगीत जैसी विविध विधाओं में न केवल अपने ज्ञान का प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त होता है, वरन वे एक-दूसरे से सीखकर संस्कृत के गूढ़ रहस्यों में भी निपुण बनेंगे। इस स्पर्धा के माध्यम से संस्कृत के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और नई पीढ़ी में इस अमूल्य भाषा के प्रति रुचि और सम्मान उत्पन्न होगा। 62वीं अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा का यह आयोजन न केवल संस्कृत भाषा के गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत को संजाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। इस अवसर पर महर्षि पाणिनि संस्कृत वैदिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सी.जी. विजय कुमार और संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष डॉ. संध्या पुरेचा ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए संस्कृत के महत्व पर अपने विचार साझा किए। भारतीय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष एन.पी. सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## युवक ने युवती की चाकू मारकर की हत्या

पूर्वी चंपारण। एक सिरफिरा युवक ने 20 वर्षीय युवती की चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना रामगढ़वा थाना क्षेत्र के मलाही टोला चौक के पास की है। मृतिका नवकठवा गांव निवासी अंजली कुमारी है। सोमवार की देर शाम रामगढ़वा बाजार से खरीदारी करके अपने छोटे भाई के साथ अंजली लौट रही थी। तभी पहले से घात लगाए बैठे युवक ने उस पर चाकू से हमला कर दिया,जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घायल युवती को पुलिस ने तत्काल रामगढ़वा पीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने हमलावर को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। अंजली से आरोपित युवक प्रेम करता था। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ और युवक ने अंजली की हत्या कर दी। थानाध्यक्ष अमरजीत कुमार ने बताया कि आरोपित की पहचान कर ली गई है। पुलिस घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है।

# 30 साल की चाची 18 साल के प्रेमी भतीजे के साथ हुई फरार

कैनविज टाइम्स संवाददाता


पूर्वी चंपारण। जिला में एक 30 साल की चाची अपने 18 साल के प्रेमी भतीजे के साथ फरार हो गयी।फरार महिला अपने साथ 3 बच्चों को भी लेकर चली गई है। इस घटना की जानकारी पति को तब लगी जब वह होली पर अपने घर आया,जिसके बाद परेशान पति ने थाने में आवेदन देकर पत्नी और तीनों बच्चों की घर वापसी की गुहार लगाई है।घटना पूर्वी चंपारण जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र के दनही गांव का है। पीड़ित पति चुनमुन राम (35) ने बताया है,कि उनकी शादी 22 अप्रैल 2014 को हरसिद्धि थाना क्षेत्र के रमपुरवा गांव निवासी सुदामा राम की बेटी मनीषा देवी (30) से हुई थी। शादी के बाद दोनों के तीन बच्चे हुए और परिवार सामान्य तरीके से चल रहा था।2017 में मेरे पिता की मौत हो गई। जिस कारण मेरे ऊपर कर्ज हो गया। इस कारण मैं ज्यादातर समय बाहर रहकर कमाने लगा था। इसी बीच पत्नी और भतीजे आकाश कुमार (18) के प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। शुरुआत में मुझे शक नहीं हुआ, क्योंकि दोनों का रिश्ता चाची- भतीजे का था।अगस्त 2024 में मैं अपने घर आया। इस दौरान मनीषा लगातार फोन पर व्यस्त रहती थी। एक दिन मैंने अपनी आंखों से दोनों को एक कमरे में देख लिया। इसके बाद मैंने मनीषा को मायके भेज दिया। फिर मैं काम करने के लिए बाहर आ गया और तय किया कि होली के समय उसे वापस अपने साथ ले आएंगे। लेकिन होली पर जब मैं घर आया तो पता चला की मनीषा अपने प्रेमी आकाश के साथ भाग गई है। तीनों बच्चों को भी साथ ले गई है।

# केंद्र सरकार व आंदोलनरत किसानों की कल चंडीगढ़ में होगी बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब के खनौरी व शंभू बॉर्डर पर धरना दे रहे। किसानों की एक बैठक केन्द्र सरकार के साथ 19 मार्च को चंडीगढ़ में सुबह 11 बजे से होगी। इस सातवीं बैठक में शामिल होने के लिए केन्द्र सरकार ने मंगलवार को पंजाब के किसान संगठनों को एक पत्र भेजा है। दरअसल, फसलों की एमएसपी की लीगल गारंटी समेत 13 मुद्दों को लेकर किसानों की केंद्र सरकार से बातचीत चल रही है। केंद्र सरकार की तरफ से किसानों को मीटिंग का अधिकृत पत्र भेजा गया है। एक साल से संघर्षरत किसानों का साफ कहना है कि जब तक उनकी सुनवाई नहीं होती है, तब तक वह संघर्ष खत्म नहीं करेंगे। केंद्र सरकार का पत्र जारी होने के बाद किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि मीटिंग में दोनों फोरम के नेता शामिल होंगे। साथ ही वह इसमें अपना पक्ष रखेंगे। दूसरी तरफ मीटिंग में केंद्र सरकार के दो से तीन मंत्री व पंजाब सरकार के मंत्री शामिल होंगे। इससे पहले किसानों और केंद्र सरकार के बीच 22 फरवरी को मीटिंग हुई थी। इस मीटिंग की अध्यक्षता केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की थी। मीटिंग करीब साढ़े तीन घंटे तक चली थी। इस मीटिंग में किसानों ने केंद्र सरकार को दलील दी थी कि अगर केंद्र सरकार एमएसपी देने का फैसला लेती है तो किसी तरह के परेशानी नहीं आएगी। उन्होंने इस संबंधी कुछ तथ्य मीटिंग में पेश किए थे। इसके बाद केंद्र सरकार ने यह तथ्य किसानों से मांगे थे, ताकि वह अपनी माहिरों से इस बारे में राय ले ले। इसके बाद किसानों ने केंद्र को अपना सारा रिकॉर्ड भेज दिया था। बुधवार को चंडीगढ़ में होने वाली बैठक में केंद्र की तरफ से कौन-कौन मंत्री भाग लेंगे इस बारे में अभी कोई जानकारी जारी नहीं हुई है। इस बीच जगजीत सिंह डल्लेवाल का पंजाब-हरियाणा के खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन मंगलवार को 113वें दिन भी जारी रहा। उन्होंने केंद्र सरकार का पत्र मिलने के बाद वीडियो संदेश जारी कर कहा है कि 19 मार्च को जो हमारी केंद्र सरकार के साथ मीटिंग तय हुई थी। वह तय तारीख पर होगी। मीटिंग का समय पहले शाम पांच बजे था, जिसे बदलकर अब सुबह 11 बजे चंडीगढ़ में होगी।

# शिवनगरी उत्तरकाशी में शुरू हुई पंचकोसी यात्रा की तैयारियां



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तरकाशी (प्राचीन नाम सौम्य काशी) में भी बनारस की तर्ज पर हर साल चैत्र माह की त्रयोदशी तिथि को पौराणिक पंचकोसी यानी वारुणी यात्रा का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष यह यात्रा 27 मार्च को होगी। 15 किलोमीटर की पैदलयात्रा की शुरुआत वरुणा व गंगा के संगम स्नान से अस्सी और गंगा में स्नान पर संपन्न मानी जाती है। यात्रा में बसूंगा में मां रेणुका, कंडार देवता के लिंग दर्शन सहित साल्ड में जगन्नाथ, अष्टभुजा माता के दर्शन के बाद ज्ञाणजा गांव में ज्वाला देवी, वरुणावत शिखर पर व्यासकुंड और शिखरेश्वर महादेव के दर्शन होते हैं। कंडार देवता के दर्शन के बाद अस्सी गंगा स्नान होता है। इसके बाद श्रद्धालु भगवान विश्वनाथ के दर्शन कर पुण्य प्राप्ति की कामना करते हैं। यात्रा को लेकर ग्रामीणों ने तैयारियां शुरू कर दी है। पंडित सुरेश शास्त्री बताते हैं कि इस वर्ष यह यात्रा वारुणी योग में होगी। उन्होंने बताया कि यात्रा का उल्लेख स्कंद पुराण के केदारखंड में किया गया है। केदारखंड में यह भी लिखा गया है कि वरुणावत पर्वत पर साक्षात शिव का वास है। वे यात्रा का महत्व बताते हुए कहते हैं कि जो वरुणावत की पांच कोस की परिक्रमा करता है, उसे तैतीस करोड़ देवी-देवताओं के दर्शन का पुण्य मिलता है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063